

खेल

**रोहित-विराट के संन्यास पर बोले धोनी, कोई हमें न सिखाए कि कब खेलना बंद करना है**

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

दुमका,औरंगाबाद, आरा, एवं पटना से प्रकाशित





देश

**कांग्रेस सरकार ने मनरेगा को वापस लाने की मांग की, कर्नाटक विस में पेश वीबी जी राम जी...**

रजि नं.-JHAHIN/2022/82776

• दुमका • गुरूवार • 05 फरवरी 2026 • वर्ष 04 • अंक 351 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## मीडिया लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ, जनचेतना को जागृत करने में अहम भूमिका : राज्यपाल

एजेंसी। रांची

मीडिया समाज का सजग प्रहरी है और इसे लोकतंत्र का 'चतुर्थ स्तंभ' कहा जाता है। पत्रकारिता केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि जनचेतना को जागृत करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण आधार है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यह बात बुधवार को रांची प्रेस क्लब की ओर से रातू स्थित जेके इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट–2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल ने कहा कि मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होते, बल्कि आपसी सौहार्द, समन्वय और आत्मीयता को प्रगाढ़ करने का सशक्त माध्यम भी





होते हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट हमें धैर्य, रणनीति और सामूहिक प्रयास का महत्व सिखाता है। राज्यपाल ने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ संवाद के दौरान भी झारखंड में खेल प्रतिभाओं की असीम संभावनाओं पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि कम उम्र से ही प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए, तो राज्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर सकता है। उन्होंने खेलों के विकास में मीडिया की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जब मीडिया किसी खिलाड़ी की उपलब्धियों को प्रमुखता देता है, तो वह समाचार हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन जाता है और नई प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। राज्यपाल ने पत्रकारों से अपने आत्मीय संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि बरेली जनपद के पत्रकार साथी आज भी उनसे मिलने आते हैं, जो मीडिया और प्रशासन के बीच विश्वासपूर्ण संबंधों का परिचायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह टूर्नामेंट मीडिया जगत से जुड़े साथियों के बीच सहयोग, भाईचारे और सकारात्मक संवाद को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में संपन्न रांची प्रेस क्लब के चुनाव में निर्वाचित सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को बधाई दी। समारोह के दौरान राज्यपाल ने खिलाड़ियों से भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि मीडिया से जुड़े सभी साथी दिन-रात परिश्रम कर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में चुनावी हलचल बढ़ी, सेना ने संभाला मोर्चा



**एजेंसी, काठमांडू,** । नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के चुनाव के लिए हलचल तेज हो गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर आज से सेना ने भी मोर्चा संभाल लिया। नेपाली सेना के समन्वय में निष्पक्ष चुनाव के लिए चारों सुरक्षा निकायों की तैनाती की जा रही है। नेपाली सेना, नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल और राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग को एकीकृत रूप से परिचालित किया जा रहा है। एकीकृत सुरक्षा योजना के अनुसार, चुनावी प्रयोजन के लिए भर्ती किए गए 'निर्वाचन पुलिस' को भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात किया जाएगा। नेपाल पुलिस और निर्वाचन पुलिस मतदान स्थलों की भीतरी सुरक्षा करेगी। दूसरे स्तर की सुरक्षा घेराबंदी की जिम्मेदारी सशस्त्र प्रहरी बल की होगी। यह बल नेपाली सेना और नेपाल पुलिस के साथ समन्वय में कार्य करेगा। नेपाली सेना सुरक्षा घेराबंदी के बाहरी स्तर पर रहकर महत्वपूर्ण सुरक्षा जिम्मेदारी संभालेगी।

### काठमांडू से इस्तांबुल जा रहे विमान के इंजन में लगी आग, कोलकाता डाइवर्ट





**एजेंसी, काठमांडू,** । काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से तुर्की के इस्तांबुल के लिए उड़ान भरने वाले तुर्किश एयरलाइंस के विमान के दाहिने इंजन में आग लगने की घटना सामने आई है। इसके बाद फ्लाइट को भारत के कोलकाता की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विमानस्थल के महाप्रबंधक टेकनाथ सिटौला के अनुसार तुर्किश एयरलाइंस के विमान ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से बुधवार दोपहर 1:28 बजे उड़ान भरी, लेकिन उड़ान के चार मिनट के भीतर ही तुर्किश विमान के कप्तान ने दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना दी। इसके बाद चालक दल ने विमान को पश्चिम दिशा में मोड़ते हुए दाहिना इंजन बंद कर 10 से 12 मिनट तक होल्ड किया। उनके अनुसार तुर्किश एयरलाइंस का यह ए330–303 श्रृंखला का वाइड बॉडी विमान था, जिसमें कुल 225 यात्री सवार थे। दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना मिलते ही त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल को एहतियातन 15 मिनट के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया था।

### यूजीसी के नए नियम पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागतयोग्य : शांता कुमार



**एजेंसी, शिमला** । पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने यूजीसी द्वारा बनाए गए नए नियम पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि अदालत ने इस नियम पर रोक लगाकर सही दिशा में कदम उठाया है। शांता कुमार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यह नियम समाज को पीछे की ओर ले जाने वाला है, जबकि भारत का लक्ष्य जाति-विहीन समाज की स्थापना होना चाहिए। शांता कुमार ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह इतिहास का कड़वा सत्य है कि जिस समाज ने वेदों और उपनिषदों की रचना कर विश्व को महान आध्यात्मिक ज्ञान दिया, वही समाज बाद में सदियों तक विदेशी गुलामी का शिकार रहा।

# लोकसभा में विपक्ष के बार-बार के हंगामें के बीच कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित



एजेंसी, नई दिल्ली

विपक्ष के भारी हंगामें के कारण बुधवार को लगातार तीसरे दिन लोकसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी। बार-बार के व्यवधान और तीन स्थगनों के बाद लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया जिसके चलते पहले 12 बजे और फिर 02 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दोपहर बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई लेकिन वह भी अधिक देर तक नहीं चल सकी। इसके बाद सदन की कार्यवाही शाम 05 बजे तक के लिए स्थगित की गई। शाम को भी हंगामा जारी रहने पर लोकसभा को अगले दिन गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पार्टी और उसके शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुछ पुस्तकों का हवाला दिया। निशिकांत ने कहा कि एक किताब पर चर्चा चल रही है, किताब प्रकाशित नहीं हुई है। वे उन किताबों के बारे में बताना चाहते हैं जिनमें नेहरू परिवार कांग्रेस परिवार के बारे में लिखा गया है। यह किताबें छपी हुई हैं। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने लगातार विरोध किया, जिसके कारण कार्यवाही बाधित होती रही। पीठासीन अधिकारी ने उन्हें अध्यक्ष की व्यवस्था का हवाला देते हुए विषय से संबंधित बात रखने को कहा। दूसरी ओर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। इसके चलते सभा की कार्यवाही 5 बजे तक स्थगित कर दी गई। शाम में कार्यवाही शुरू होने पर भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी के बोलने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने फिर से हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सदस्य अध्यक्ष के आसन के समीप तक पहुंच गए, जिसके बाद लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वक्तव्य को लेकर पिछले दो दिनों से विवाद बना हुआ है। राहुल गांधी पूर्व थल सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक से जुड़े संदर्भ रखना चाहते थे, जिस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई। विपक्ष का आरोप है कि राहुल गांधी को अपनी बात रखने नहीं दी जा रही है।

### राष्ट्रपति का अभिभाषण परंपरा और प्रगति का संगम : नड्डा

**नई दिल्ली**। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर बुधवार को चर्चा जारी रखते हुए सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का ज़िक्र कर उन्होंने कहा कि सरकार इसपर भी चर्चा के लिए तैयार है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अस्वस्थ होने के बावजूद मुंबई से दिल्ली आए, ताकि लोकसभा में इस मुद्दे पर बयान दे सकें लेकिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाने के कारण उनका भाषण नहीं हो सका। उन्होंने दावा किया कि भारत–अमेरिका व्यापार समझौता संतुलित है और देशहित में है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का नजरिया संकीर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत की परंपराओं के साथ-साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने का स्पष्ट रोडमैप पेश करता है। बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत की अद्भुत विकास यात्रा का शक्तिशाली प्रतिबिंब हमें देखने को मिला है। हमारी सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत के साथ ही वर्ष-2047 के विकसित भारत का समावेश राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में किया है।

### जनगणना 2027 के दूसरे चरण में होगी जाति गणना, डिजिटल माध्यम से होगा पूरा अभ्यास

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना 2027 के दौरान जाति गणना की जाएगी। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए दो अलग-अलग प्रश्नों के लिखित उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि भारत में जनगणना का संचालन दो चरणों में किया जाता है। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलओ) के तहत मकान की स्थिति, संपत्ति, सुविधाओं आदि से संबंधित जानकारी एकत्र की जाती है। इस चरण के लिए प्रश्नों को 22 जनवरी को अधिसूचित किया जा चुका है। दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना में प्रत्येक व्यक्ति से जुड़े जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक तथा जाति संबंधी विवरण जुटाए जाएंगे। दूसरे चरण के प्रश्न, जिनमें जाति से जुड़े प्रश्न भी शामिल होंगे, चरण के आरंभ से पहले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अधिसूचित किए जाएंगे। मंत्री ने यह भी बताया कि जाति गणना को लेकर तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों के संगठनों से कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिन पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत विचार किया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल होगी। इसके लिए मोबाइल ऐप्स, जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी पोर्टल तथा स्व-गणना पोर्टल विकसित किए गए हैं। मोबाइल ऐप्स में ऑफलाइन डेटा संग्रह की भी सुविधा उपलब्ध होगी। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही कागजी माध्यम का उपयोग किया जाएगा, जिसे बाद में डिजिटाइज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणनाकर्मी घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र करेंगे, जिससे किसी भी व्यक्ति या परिवार के छूटने की संभावना नहीं रहेगी। स्व-गणना की सुविधा केवल एक अतिरिक्त विकल्प है। डेटा संग्रह, प्रसारण और सर्वर स्तर पर उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में किए दर्शन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पुरी में श्वेतगंगा में पिंडदान भी संपन्न किया

एजेंसी, भुवनेश्वर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा दौरे के तीसरे दिन बुधवार को पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व उन्होंने पारंपरिक पितृ कर्म भी संपन्न किए। पुरी पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सबसे पहले श्वेतगंगा में पिंडदान किया, जो पितृ अनुष्ठानों से जुड़ा एक पवित्र स्थल है। इसके बाद वह श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। मंदिर दर्शन के दौरान ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपटि और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहे। दर्शन



के उपरांत श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति को खंडुआ रेशमी वस्त्र और ओडिशा की पारंपरिक कला पट्टचित्र भेंट किया गया। इस पट्टचित्र में भगवान जगन्नाथ को केंद्र में रखते हुए दशावतार का सजीव चित्रण किया गया है। राष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। मंदिर में सुबह 10 बजे तक आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन स्थगित रहे, ताकि गोपाल वल्लभ भोग सहित सभी धार्मिक अनुष्ठानों का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 फरवरी से जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर

**एजेंसी, जम्मू** । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 फरवरी से जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे में सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें होने की उम्मीद है, जिनका उद्देश्य समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति और चल रही शासन एवं अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना है। भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने गृह मंत्री के दौरे को जम्मू-कश्मीर के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण संकेत बताया। उन्होंने बताया कि ऐसे दौरे सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल बढ़ाते हैं और आतंकवाद एवं अस्थिरता के प्रति सरकार की शून्य सहिष्णुता नीति की पुष्टि करते हैं। रंधावा ने कहा कि गृह मंत्री का जम्मू दौरा हमेशा स्वागत योग्य कदम होता है।

### एसआईआर पर ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- पश्चिम बंगाल निशाने पर क्यों

एजेंसी, नई दिल्ली


पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने करीब 20 मिनट अपनी बात रखी। ममता बनर्जी के आरोपों पर उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। जब ममता बनर्जी अपनी बात रख रही थीं तो कोर्ट ने उन्हें कई बार टोका, पर ममता बार-बार आग्रह करती रहीं। ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें कहीं इंसाफ नहीं मिल रहा है। इंसाफ दम तोड़ रहा है। ममता ने कहा कि उन्होंने निर्वाचन आयोग को छह पत्र लिखे, लेकिन आयोग ने पत्रों के जवाब तक नहीं दिए, जिसके बाद उन्हें कोर्ट आना पड़ा। मैं न्याय के लिए कहां जाऊं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि सिर्फ पश्चिम बंगाल को ही टारगेट क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब असम और अन्य उत्तरी राज्य, जहां चुनाव होने वाले हैं, वहां एसआईआर नहीं कराया जा रहा, तो फिर सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही यह प्रक्रिया क्यों अपनाई जा रही है। दूसरे राज्यों में ऐसी शर्तें नहीं रखी जाती। ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर केवल डिलीशन (हटाने) के लिए है, जोड़ने (इंक्लूजन) के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि एक लड़की ससुराल जाती है, तो उसके सरनेम को लेकर भी उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर्स भाजपा शासित राज्यों से लाए जा रहे हैं। तब निर्वाचन आयोग ने कहा कि राज्य सरकार सहयोग नहीं कर रही है, इसलिए माइक्रो ऑब्जर्वर्स दूसरे राज्यों से लाये जा रहे हैं।

**कूटनीतिक जीत** | **टैरिफ घटते ही उड़ी चीन-पाकिस्तान-बांग्लादेश की नींद**

# अब दुनिया में छाएंगे भारत के उत्पाद

एजेंसी, वॉशिंगटन

वैश्विक व्यापार के मोर्चे पर भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आने वाले उत्पादों पर लगने वाले भारी-भरकम 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर अब सीधे 18 प्रतिशत कर दिया है। इस ऐतिहासिक फैसले का सीधा अर्थ यह है कि अब अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान पहले की तुलना में काफी सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे, जिससे भारतीय निर्यातकों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खुल गए हैं। इस कटौती के बाद भारत अपने दक्षिण एशियाई पड़ोसियों और अन्य प्रमुख एशियाई



निर्यातक देशों की तुलना में काफी लाभप्रद स्थिति में आ गया है। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो पाकिस्तान को वर्तमान में अमेरिकी निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ रहा है, जबकि बांग्लादेश और श्रीलंका के लिए यह दर 20 प्रतिशत पर टिकी हुई है। हालांकि अफगानिस्तान के लिए यह दर 15 प्रतिशत है, लेकिन उसकी सीमित उत्पादन क्षमता के कारण भारत को वहां से किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं है। दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों जैसे वियतनाम (20 प्रतिशत), इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड (सभी 19 प्रतिशत) के मुकाबले भी भारत अब बढ़त बनाने में सफल रहा है। यह महत्वपूर्ण बदलाव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच 2 फरवरी को हुई एक उच्च स्तरीय फोन कॉल के बाद देखने को मिला है। इस बातचीत के तुरंत बाद ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिका भारत पर लगने वाले रेसिप्रोकल टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है।

इसके बदले में भारत भी अमेरिकी उत्पादों पर लगने वाली अपनी टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने पर सहमत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे भारतीय विनिर्माण क्षेत्र और मेड इन इंडिया उत्पादों के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले का सबसे गहरा असर चीन और भारत के पड़ोसी देशों पर पड़ेगा। चीन से अमेरिका जाने वाले सामानों पर फिलहाल 34 प्रतिशत का भारी टैरिफ लागू है, जो भारत की नई दर के मुकाबले लगभग दोगुना है। ऐसे में वैश्विक कंपनियां अब चीन के विकल्प के रूप में भारत को अधिक प्राथमिकता दे सकती हैं। दूसरी ओर, पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए यह दोहरी मार जैसा है। यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका में भारत को मिली यह रियायत इन देशों के कपड़ा और अन्य प्रमुख निर्यात उद्योगों के लिए बड़ा संकट पैदा कर सकती है।

## मणिपुर से हटा राष्ट्रपति शासन, खेमचंद सिंह के नेतृत्व में बनने जा रही सरकार

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मणिपुर में पिछले 1 साल से जारी राष्ट्रपति शासन को तत्काल प्रभाव से हटा लिया है। इसके साथ ही राज्य में फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले राजग गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 356 के अनुबंध 2 के तहत 13 फरवरी 2025 को मणिपुर राज्य से जुड़ी घोषणा को वापस ले लिया है।

दिल्ली में एकदिन पूर्व मंगलवार को युमनाम खेमचंद सिंह को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। उनके नेतृत्व में आज



राजग के वरिष्ठ नेताओं ने मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की और भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन के सरकार गठन के लिए समर्थन पत्र सौंपा। दिल्ली में पार्टी विधायकों की बैठक के बाद भाजपा नेता सिंह को नेता चुना गया। बाद में केंद्रीय पर्यवेक्षक तरुण चुघ ने पारंपरिक पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, मणिपुर प्रदेश अध्यक्ष अधिकारिमयूम शारदा देवी और पूर्वोत्तर के प्रभारी संबित पात्रा भी मौजूद रहे। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। पिछले साल फरवरी में जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में मजदूरों का हक मार रहीं 13 कंपनियां, डकार गईं 6 करोड़ का लेबर सेस

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड की कोयलानगरी धनबाद में लेबर सेस का बड़ा बकाया सामने आया है। श्रम विभाग के अनुसार, बीसीसीएल समेत कुल 13 कंपनियों पर 6 करोड़ 5 लाख 51 हजार 853 रुपये का लेबर सेस अब तक जमा नहीं किया गया है। इस बकाया की वजह से भवन और दूसरे निर्माण कार्यों में शामिल मजदूरों के लिए चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इन कंपनियों में रियल एस्टेट, निर्माण और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से जुड़ी इकाइयां शामिल हैं। श्रम विभाग का कहना है कि समय पर सेस की वसूली नहीं होने से मजदूरों को मिलने वाली सरकारी सहायता में लगातार देरी हो रही है। श्रम विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी कंपनी या व्यक्ति द्वारा कराए गए निर्माण कार्य की कुल लागत का एक प्रतिशत लेबर सेस के रूप में जमा करना अनिवार्य है। यदि संबंधित कंपनी समय पर यह राशि जमा नहीं करती है, तो उसके खिलाफ नीलाम पत्र वाद दायर किया जाता है। इसके बाद बकाया राशि पर दो प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज जोड़कर वसूली की जाती है। बावजूद इसके कई कंपनियां लंबे समय से सेस का भुगतान नहीं कर रही हैं ।लेबर सेस की राशि से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य सहायता, छात्रवृत्ति, विवाह सहायता, मातृत्व लाभ, औजार अनुदान और पेंशन जैसी योजनाएं संचालित की जाती हैं। सेस की वसूली नहीं होने से इन योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर परेशानी आ रही है। पात्र मजदूरों को समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका आर्थिक और सामाजिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

### मुरादाबद से आसनसोल पहुंचे संग्रह मौर्य, रेल मंडल प्रबंधक का संभाला कार्यभार

**आसनसोल/धनबाद, एजेंसी।** पूर्व रेलवे के आसनसोल रेल मंडल के नए रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने मंगलवार शाम कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान मंडल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने औपचारिक रूप से मंडल का कार्यभार संग्रह मौर्य को सौंप दिया। नए डीआरएम संग्रह मौर्य भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा (आइआरईएस) 1996 बैच के ग्रुप ए अधिकारी हैं। उन्होंने आइआइटी दिल्ली से स्ट्रक्चर्स में एम टेक और दिल्ली कालेज आफ इंजीनियरिंग से सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री हासिल की है। आसनसोल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण करने से पहले वह उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले उन्होंने मणिपुर परियोजना के लिए मुख्य इंजीनियर (निर्माण) और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में मुख्य इंजीनियर (डिजाइन) के रूप में काम किया। उन्होंने इरकान (आइआरसीओएन) इंटरनेशनल लिमिटेड में भी काम किया, जहां वे प्रतिष्ठित उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक परियोजना से निकटता से जुड़े थे और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में जटिल सुरंग और पुल निर्माण कार्यों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इन्होंने ने उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (ट्रैक) के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं, जहां उन्होंने संरक्षा बढ़ाने और ट्रैक विकास कार्यों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।वही दूसरी ओर पूर्व डीआरएम विनिता श्रीवास्तव को रेल प्रशासन द्वारा पांच माह में डीआरएम पद से हटाए जाने के बाद दो जनवरी को कार्यवाहक डीआरएम का कार्यभार निवर्तमान डीआरएम सुधीर कुमार शर्मा ने एक माह के कार्यकाल के दौरान रेल मंडल के विभिन्न जगहों में सुरक्षा संरक्षा की जायजा गंभीरता के साथ लिया। उन्होंने एक माह की कार्यकाल में दौरान रेलवे अधिकारियों सहित स्थानीय प्रशासन सहित आम लोगों के बीच अमिट छाप छोड़ गए।

### तनिष्क ज्वेलर्स लूट प्रयास में दो अपराधी गिरफ्तार

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो के सिटी सेंटर स्थित तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में 11 जनवरी 2026 को हुई लूट के प्रयास की घटना में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सेक्टर–4 थाना में 12 जनवरी 2026 को अज्ञात अपराधियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास के साक्ष्यों को खंगालते हुए आरोपियों की पहचान की और 2 फरवरी 2026 को बेगूसराय, बिहार से दोनों संदिग्धों को हिरासत में लिया। इसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए बोकारो लाया गया ।बोकारो लाकर की गई सघन पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में लूट के प्रयास में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक पिट्ठूबैग और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, ये सामान वारदात में इस्तेमाल किए जाने वाले थे ।गिरफ्तार अपराधियों की पहचान प्रिंस कुमार (20 वर्ष), पिता बिरजू महतो और मो। समशाद (24 वर्ष), पिता मो। मुख्तार के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बिहार के बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र के रहने

# जमशेदपुर के नामी स्कूल में खूनी झगड़ा!

## क्लास 7 के बच्चे ने मोजे से निकाला चापड़, पुलिस थाने ले गई

**जमशेदपुर, एजेंसी।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित रामकृष्ण मिशन स्कूल में मंगलवार को सातवीं कक्षा के दो छात्रों के बीच हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया।

झगड़े के दौरान एक छात्र ने दूसरे छात्र पर चापड़ से हमला कर दिया, जिससे स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में एक छात्र घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के शिक्षक और कर्मचारियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों छात्रों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद सिदगोड़ा थाना की पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों छात्रों को अपने साथ थाना ले गई, जहां उनसे पूछताछ की गई। हमला करने वाले छात्र ने चापड़ को अपने मोजे में छिपाकर रखा था।

किसी बात को लेकर दोनों छात्रों के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने घटनास्थल से चापड़ बरामद कर लिया है। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई गई।

इलाज के बाद छात्र को पुनः स्कूल लाया गया। पुलिस ने दोनों छात्रों के अभिभावकों को थाना बुलाया। आपसी बातचीत के बाद और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों ने आपसी सहमति से मामले में सुलह कर ली।

हालांकि, स्कूल प्रबंधन ने इस घटना को अनुशासनहीनता का गंभीर मामला मानते हुए दोनों छात्रों को नोटिस जारी किया है। पुलिस पूरे मामले की



जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि छात्र के पास चापड़ कैसे पहुंचा और विवाद की असली वजह क्या थी।

गौरतलब है कि शहर में हाल के दिनों में चापड़बाजी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इससे पहले कदमा थाना क्षेत्र और बिष्टुपुर स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में भी छात्रों के आपसी विवाद के दौरान इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

चापड़ (या चापड़बाजी) एक छोटा, छिपाने में आसान तेज धार वाला हथियार है, जो अक्सर स्कूलों में छात्रों के बीच झगड़ों में इस्तेमाल होता है। यह चाकू से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है क्योंकि इसे आसानी से छिपाया जा सकता है और एक झटके में गहरी चोट पहुंचा सकता है। शहर में हाल के महीनों में ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं, जो जुवेनाइल हिंसा और स्कूल सेफ्टी की बड़ी समस्या दर्शाती हैं।

यह पहली घटना नहीं है। हाल ही में कदमा थाना क्षेत्र और बिष्टुपुर के मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में भी छात्रों के विवाद में चापड़/चाकू जैसी घटनाएं सामने आई हैं। इससे साफ है कि शहर के कुछ स्कूलों में छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप ले रहे हैं, जिसके पीछे एंगर मैनेजमेंट की कमी, पीयर प्रेशर, सोशल मीडिया प्रभाव या घरेलू माहौल जैसी वजहें हो सकती हैं।

### एसीबी की बड़ी कार्रवाई,

# आयुष पदाधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



**रांची/चतरा, एजेंसी।** झारखंड राज्य के चतरा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। हजारीबाग एसीबी की टीम ने चतरा के जिला आयुष पदाधिकारी राम प्रकाश वर्मा को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

मिली जानकारी के अनुसार, जिला आयुष पदाधिकारी राम प्रकाश वर्मा टंडवा में पदस्थापित आयुष चिकित्सक डॉ। प्रिया कुमारी से एक मामले में अनुकूल कार्रवाई के बदले रिश्वत की मांग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि डॉ। प्रिया कुमारी नियमित रूप से टंडवा में सेवा नहीं देती थीं और इसके बदले पहले घूस दी जाती थी। बाद में जब दोनों के बीच सहमति नहीं बनी, तो डॉ। प्रिया कुमारी ने हजारीबाग एसीबी से संपर्क कर इसकी शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का गुप्त सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद छ्क्रने जाल बिछाया और जैसे ही जिला आयुष पदाधिकारी ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से तैनात टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद चतरा स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपी अधिकारी को अपने साथ हजारीबाग ले गई, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। एसीबी इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और विभाग में संभावित भ्रष्टाचार नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

### गिरिडीह के एक घर में लगी भीषण आग,

# अनाज-कपड़े समेत सारा सामान जलकर खाक

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत झगरुडीह गांव में मंगलवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मुमताज अंसारी के घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में पूरा घर इसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे।

आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें घर से सामान निकालने तक का मौका नहीं मिल सका।इस अग्निकांड में लगभग 10 से 15 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

आग लगते ही आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए डीजल पंप मशीन और बाल्टियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। शुरुआत में लोगों



को उम्मीद थी कि आग पर काबू पा लिया जाएगा, लेकिन तेज हवा और आग की विकराल लपटों के कारण उनके प्रयास नाकाम साबित हुए।

देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इस दौरान पीड़ित परिवार के सदस्य सदमे में नजर आए और अपनी आंखों के सामने घर को जलते देख बेबस खड़े रहे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अग्निशमन विभाग की टीम दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के लिए जेसीबी मशीन की भी मदद ली गई। दमकल कर्मियों को आग तक पहुंचने और फैलाव रोकने के लिए घर के कुछ हिस्सों को तोड़ना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद

# गैर-दलीय निकाय चुनाव पर घमासान, मेयर प्रत्याशी घोषणा पर भाजपा ने निर्वाचन आयोग का खटखटाया

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव गैर-दलीय आधार पर कराए जाने के राज्य सरकार के निर्णय के बावजूद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा पार्टी के लेटर पैड पर मेयर प्रत्याशी के नाम की घोषणा किए जाने से सियासी विवाद गहरा गया है। इस मामले को गंभीर बताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य निर्वाचन आयोग का दरवाज़ा खटखटाया है।



मंगलवार को भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि झामुमो ने चुनावी नियमों और आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया है। भाजपा ने इस पूरे प्रकरण में संबंधित पार्टी पदाधिकारी और घोषित उम्मीदवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। भाजपा के अनुसार, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 27 जनवरी 2026 को स्थानीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके बावजूद झामुमो के देवघर जिला अध्यक्ष द्वारा 20 जनवरी 2026 को पार्टी के लेटर पैड पर देवघर नगर निगम के लिए मेयर पद के उम्मीदवार के रूप में रवि कुमार राउत के नाम की घोषणा की गई। भाजपा का कहना है कि जब राज्य सरकार स्वयं यह स्पष्ट कर चुकी है कि नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं कराए जाएंगे, तब किसी राजनीतिक दल द्वारा अपने पार्टी चिन्ह और लेटर पैड का उपयोग कर उम्मीदवार की घोषणा करना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है।

भाजपा ने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि राज्य सरकार ने शपथ पत्र के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय को यह भरोसा दिलाया था कि नगर निकाय चुनाव गैर-दलीय होंगे। ऐसे में झामुमो की यह कार्रवाई न केवल आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि उच्च न्यायालय के समक्ष दिए गए आश्वासन की अवहेलना भी है। भाजपा ने राज्य निर्वाचन आयोग से मांग की है कि झामुमो के देवघर जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा और मेयर पद के घोषित उम्मीदवार रवि कुमार राउत के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाए।

# बदल रहा मौसम का मिजाज, 48 घंटे बाद फिर बढ़ेगी ठंड

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में अगले दो दिनों तक तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। जिस कारण मौसम का मिजाज यूं ही बना रहेगा।

इसके बाद अगले तीन दिनों तक यानी 6, 7 और 8 फरवरी को न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। जिससे ठंड का असर दोबारा बढ़ सकता है।

इस संबंध में मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने अपना पूर्वानुमान जारी कर दिया है। मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर फरवरी माह के अंत तक बना रहेगा।

दो दिनों तक राहत मिलने की संभावना है, लेकिन इसके बाद तीन दिनों तक ठंड का असर बढ़ेगा। मंगलवार को राजधानी व आसपास के जिलों में देर शाम ठंडी हवा का असर बढ़ने लगा है।

राज्य में कहीं कहीं कोहरा या आंशिक रूप से बादल छाने की संभावना है और मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विज्ञानी ने मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन से सतर्क रहने की सलाह दी है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया तापमान में यह उतार-चढ़ाव फिलहाल बना रहेगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। राज्य में कहीं कहीं पर हल्के और मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31।4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 8।4 डिग्री गुमला का रिकार्ड किया गया।

वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 26।4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 13।2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो दिनों यानी 4 और 5 फरवरी को न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

# चतरा में टीएसपीसी ने निर्माण स्थल पर किया हमला

**चतरा, एजेंसी।** चतरा जिले के टंडवा कोयलांचल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने लेवी की मांग को लेकर दहशत फैलाने वाली वारदात को अंजाम दिया है। हथियारबंद उग्रवादियों ने टंडवा थाना क्षेत्र के कबरा इलाके में दो अलग-अलग निर्माण स्थलों पर हमला कर फायरिंग की, मजदूरों के साथ मारपीट की और निर्माण कार्य पूरी तरह ठप करा दिया।

जानकारी के अनुसार, करीब पांच हथियारबंद उग्रवादी सबसे पहले खधैया स्थित कबरा पुल निर्माण स्थल पर पहुंचे। वहां उन्होंने दहशत फैलाने के इरादे से हवाई फायरिंग की और काम कर रहे मुंशियों व मजदूरों के साथ बेरहमी से मारपीट की। उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगी एक पोकलेन मशीन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और मजदूर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

पुल निर्माण स्थल पर हमला करने के बाद उग्रवादी कबरा के ही गरवईया टोला पहुंचे, जहां जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था। यहां भी उग्रवादियों ने दो राउंड फायरिंग की, जिससे पूरे इलाके में भगदड़ मच गई। मजदूर जान बचाने के लिए छिप गए, लेकिन



उग्रवादियों ने उन्हें ढूंढ निकाला और उनके साथ मारपीट की।

वारदात के बाद से दोनों निर्माण स्थलों पर काम करने वाले मजदूर इतने सहमे हुए हैं कि उन्होंने काम पर लौटने से इनकार कर दिया है। उग्रवादियों ने जाते-जाते अपनी पहचान टीएसपीसी संगठन के रूप में बताई और ठेकेदारों व मुंशियों को चेतावनी दी कि 'जब तक कौशल जी से बात नहीं होगी, तब तक एक इंच भी काम आगे नहीं बढ़ेगा।' इसके साथ ही उन्होंने संपर्क के लिए तीन मोबाइल नंबर भी जारी किए, जिसे पुलिस लेवी की सीधी मांग मान रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए चतरा एसपी स्वयं दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मजदूरों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी के निर्देश पर टंडवा थाना प्रभारी अनिल उरांव, एसडीपीओ

# होमगार्ड जवानों ने खोला मोर्चा, डीजी के नए आदेश के खिलाफ दिल्ली कूच की तैयारी

**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन महानिदेशालय, अग्निशमन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड नई दिल्ली की ओर से अब सभी राज्यों के होमगार्ड जवानों की रोटेशन पर ड्यूटी देने का आदेश जारी किया है।

इससे जवानों में नाराजगी है। महानिदेशालय के इस आदेश को लेकर जवानों में रोष है। जवानों ने साफ तौर पर कहा है कि एक तो उन्हें ड्यूटी कम मिलती है और उस पर रोटेशन सिस्टम लागू करने से उन्हें बहुत कम काम मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी असर होगा।

मामले को लेकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने महानिदेशालय से इस आदेश को वापस लेने अन्यथा नई दिल्ली स्थिति कार्यालय का घेराव करने की घोषणा किया है।

महानिदेशालय ने अपने जारी आदेश पत्र में कहा है कि होमगार्ड एक स्वायत्त निकाय है, जो संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से बनाए गए प्रविधानों के तहत कार्य करती है।

गृह मंत्रालय की ओर से इसे स्वयंसेवी संगठन माना



गया है। जवानों की भर्ती स्वयंसेवकों के तौर पर की जाती है और उन्हें अस्थायी, आवश्यकता आधारित तथा गैर स्थायी आधार पर ड्यूटी दी जाती है।

महानिदेशालय ने यह भी बताया है कि जवानों को बिना विश्राम दिए लंबे समय तक कार्य लिया जा रहा है। ऐसे में स्वयंसेवक नियमितकरण करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में इनके दीर्घकालिक तैनाती प्रथा को बंद किया जाता है। महानिदेशालय ने सभी राज्यों को यह आदेश दिया है कि होमगार्ड जवानों की तैनाती रोटेशन के आधार पर किया जाए। महानिदेशालय के इसी आदेश के खिलाफ जवानों में नाराजगी है।

# कोल्हान के 'दद्दू' अब नहीं रहे: 600 पदकों के धनी टिपरिया तियु का निधन

13

चाईबासा, एजेंसी। झारखंड के खेल जगत के लिए यह अत्यंत दुःखद क्षण है। वरिष्ठ एथलीट, कुशल प्रशिक्षक और खेल आंदोलन के सशक्त स्तंभ रहे 'कोल्हान के दद्दू' टिपरिया तियु का निधन हो गया है।

उनके जाने से न केवल पश्चिमी सिंहभूम जिला, बल्कि पूरा राज्य एक ऐसे व्यक्तित्व से वंचित हो गया है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन खेल, अनुशासन और युवा निर्माण को समर्पित कर दिया।

टिपरिया तियु ने 19 वर्ष की उम्र में टाटा स्टील में नौकरी पाने के उद्देश्य से दौड़ना शुरू किया था। तब उन्होंने नहीं सोचा था कि एथलेटिक्स ही उनका जीवन-मार्ग और पहचान बन जाएगा।

समय के साथ दौड़ उनका शौक, साधना और फिर प्रोफेशन बन गई। कड़ी मेहनत, अनुशासन और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर उन्होंने खेल के क्षेत्र में वह मुकाम हासिल किया, जो विरले ही किसी को नसीब होता है।



अपने लंबे और गौरवशाली खेल जीवन में उन्होंने इंटर डिस्ट्रिक्ट, नेशनल, एशियाड एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए 106 स्वर्ण पदकों सहित कुल लगभग 600 पदक अपने नाम किए।

यह उपलब्धि उन्हें झारखंड ही नहीं, बल्कि देश के सफल मास्टर्स एथलीटों की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करती है। 73 वर्ष की उम्र में भी उनकी खेल प्रतिबद्धता प्रेरणादायक रही।

वे आगामी 35वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप (24-25 फरवरी) की तैयारी में जुटे थे और प्रतिदिन लगभग 10 किलोमीटर दौड़ लगाते थे। उनका जीवन इस बात का जीवंत उदाहरण रहा कि उम्र कभी भी संकल्प और मेहनत के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड के महज 80 घरों वाले छोटे से गांव गिंडीमुंडी से निकलकर उन्होंने जो पहचान बनाई, वह हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा है।

दौड़ के साथ-साथ उन्हें आर्चरी और फुटबॉल में भी गहरी रुचि थी। विशेष रूप से खेल प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। उन्होंने अब तक लगभग 1300 एथलीटों को प्रशिक्षण देकर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया।

तियु केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी खेल शिक्षक भी थे। जिले में महिला फुटबॉल की शुरुआत कर उन्होंने खेल में लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

रांची में आयोजित नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप और झारखंड राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वे लगातार अपने शिष्यों का मार्गदर्शन करते रहे।

उनका निधन झारखंड के खेल इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय के समाप्त होने जैसा है। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए संघर्ष, समर्पण और अनुशासन की जीवंत मिसाल

# सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है: मॉडल कॉलेज राजमहल में विशेष जागरूकता कार्यशाला आयोजित

संवाददाता



**साहेबगंज/राजमहल।** मॉडल कॉलेज राजमहल में बुधवार, 04 फरवरी 2026 को 'सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा' विषय पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। यह कार्यशाला भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI), इंडियन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड और मॉडल कॉलेज राजमहल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महान स्वतंत्रता सेनानी सिदो-कान्हु मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत, प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से अंगवस्त्र और 'ग्रीन वेलकम' के रूप में पौधे भेंट कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए NHAI के मैनेजर अनुराग गुप्ता ने कहा, "सड़क सुरक्षा केवल कागजी नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि यह अपने और दूसरों के जीवन की रक्षा का एक संकल्प है। युवाओं को इसका अग्रदूत बनना होगा।" वहीं, रोड सेफ्टी ऑडिटर मिलिंद जांबले ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से बहुत ही रोचक ढंग से यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता, निर्धारित गति सीमा और सड़क संकेतों की जानकारी दी। उन्होंने एक 'क्विज' (प्रश्नोत्तरी) सत्र भी आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सफल और जिज्ञासु विद्यार्थियों के सवालों का विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने NHAI और इंडियन इंफ्राटेक के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी न केवल इन नियमों को स्वयं अपनाएं, बल्कि समाज में इसके प्रचारक (ब्रांड एंबेसडर) बनकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रमजान अली ने किया। इस अवसर पर NHAI के साइट इंजीनियर आशुतोष श्रीवास्तव, मॉडल कॉलेज के डॉ. अमित कुमार, डॉ. हसनैन, डॉ. जेबा, प्रो. सविता, प्रो. ग्लोरिया सहित महाविद्यालय के सभी कर्मचारी और सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इसके माध्यम से समाज को न केवल 'सुरक्षित यातायात' बल्कि 'हरित और स्वच्छ वातावरण' बनाए रखने का भी कड़ा संदेश दिया गया।

# साहेबगंज: नियमित टीकाकरण और 'जीरो डोज' बच्चों की ट्रैकिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग की बड़ी पहल, जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

संवाददाता



**साहेबगंज ।** जिले में नियमित टीकाकरण (Routine Immunization) कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने तथा डेटा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, साहिबगंज और JSI R AND T इंडिया फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने टीकाकरण की गुणवत्ता सुधारने का संकल्प लिया।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़ी डेटा गुणवत्ता की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना था। कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि सटीक डेटा और पारदर्शी रिपोर्टिंग के माध्यम से ही टीकाकरण के लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल किया जा सकता है। प्रतिभागियों को डेटा एनालिटिक्स, बेसलाइन एसेसमेंट और लाभार्थियों की सटीक ट्रैकिंग के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यशाला के दौरान जिले में नियमित टीकाकरण की प्रमुख प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से 'जीरो डोज' (Zero Dose) बच्चों (वे बच्चे जिन्हें जन्म के बाद एक भी टीका नहीं लगा है) की पहचान, उनकी प्रभावी ट्रैकिंग और उन्हें पूर्ण टीकाकरण कवरेज के दायरे में लाने के लिए एक ठोस कार्य योजना (Strategic Interventions) पर फोकस किया गया।

प्रतिभागियों को कार्यक्रम में सुधार हेतु निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई:

**नियोजन बनाम कार्यान्वयन:** आयोजित सत्रों (Sessions Held) की तुलना नियोजित सत्रों (Sessions Planned) से करना।

**पूर्ण टीकाकरण:** पूर्ण टीकाकरण प्राप्त बच्चों (Fully Immunized Children) की वर्तमान स्थिति की समीक्षा।

**क्षमता वृद्धि:** क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए ताकि वे फील्ड में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

विशेषज्ञों ने डेटा आधारित निर्णय लेने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यशाला के समापन पर यह संकल्प लिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और रणनीतियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

जिला प्रशिक्षण पदाधिकारी, साहिबगंज ने इस सफल आयोजन के लिए सहयोगी संस्थाओं, विशेषज्ञों और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से साहिबगंज जिले में टीकाकरण की दर में उल्लेखनीय सुधार होगा और कोई भी बच्चा सुरक्षा चक्र से बाहर नहीं रहेगा।

# साहेबगंज: वार्ड नंबर 15 से विजय कुमार यादव ने भरा नामांकन, विकास को बताया मुख्य मुद्दा





संवाददाता

**साहेबगंज।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन साहिबगंज में राजनीतिक सरगर्मी अपने चरम पर रही। अध्यक्ष पद से लेकर विभिन्न वार्ड पार्षदों के पदों के लिए प्रत्याशियों ने भारी उत्साह के साथ अपना पर्चा दाखिल किया। इसी क्रम में, वार्ड संख्या 15 से पार्षद पद के सशक्त उम्मीदवार विजय कुमार यादव ने अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विजय कुमार यादव ने अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी बासुकीनाथ टुडू के समक्ष अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन पत्र औपचारिक रूप से जमा किया। नामांकन के दौरान अनुमंडल कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे, जो उनके समर्थन में नारे लगाते और जीत का भरोसा जताते दिखे। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद मीडिया से बात करते हुए विजय कुमार यादव ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा: "वार्ड का सर्वांगीण विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। आज भी वार्ड के कई हिस्सों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, जर्जर सड़कें और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। अगर जनता मुझे अपना आशीर्वाद देकर सेवा का अवसर प्रदान करती है, तो मैं इन सभी समस्याओं को दुरुस्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा। मेरा लक्ष्य वार्ड नंबर 15 को एक आदर्श वार्ड बनाना है।" नामांकन के इस अवसर पर विजय कुमार यादव के साथ मुख्य रूप से मुन्ना अंसारी, महेश राम, और उमेश यादव समेत भारी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद थे। समर्थकों का कहना था कि विजय कुमार यादव जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं और वार्ड की समस्याओं को बखूबी समझते हैं। नामांकन के अंतिम दिन विजय कुमार यादव के मैदान में उतरने से वार्ड नंबर 15 का चुनावी मुकाबला और भी रोचक हो गया है। अब देखना यह होगा कि आगामी चुनाव में जनता विकास के वादों पर कितना भरोसा जताती है।

# साहेबगंज: वार्ड 17 से अन्नु गुप्ता ने दाखिल किया नामांकन; विकास और जनसेवा को बताया मुख्य मुद्दा

संवाददाता



**साहेबगंज।** नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर साहिबगंज में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में नामांकन के अंतिम दिन वार्ड संख्या 17 से पार्षद पद की सशक्त उम्मीदवार अन्नु गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुँचकर निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके मैदान में उतरने से वार्ड नंबर 17 का मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है।नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद अन्नु गुप्ता ने वार्डवासियों को संबोधित करते हुए अपना विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि वार्ड की उन बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान करना है जो वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने जनता से भावुक अपील करते हुए कहा, "मुझे एक बार सेवा का अवसर दें, ताकि मैं वार्ड के सर्वांगीण विकास में आपकी सहभागी बन सकूँ।"

अन्नु गुप्ता ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए वार्ड के विकास के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया:

**स्वच्छता और जल:** वार्ड में साफ-सफाई की आधुनिक व्यवस्था और घर-घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता।

बुनियादी ढांचा: जर्जर सड़कों और नालियों का नवनिर्माण।

**सुरक्षा:** पूरे वार्ड में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था ताकि रात में सुरक्षा बनी रहे।

**त्वरित निस्तारण:** जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था बनाना।

नामांकन के बाद अन्नु गुप्ता ने विश्वास जताया कि जनता विकास और जनसेवा के आधार पर ही अपना प्रतिनिधि चुनेगी। उन्होंने वादा किया कि यदि उन्हें जीत हासिल होती है, तो वे समाज के हर वर्ग को साथ लेकर पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेंगी। नामांकन के दौरान अन्नु गुप्ता के साथ भारी संख्या में महिला और पुरुष समर्थक मौजूद रहे। मुख्य रूप से दिशा चटर्जी, सीमा मिश्रा, स्वीटी देवी, शालिनी मिश्रा, अनीता देवी, सरोज पाण्डेय, गौरव चौधरी, राजीव पाण्डेय, अंकुर गुप्ता और किशन गुप्ता सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने उनकी जीत के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

# साहेबगंज: राधानगर में जमीन विवाद ने लिया खूनी रूप, कटहलबाड़ी भट्टा में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की हत्या

संवाददाता



**साहेबगंज/राधानगर।** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहलबाड़ी भट्टा में मंगलवार को जमीन के मामूली विवाद ने भयानक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटहलबाड़ी भट्टा क्षेत्र में दो पक्षों के बीच जमीन के एक टुकड़े को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। मंगलवार को इसी विवाद ने तूल पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आवेश में आकर एक पक्ष ने लाठी-डंडों और अन्य घातक हथियारों से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। इस हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या की सूचना मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में पुलिस गश्त (Patrolling) बढ़ा दी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। राधानगर थाना पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। इस जघन्य हत्याकांड की स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ी निंदा की है और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा है कि कानून को हाथ में लेने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# वार्ड 14 से गीता देवी ने भरा नामांकन; कहा- 'जनता ने मौका दिया तो बदल दूंगी वार्ड की सूरत'

**साहेबगंज।** नगर निकाय चुनाव-2026 के लिए नामांकन के अंतिम दिन साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र में भारी गहमागहमी रही। इसी क्रम में, वार्ड नंबर 14 से पार्षद पद की प्रत्याशी गीता देवी ने अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुँचकर निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद मीडिया से बातचीत में गीता देवी ने वार्ड की जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने कहा, "वार्ड नंबर 14 की जनता बहुत ही सरल और भोली-भाली है। यदि यहाँ की सम्मानित जनता मुझे जनसेवा का एक अवसर प्रदान करती है, तो मैं विश्वास दिलाती हूँ कि मैं अपने वार्ड का नक्शा बदल दूंगी। गीता देवी ने अपनी भावी योजनाओं का खाका रखते हुए निम्नलिखित प्राथमिकताओं को गिनाया: नियमित स्वच्छता: वार्ड की गलियों और नालियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करना। पेयजल और बिजली: शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करना। सरकारी योजनाएं: जरूरतमंद और गरीब लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं (जैसे पेंशन, राशन आदि) का सीधा लाभ दिलाना। सौंदर्यीकरण: वार्ड को सुंदर और स्वच्छ बनाने की दिशा में विशेष कार्य करना। गीता देवी ने भावुक अपील करते हुए कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए मैदान में उतरी हैं।


## पूर्व रेलवे

**एनआईटी सं.: 257_2025-26 और 258_2025-26, दिनांक 02.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 **(वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 257_2025-26, कार्य का विवरण** : एईएन/लिलुआ के अधीन तारकेश्वर-बिष्णुपुर शाखा लाइन में एलएचएस नं. 26, 28 एवं 32 में शेड कार्य पूरा करने के संबंध में शेष कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,64,87,621.77, **बयाना राशि:** रु. 3,82,400/-, **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 258_2025-26, कार्य का विवरण** : (i) एईएन/लिलुआ के अधीन एसएसई/वर्क्स/बाली की शाखा में दियारा-जीएनजेपी (तारकेश्वर शाखा लाइन) से पीएफ शेड के सुदृढ़ीकरण एवं पेंटिंग का प्रावधान। (ii) एडीईएन/बैण्डेल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बैण्डेल की शाखा में रेलवे कॉलोनी बैण्डेल में क्वार्टरों का बाहरी एवं अंदरूनी नवीनीकरण, वीएटी, दरवाजों एवं खिड़कियों को बदलने का कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,29,97,720.25, **बयाना राशि:** रु. 3,15,000/-, **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-582/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

**सं. सी.5/पे एंड यूज/ई-ऑक्शन/2026** **दिनांक:** 03.02.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की कैटेगरी :** पे एंड यूज टॉयलेट (सामान्य)। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** सी5-एएसएन-पीएनयू-1203, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 20.02.2026 को 12.15 बजे। **स्टेशनों/स्थानों के नाम: (1)** अंडाल रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया एवं द्वितीय श्रेणी वेटिंग रूम में पे एंड यूज टॉयलेट। **(2)** सिमुलतला रेलवे स्टेशन में डाउन प्लेटफॉर्म पर अपर श्रेणी वेटिंग रूम । सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उल्लिखित सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण को जानने एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-334/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/8, दिनांक: 02.02.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**तालिका-क; क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **10251812**; लेड टाइप मार्कर लाइट आदि का क्रय; रु. 1,46,580; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 25.02.2026 को 13.30 बजे; (2) **10251151**; आईओएच किट; रु. 3,20,890; (3) **10251154**; सिंगल बॉटल वीसीबी के लिए पीओएच किट; रु. 2,10,660; (4) **10251152**; सिंगल बॉटल वीसीबी के लिए आईओएच किट; रु. 4,29,410; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 23.02.2026 को 13.30 बजे (क्रम सं. 2 से 4 प्रत्येक हेतु); (5) **15255147**; ईओटी क्रेन 25 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ ;रु. 5,55,240; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 25.02.2026 को 13.30 बजे; (6) **15255041ए**; ईओटी क्रेन क्षमता 10 टन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु. 1,72,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 09.03.2026 को 13.30 बजे; (7) **11251126ए**; इंटरकार गैंगवे माउंटिंग; रु. 11,67,950; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 18.02.2026 को 13.30 बजे; (8) **01251237ए**; अपेंडेड इंसर्ट न्यूट्रल आईएसओ डिजाइन एलएनयूएक्स 301940 आदि का क्रय; रु. 1,40,170; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 04.03.2026 को 13.30 बजे; (9) **10252150**; इंटर लॉक असेंबली का सेट; रु. 2,98,930; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 17.02.2026 को 13.30 बजे(10) **14251172**; एसएस डीएसी के विविध अवयवों का क्रय आदि; रु. 7,13,100; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 18.02.2026 को 13.30 बजे; (11) **10261768**; मेन कम्प्रेसर आदि के लिए कॉन्टैक्टर; रु. 3,16,430; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 19.02.2026 को 13.30 बजे; (12) **10252320डी**; सर्किट ब्रेकर का सेट आदि; रु. 1,27,390; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.02.2026 को 13.30 बजे (13) **10262538**;आईआर-03एच टाइप पैंटोग्राफ के लिए आईओएच किट; रु. 1,40,840; (14) **10262581**; पैंटोग्राफ के लिए मेन स्प्रिंग असेंबली आदि; रु.1,41,960; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 24.02.2026 को 13.30 बजे (क्रम सं. 13 और 14 के लिए); (15) **11261533**; 2 (दो) आइटमों से संलग्न कंट्रोल आर्म असेंबली राइट का क्रय आदि; रु.3,55,930; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 23.02.2026 को 13.30 बजे; (16) **08251395**; टर्मिनल एवं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ट्रिप के साथ मोटर प्रोटेक्शन सर्किट ब्रेकर; रु. 1,27,050; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.03.2026 को 13.30 बजे, **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 16 प्रत्येक हेतु।

**शुद्धिपत्र:** निम्नलिखित निविदा के लिए जारी शुद्धिपत्र हेतु कृपया www.ireps.gov.in देखें: 12255887 नियत तिथि 20.02.2026

**तालिका-ख; निविदा सं.:** 52265287; **संक्षिप्त विवरण:** रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट के लिए माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर; **अनुमानित निविदा मूल्य (रु.)** रु.64,25,100.00; **निविदा की अंतिम तिथि:**24.02.2026

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-67/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# माँ की विकासवादी विरासत को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ वार्ड 05 से रुसाना खातून ने किया नामांकन

संवाददाता



**साहेबगंज :** नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर साहिबगंज जिले में सियासी पारा अपने चरम पर पहुँच गया है। नामांकन के अंतिम दिन अनुमंडल कार्यालय में प्रत्याशियों और समर्थकों का भारी हुजूम देखा गया। इसी कड़ी में, वार्ड संख्या 05 से वार्ड पार्षद पद के लिए रुसाना खातून ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी बिगुल फूँक दिया है। बुधवार को नामांकन के आखिरी दिन रुसाना खातून बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ अनुमंडल कार्यालय पहुँचीं। उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी बासुकिनाथ टुडू के समक्ष अपना नामांकन पत्र औपचारिक रूप से जमा किया। इस दौरान उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया, जो क्षेत्र में उनके पक्ष में माहौल बनाते नजर आए। गौरतलब है कि रुसाना खातून की माँ पूर्व में इस वार्ड की पार्षद रह चुकी हैं। उनके कार्यकाल के दौरान वार्ड नंबर 05 में विकास की कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया था। रुसाना खातून ने अपनी माँ की इसी विकासवादी छवि और जनसेवा की विरासत को आगे ले जाने का संकल्प लिया है। स्थानीय लोगों के बीच उनकी माँ द्वारा किए गए कार्यों की सकारात्मक चर्चा उनके पक्ष में एक मजबूत आधार मानी जा रही है। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए रुसाना खातून ने अपनी भावी योजनाओं का खाका पेश किया। उन्होंने कहा: "वार्ड संख्या 05 की जनता की सेवा करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। यदि क्षेत्र की जनता मुझे अवसर देती है, तो मेरी पहली प्राथमिकता वार्ड में स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, जर्जर सड़कों की मरम्मत और हर गली में रोशनी की पुख्ता व्यवस्था करना होगा। मैं नगर क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।" रुसाना खातून ने वार्ड की जनता से आशीर्वाद और समर्थन की अपील करते हुए कहा कि वे विकास के अधूरे कार्यों को पूरा करने और वार्ड को एक नई पहचान दिलाने के लिए चुनावी मैदान में उतरी हैं। नामांकन के अंतिम दिन उनके मैदान में आने से वार्ड संख्या 05 का मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है।

संक्षिप्त समाचार

## चाचंकी में AIMIM का स्वागत समारोह, उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़





**वर्तमान विधायक पर अकिल अख्तर का हमला, कहा– जनता को बनाया जा रहा है गुमराह**

**पाकुड़।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) पार्टी में शामिल हुए पाकुड़ के पूर्व विधायक अकिल अख्तर के स्वागत में पाकुड़ सदर प्रखंड के रघुनंदनपुर उर्फ चाचंकी में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा नेता अफीफ अमसल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।इस अवसर पर पूर्व विधायक सह AIMIM नेता अकिल अख्तर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे और जनता की आवाज को पूरी मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री लंबे समय से जनता को गुमराह कर वोट लेते आ रहे हैं और उन्होंने कभी पाकुड़ की भलाई के लिए ईमानदारी से काम नहीं किया। अकिल अख्तर ने कहा कि अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने पाकुड़ के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया था। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे तीन अलग-अलग राजनीतिक दलों में रहे, लेकिन वहां दबे-कुचले और कमजोर वर्गों की आवाज को महत्व नहीं दिया गया। इसी कारण उन्होंने उन दलों को छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने AIMIM में शामिल होने का कारण बताते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के संघर्षशील नेतृत्व और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने की शैली से वे प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी संसद में अकेले दम पर जनता की आवाज बुलंद करते हैं और वे पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं तथा वंचित वर्गों के मुद्दों को ओवैसी के माध्यम से संसद तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। वहीं, युवा नेता अफीफ अमसल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे AIMIM के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें, संगठन को मजबूत करें और गरीब-गुरबों की आवाज बनें। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य पाकुड़ के सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक सोच के साथ काम करना है।

## पाकुड़ मुफ्सिल थाना कांड 122/24 में दो अभियुक्त और एक वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में उपस्थापन की प्रक्रिया जारी



**पाकुड़** : पाकुड़ मुफ्सिल थाना कांड संख्या 122/24, दिन 19.06.24 से संबंधित मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों एवं एक वारंटी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 109, 153(क), 295(क), 341, 342, 323, 307, 427, 436, 379, 34, भारतीय शस्त्र अधिनियम 1908 की धारा 3, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 तथा झारखंड गोवंश पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 की धारा 12(1) के अंतर्गत दर्ज है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी को विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत अभिसारण प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उचित अभिरक्षा में माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु अग्रसर किया जा रहा है। मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पाकुड़ मुफ्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि कांड से जुड़े सभी पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है तथा विधि के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## साप्ताहिक डोर टू डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**पाकुड़** : झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में साप्ताहिक डोर टू डोर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के निर्देश पर तथा सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में किया गया। इस अभियान के तहत पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों के अंतर्गत पाडेरकोला, लेटबाड़ी, बड़ाघघरी, जबरदाहा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को जादू-टोना प्रथाओं के नाम पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ जागरूक किया गया। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों, प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के शिकार व्यक्तियों को मिलने वाले कानूनी लाभ, पॉश अधिनियम तथा बाल विवाह रोकथाम से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स भरत साहा, सुजाता घोष, रानी साहा, मोलिता कुमारी, जयंती टुडू, सीमा साहा, मिरु बेसरा, सौरव यादव और मैनुल शेख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर निकाय अध्यक्ष पद के लिए 10 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा





**निज संवाददाता। पाकुड़**

नगर निकाय चुनाव के नामांकन की अंतिम दिन काफी गहमा गहमी रहा। नगर परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। बुधवार को नामांकन तिथि के अंतिम दिन नगर निकाय के अध्यक्ष पद हेतु कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल की है। 29 जनवरी से नामांकन प्रारंभ है। 4 फरवरीनामांकन का अंतिम दिन था। 5 फरवरी को 11:00 बजे अपराह्न से 3:00 तक नामांकन की जांच की जाएगी । 6 फरवरी को नामांकन पत्र वापसी की तिथि है। निर्वाचन से संबंधित प्रतीक आवंटनः 7 फरवरी को की जाएगी। 23 फरवरी 2026 सुबह 7:00 से शाम के 5:00 तक चुनाव के कार्य संपन्न कराए जाएंगे। 27 फरवरी को बाजार समिति पाकुड़ में मतगणना होगी।पाकुड़ नगर परिषद में पार्षदों की स्थिति स्पष्ट है।

पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 5, महिला वर्ग के 8 अनुसूचित जनजाति के 1 अनुसूचित जाति 1, पिछड़ा वर्ग के लिए 3 सीट आरक्षित है। सभी प्रत्याशी निर्दलीय रूप से मैदान में है,जिसमे मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। अब आगे की प्रक्रिया पर सबकी नजरें टिकी है।

**अध्यक्ष पद के लिए 10उम्मीदवारों ने भरा पर्चाः** अध्यक्ष पद अनारक्षित महिला हेतु बुधवार तक मीता पांडे , पूनम देवी , सीमा सोनी भगत, सम्पा साहा , शेख़ सेलिना सुलताना , मोनिता कुमारी ,शबरी पाल, रीता देवी और ज्योति दुबे , मुकुल भटाचार्य कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया है इनमें से कई उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दो सेट में दाखिल की है।

## मदरसा की तामीर व तरक्की को लेकर हाथकाठी में एक दिवसीय जलसा का हुआ आयोजन

### जलसे में मदरसों की बच्चो की हुई दस्तारबंदी

**निज संवाददाता। हिरणपुर (पाकुड़)**

मदरसा की तामीर व तरक्की को लेकर मंगलवार देर शाम को प्रखड़ के हाथकाठी मदरसा बदरुल हुदा लील बनीन वल वनात में 46 वां सालाना जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसे के चार बच्चों की हाफिज की पढ़ाई पूरी होने पर दस्तारबंदी की गई। रात भर चले इस जलसे में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

जहां तकरीर करते हुए इटावा यूपी के जरजिस अंसारी चतुर्वेदी ने पुत्र , पिता व मां की कर्तव्यों की उल्लेख करते हुए कहा कि पिता को अपने बच्चों को उचित तालीम के साथ साथ संस्कार देना आवश्यक है।बच्चो की भविष्य निर्माण में पिता व माता की अहम भूमिका रहती है। जो बच्चो को जिस ढांचे में ढालने चाहे , उसी अनुरूप हो जाता है। बच्चो को उचित शिक्षा मिले , इसको लेकर प्रयास करना चाहिए। वही बच्चो का भी फर्ज बनता है कि अभिभावकों की दिशा निर्देशों को अंगीकार कर पालन करे। वही भविष्य में इनके सहारा बने , पर आधुनिकता के इस दौर में पुत्र अपने पिता की त्याग व बलिदान को भूल जाता है। संस्कारविहीन प्रतिक्रिया करने लगता है। जो सरासर गलत है। सभी जीवन की इस डगर में एक दूसरे की पूरक है। वही मालदा बंगाल के सैफुल इस्लाम इस्लाही चतुर्वेदी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालक बालिकाओ की शिक्षा व तालीम अनिवार्य है।

बच्चो की सर्वांगीण विकास के लिए उच्च शिक्षा हासिल करें। इस्लाम मे अमन शांति व आपसी भाईचारे का संदेश देती है। देश मे आपसी सौहार्द मजबूत व टिकाव हो , इसके लिए सभी वर्गों को आगे आना होगा। इस जलसे को सुलतान अहमद शम्सी साहेबगंज , जमील अख्तर शफीक तैमि सीतामढ़ी बिहार आदि ने भी सम्बोधित किया। उधर जलसे के सचिव मुसलोद्दीन अंसारी ने उपस्थित लोगों के बीच सालाना आय व्यय की लेखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कमिटी के असरफ अंसारी , डा. गोपी , हाफिजुद्दीन अंसारी , मीरकासिम , रहीम सरदार , कलाम सरदार, नाजीर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## डीएमएफटी योजनाओं की प्रगति को ले हुई समीक्षा बैठक



**निज संवाददाता। पाकुड़**

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी मनीष कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, गुणवत्ता मानकों तथा क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने कहा कि डीएमएफटी योजनाएं खनन प्रभावित क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत विकास को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण किया जाए। साथ ही योजनाओं के निष्पादन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क निर्माण एवं आधारभूत संरचना विकास से संबंधित डीएमएफटी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी कोष का मूल उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है।इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे तथा विकास कार्यों का सकारात्मक प्रभाव क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई दे।उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय, पारदर्शी कार्य प्रणाली एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि डीएमएफटी योजनाएं जिले में सतत एवं संतुलित विकास को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## नगरपालिका आम चुनाव 2026 के सफल संचालन को लेकर नाम निर्देशन कार्यों का निरीक्षण





**निज संवाददाता। पाकुड़**





नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारु आयोजन को लेकर सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका चुनाव) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय में चल रहे नाम निर्देशन कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) ने पाकुड़ नगर परिषद अंतर्गत अध्यक्ष पद हेतु नियुक्त निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के लिए नियुक्त निर्वाची पदाधिकारियों के कार्यालय कक्षों का भी अवलोकन कर नाम निर्देशन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री, नामांकन प्रक्रिया, अभ्यर्थियों की सुविधा व्यवस्था तथा निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने सभी निर्वाची एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य की सतत एवं सूक्ष्म निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर त्रुटि या लापरवाही की कोई संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा निर्गत सभी दिशा- निर्देशों का अक्षरशःअनुपालन करते हुए ही निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कोषांगों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से पूर्ण प्रतिबद्धता एवं तत्परता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा ने भी निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया।

## नामांकन की प्रक्रिया संपन्न, आज होगी जांच

### नगर में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष के मुकाबले 321 अधिक

**निज संवाददाता। पाकुड़**

नगर निकाय के चुनाव की नामांकन की प्रक्रिया 4 फरवरी को पूरी कर ली गई है।5 फरवरी को नामांकन की जांच की जाएगी। 6 फरवरी नामांकन पत्र वापसी की तिथि है। 7 फरवरी को प्रतीक चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 23 फरवरी को सुबह 7:00 बजे से शाम के 5:00 बजे तक मतदान किया जाना है।नगर परिषद के कुल 21 बाड़ों में 37,033 मतदाता हैं । इनमें से 18,356 पुरुष तथा 18,677 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 321 अधिक है। जानकारों की माने तो इस बार महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। चुनाव में महिलाओं से जुड़े मुद्दे, सुरक्षा, कल्याणकारी कार्यक्रम, सड़क,साफ सफाई जल, स्वच्छता, मुख्य रूप से मुद्दा होने वाला है। मतदाता सूची के अनुसार वार्ड संख्या 1 से 21 तक सभी वार्डों का विवरण तैयार किया गया है।मूल मतदाता सूची के साथ अनुपूरक सूची के माध्यम से नये मतदाताओं को जोड़ा गया है, जबकि मृत्यु, स्थानांतरण और अन्य कारणों से कई नाम सूची से हटाये गये हैं। वार्ड संख्या 16 में 2207 मतदाता, वार्ड 14 में 2119 , वार्ड




न 21 में 2114, वार्ड 4 में 2020 और वार्ड न 11 में 1934 वोटर है। जो चुनाव में अधिक प्रभावशाली है। इन वार्डो की वोटर अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के लिए काफी अहम है। जीत-हार का अंतर और परिणाम को प्रभावित कर सकता है। वार्ड 20 में 1357 , वार्ड 2 में 1422, वार्ड 1 में 1439, वार्ड 15 में 1529 और वार्ड 5 में 1541 मतदाता है । यह सभी महत्वपूर्ण है। निर्णायक अंतर देने में इनकी भी अहम भूमिका होगी। विशेषज्ञों की माने तो वार्डवार मतदाता संख्या का सीधा असर नगर परिषद अध्यक्ष पद की चुनावी रणनीति पर पड़ता है। अगर कोई अध्यक्ष उपाध्यक्ष या वार्ड पार्षद पुनः चुनाव में खड़े हुए हैं तो उनका जीत हार का फैसला पूर्व के किए गए क्रियाकलाप के ऊपर निर्भर करता है।

## पीरपहाड़ उर्स मुबारक मेला में प्रशासन की सख्ती



**निज संवाददाता। महेशपुर (पाकुड़ )**

**♦ प्रशासन की ओर से बैरिकेटिंग लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया वाहन की प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया पीर मजार तक जाने के लिये लोग पैदल ही चल पड़े**

थाना क्षेत्र के पीर पहाड़ी में आयोजित उर्स मुबारक मेला आदिवासी ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासन की सख्ती से फीका रहा ।नही लगी दुकानें और न ही हुई मेले का आयोजन पीर पहाड़ी जाने वाली मुख्य सड़क को दोनों ओर तालडीह एवं शहरग्राम के पास प्रशासन की ओर से बैरिकेटिंग लगाकर पूरी तरह से बंद कर दिया गया वाहन की प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया पीर मजार तक जाने के लिये लोग पैदल ही चल पड़े। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट में थे चप्पे चप्पे पुलिस तैनाती रहे ।वहीं प्रशासन की सख्ती से लोगों भी भीड़ काफी नही रही ।इधर प्रशासन ने आग्रह करते हुए कहा कि उर्स में किसी तरह का कोई किसी से न उलझे और न ही किसी की बहकावे में आये शांति ढंग से पूजा पाठ कर प्रसादी चढ़ाकर वापस लौट जाए उन्होंने कहा कि पीर पहाड़ी स्थित किसी तरह का गंदगी न फैलाये अगर कोई गंदगी फैलाये है तो उसे साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे और फैली गंदगी को साफ सफाई कर देना ।वहीं पीर पहाड़ी में दो समुदाय के बीच उतपन्न हुई विवादों को देखते हुए पुलिस प्रशासन की टीम सख्त तैनात देखी गई एवं लोग पीर पहाड़ स्थित जाने के लिये लगभग तीन से चार किलोमीटर पैदल चलकर पीर मजार पर चादर पोसी किया एवं प्रसाद ग्रहण किया ।मौके पर एसडीपीओ बिजय कुमार ,बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ,संजय कुमार सिन्हा थाना प्रभारी रबी शर्मा,रद्दीपुर ओपी प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय समेत कई मैजिस्ट्रेट सहित अतिरिक्त पुलिस जवान मौजूद थे ।

## शॉकपिट की पानी मे डूबने से मासूम बच्चे की मौत

**निज संवाददाता। हिरणपुर (पाकुड़)**



बुधवार को गोविंदपुर गांव में घर निकट बनाये गए शॉकपिट की पानी मे डूबने से विकास पण्डित के एकमात्र पुत्र डेढ़ वर्षीय केशव पण्डित की मौत हो गई। पीड़ित परिवार के घर निकट अपने स्तर पर एक कच्चा शॉकपिट बनाया हुआ है। जो करीब डेढ़ फीट गहरी है। जिसमे घरो की गंदी पानी का जमाव रहता है। नन्हा बच्चा आहिस्ता आहिस्ता चल फिर रहा था। सुबह करीब 10 बजे बच्चे की मां प्रीति कुमार घर के आंगन में काम कर रही थी , वही बच्चा आंगन में खेल रहा था। इस बीच बच्चा चलते चलते कच्ची शॉकपिट में जा गिरा। जो घर के लोग जान नही पाया। पड़ोसी द्वारा शॉकपिट में बच्चे को गिरा देख तुरन्त उसके मां को सूचना दिया। स्वजनों द्वारा बच्चे को पानी से निकालकर आननफानन में इलाज के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे ही मौत हो गई। बच्चे के पिता ने बताया कि वह हिरणपुर बाजार स्थित एक दुकान में मजदूरी करने गया था कि घर निकट बनाये गए कच्ची शॉकपिट के पानी मे डूबने से बच्चे की मौत हो गई।

# जामताड़ाः निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

संवाददाता

**जामताड़ा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जामताड़ा जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में बुधवार को न्यू पॉलीटेक्निक कॉलेज, पाथरचपड़ा में मतदान अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्री रवि आनंद (IAS) ने स्वयं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री रवि आनंद ने पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers) और प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ





मतदान अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक त्रुटिरहित, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा, "आप में से अधिकांश कर्मियों को पूर्व के चुनावों का अनुभव है, लेकिन यह निर्वाचन बैलेट पेपर (मतपत्र) के माध्यम से होना है, इसलिए प्रशिक्षण को अत्यंत गंभीरता और अनुशासन के साथ प्राप्त करें। मतदान से एक दिन पहले ही यह सुनिश्चित कर लें कि आपकी मतदान सामग्री सही और पर्याप्त है।" उपायुक्त ने प्रशिक्षण में मतपेटिका (Ballot Box) की सुरक्षा, निगरानी और मतदान के पश्चात सीलिंग की कानूनी प्रक्रिया को लेकर विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की वसिंगति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने बेहतर समन्वय के लिए सभी मतदान कर्मियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया, ताकि निर्वाचन संबंधी आवश्यक सूचनाएं उन्हें समय पर सुलभ हो सकें।

**प्रशिक्षण का विवरण**

**नगर निकायः** यह प्रशिक्षण मिहिजाम नगर परिषद (39 मतदान केंद्र) और जामताड़ा नगर पंचायत (28 मतदान केंद्र) के लिए आयोजित किया गया।

**प्रतिभागीः** प्रथम चरण में कुल 104 पीठासीन पदाधिकारी और 104-104 मतदान अधिकारी (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी) शामिल हुए।

**व्यवस्थाः** प्रशिक्षण कुल 10 अलग-अलग कमरों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया, जिसमें मतदान अधिकारियों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) श्री पंकज कुमार रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री चार्ल्स हेंब्रम, एपीओ श्री मनोज कुमार, डीपीओ (UIDAI) श्री राजीव कुमार और मुख्य प्रशिक्षक के रूप में श्री हरि प्रसाद राम, सैयद मो. इमाम एवं दुर्गेश कुमार दुबे उपस्थित थे। कार्यालय कर्मी राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मियों ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

## जामताड़ाः पुलिस निरीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित, लंबित मामलों के जल्द निष्पादन का निर्देश

संवाददाता

**जामताड़ा/कुंडहित** । क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बुधवार को कुंडहित सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी (क्राइम मीटिंग) का आयोजन किया गया। सर्किल इंस्पेक्टर मिन्हाज आलम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कुंडहित, बागडेहरी और फतेहपुर थाना के प्रभारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान इंस्पेक्टर मिन्हाज आलम ने पिछले एक माह के दौरान तीनों थाना क्षेत्रों में हुई आपराधिक घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थानों में दर्ज पुराने और लंबित मामलों (Pending Cases) की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि इन मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें।



उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में तेजी लाकर मामलों को जल्द सुलझाया जाए ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। अपराध नियंत्रण की दिशा में कड़ा रुख अपनाते हुए इंस्पेक्टर ने थाना प्रभारियों को फरार वारंटियों और अभियुक्तों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए अपराधियों के मन में कानून का खौफ होना आवश्यक है। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कई अहम दिशा-निर्देश दिए गएःसंध्या गश्तीः आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विभिन्न इलाकों में शाम और रात की गश्ती (Patrolling) बढ़ाने का निर्देश दिया गया। पुलिस-पब्लिक मैत्रीः इंस्पेक्टर ने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से नियमित संपर्क बनाए रखें और पुलिस-पब्लिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करें, ताकि सूचना तंत्र मजबूत हो सके। शांति व्यवस्थाः क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारियों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई। इस महत्वपूर्ण अपराध गोष्ठी में कुंडहित थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, बागडेहरी थाना प्रभारी प्रदीप राणा और फतेहपुर थाना प्रभारी किशोर किस्कू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में इंस्पेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी और मुस्तैदी के साथ कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई।

## समाजसेवी शांति गोपाल महतो बने नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के प्रदेश सचिव; जामताड़ा में भव्य सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता

**जामताड़ा।** जिले के जाने-माने छात्र नेता और लोकप्रिय समाजसेवी शांति गोपाल महतो को उनकी सामाजिक सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण का बड़ा फल मिला है। बुधवार, 4 फरवरी 2026 को उन्हें नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट का 'प्रदेश सचिव' (झारखंड) नियुक्त किया गया। जामताड़ा जिला कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी सम्मान समारोह में उनकी नियुक्ति की घोषणा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि और संस्था के राष्ट्रीय सचिव हाफिज एहतशामुल मिर्जा ने शांति गोपाल महतो के सामाजिक कार्यों और छात्र हितों के लिए किए गए संघर्षों की सराहना की। उन्होंने महतो को औपचारिक नियुक्ति पत्र सौंपा और अंगवस्त्र (शॉल) ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर



प्रदेश महासचिव अकबर अंसारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव हाफिज एहतशामुल मिर्जा ने कहा कि शांति गोपाल महतो के संगठन से जुड़ने से झारखंड में मानवाधिकारों की रक्षा के अभियान को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, "महतो हमेशा से सामाजिक और जनसरोकार के मुद्दों पर अग्रणी रहे हैं। हमें विश्वास है कि वे समाज के अभिवंचित (पिछड़े) वर्गों के उत्थान और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। साथ ही, समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ भी उनकी आवाज बुलंद रहेगी।" प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर शांति गोपाल महतो ने संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह पद उनके लिए केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा का एक माध्यम है। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहाः "मैं समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा। लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और जनसरोकार के कार्यों में सहभागी बनना ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।" इस भव्य सम्मान समारोह में नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र मंडल, मौलाना इरशाद आलम, मौलाना शमशुल हक, मुस्तकीम अंसारी, नाजिर अंसारी और अंबेडकर वाहिनी के ताहिर अंसारी सहित कई गणमान्य लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शांति गोपाल महतो को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जामताड़ाः कुंडहित में शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हुई मैट्रिक व इंटर की परीक्षा

संवाददाता

**जामताड़ा/कुंडहित।** जिले के कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित तीनों परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच परीक्षार्थियों ने प्रथम पाली में मैट्रिक और द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा दी।

बुधवार को आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में मैट्रिक के परीक्षार्थियों ने 'हिंदी' विषय की परीक्षा दी, वहीं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के छात्र 'अर्थशास्त्र' (Economics) के पेपर में शामिल हुए। तीनों केंद्रों को मिलाकर उपस्थिति का विवरण इस प्रकार रहाः

मैट्रिक परीक्षाः कुल 882 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 875 उपस्थित रहे, जबकि 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

इंटरमीडिएट परीक्षाः कुल 187 परीक्षार्थियों में से 185 उपस्थित रहे, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।





परीक्षा केंद्रों का विस्तृत रिपोर्ट

**प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालयः**केंद्राधीक्षक मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उनके केंद्र पर परीक्षा पूरी तरह अनुशासित रही। मैट्रिक परीक्षा के लिए आवंटित सभी 265 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा में भी सभी 17 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहाँ शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

**आदर्श मध्य विद्यालय कुंडहितः**यहाँ मैट्रिक परीक्षा में कुल 260 परीक्षार्थियों में से एक अनुपस्थित रहा, जबकि 259 छात्र शामिल हुए। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में आवंटित सभी 12 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

**सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालयः**इस केंद्र पर मैट्रिक परीक्षा के लिए पंजीकृत 357 परीक्षार्थियों में से 6 अनुपस्थित रहे, जबकि 351 ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट के 158 परीक्षार्थियों में से 2 अनुपस्थित रहे और 156 उपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। केंद्राधीक्षकों और वीक्षकों की देखरेख में कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित की गई। परीक्षा केंद्रों पर वीक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए नियमों का सख्ती से पालन कराया। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के सभी केंद्राधीक्षकों, शिक्षकों और कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जामताड़ाः नगरपालिका चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षकों का आगमन, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान पर उपायुक्त के साथ हुई चर्चा

संवाददाता

**जामताड़ा।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जामताड़ा जिले में प्रशासनिक और पर्यवेक्षकीय सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त दो सामान्य प्रेक्षकों (General Observers) का बुधवार, 4 फरवरी 2026 को जामताड़ा आगमन हुआ। मिहिजाम नगर परिषद (वर्ग ख) के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संजय पाण्डेय एवं जामताड़ा नगर पंचायत के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री विभूति मंडल के जिला मुख्यालय पहुँचने पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) श्री पंकज कुमार रवि ने परिसदन भवन में पुष्प गुच्छ (बुके) भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आगमन के पश्चात, दोनों सामान्य प्रेक्षकों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्री रवि आनंद (IAS) के साथ एक औपचारिक बैठक की। बैठक के दौरान जिले में नगरपालिका निर्वाचन को भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न सुरक्षात्मक और प्रशासनिक बिंदुओं पर गहन विमर्श किया गया। उपायुक्त ने प्रेक्षकों को अब तक की गई चुनावी तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रेक्षकों ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग के हर नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।मुलाकात के उपरांत, सामान्य प्रेक्षक श्री



संजय पाण्डेय और श्री विभूति मंडल ने दोनों निकायों (मिहिजाम और जामताड़ा) में चल रहे नाम निर्देशन (नामांकन) कार्यों का व्यक्तिगत रूप से अवलोकन किया। उन्होंने नामांकन केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा और अभ्यर्थियों की सुविधा व सुरक्षा से जुड़े मानकों की समीक्षा की। इस महत्वपूर्ण बैठक और निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक (ITDA) श्री जुगनू मिंज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्री पंकज कुमार रवि और जिला शिक्षा अधीक्षक श्री विकेश कुणाल प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद रहे। सामान्य प्रेक्षकों के आगमन और उनके द्वारा कार्यभार संभालने के बाद जिले में चुनावी सुगबुगाहट और तेज हो गई है। प्रशासन का पूरा ध्यान अब नामांकन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने और आगामी मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम करने पर है।

# नगरपालिका चुनावः उपायुक्त ने सामान्य प्रेक्षक का किया स्वागत; निर्वाचन तैयारियों और प्रक्रिया पर हुई विस्तृत चर्चा

संवाददाता

**पाकुड़।** जिले में आगामी नगरपालिका आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (General Observer) श्री







रंजित लोहरा का जिला मुख्यालय आगमन पर भव्य स्वागत किया। समाहरणालय में आयोजित इस औपचारिक मुलाकात के दौरान उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने सामान्य प्रेक्षक श्री रंजित लोहरा को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। यह बैठक निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी और तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्वागत के उपरांत हुई उच्चस्तरीय बैठक में उपायुक्त ने सामान्य प्रेक्षक को जिले में नगरपालिका चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों से अवगत कराया। उपायुक्त ने निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी साझा कीः

**मतदान केंद्रों की स्थितिः** जिले में बनाए गए मतदान केंद्रों की संख्या और वहां उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं (AMF) के बारे में बताया।

**निर्वाचन प्रक्रियाः** नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना तक की पूरी कार्ययोजना पेश की गई।

**आदर्श आचार संहिताः** जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए किए गए इंतजामों और गठित विभिन्न कोषांगों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

**सुरक्षा व्यवस्थाः** शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती और संवेदनशील केंद्रों की निगरानी की रणनीति साझा की।

सामान्य प्रेक्षक श्री रंजित लोहरा ने निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने प्रशासन द्वारा अब तक की गई तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया और निर्देश दिया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि मतदाता बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।



# बिना डिग्री के इन फील्ड में बना सकते हैं अपना करियर

**कई बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं।**

हर इंसान की यही चाहत होती है कि कॉलेज खत्म होने के बाद उनको एक अच्छी सी जॉब मिल जाए। ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है। वहीं कुछ परिस्थितियों के कारण हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी नौकरियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप बिना किसी डिग्री के भी पा सकते हैं।

## मेकअप आर्टिस्ट

आज के दौर में हर कोई अच्छा दिखना चाहता है। ऐसे में लोग मेकअप का सहारा लेते हैं। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। बता दें कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए किसी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होती है। हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकती हैं। इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकती हैं। मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकती हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

## स्टाइलिस्ट

अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकती हैं। बता दें कि यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकती हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

## सेलिब्रिटी मैनेजर

हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

## वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी

अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

## प्रोफेशनल ब्लॉगर

आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।




# लॉ से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्रों के पास हैं कई करियर विकल्प

लॉ के छात्रों के पास वैसे तो कई सारे करियर ऑप्शन हैं, पर अपने इंटरेस्ट के अनुसार एक ऑप्शन चूज करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। परंपरागत रूप से कानून के छात्रों से ग्रेजुएशन स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुकदमेबाजी की प्रैक्टिस करने की अपेक्षा की जाती थी। हालाँकि, समय के साथ लॉ में करियर के अवसर बढ़े हैं, जिसने युवाओं को भारत में लॉ को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया है। आइए जानते हैं इनके बारे में।

## जज

वकील के अलावा छात्रों के पास जज बनने का भी एक बेहतरीन अवसर होता है। जज बनने के लिए आपको उस राज्य में होने वाली जुडिशरी की परीक्षा को पास करना होता है। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। न्यायाधीश के रूप में आपके ऊपर क़ानूनी व्यवस्था को सँभालने और उसे लागू करने, महत्वपूर्ण कानूनी निर्णय लेने की जिम्मेदारी होती है।

## कॉर्पोरेट वकील

अगर आपको बड़े कॉरपोरेट हाउस में काम करने का मन है, तो आप कॉरपोरेट लॉयर बनकर अपना सपना पूरा कर सकते हैं। कॉर्पोरेट वकील व्यवसायों को उनके कानूनी अधिकारों, दायित्वों और लेनदेन पर सलाह देते हैं। वे सीधे निगमों के लिए या कॉर्पोरेट कानून में विशेषज्ञता वाली कानून फर्मों के लिए काम कर सकते हैं। आपके अनुभव के अनुसार इसमें आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलती है।

## लिटिगेशन/ट्रायल वकील

अगर आप कोर्ट में जाकर अपनी वकालत प्रेक्टिस करना चाहते हैं तो आप ट्रायल वकील बन सकते हैं। ट्रायल वकील सिविल और क्रिमिनल मुकदमों में क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करते हैं और अदालत में उनकी ओर से वकालत करते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों को संभालने से आपको पैसे और शोहरत दोनों मिलती हैं। कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू करने से पहले आपको अपनी रूऋ्क खत्म करने के बाद ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास करनी होती है और फिर उसके बाद अपने संबंधित राज्य में उसके बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

## सरकारी वकील

सरकारी वकील सरकार की तरफ से केस लड़ते हैं। वे स्थानीय, राज्य या संघीय स्तर पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए काम करते हैं। वे कानूनी मामलों पर सलाह देते हैं और मुकदमेबाजी में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एक तरीका है जिसमें विवादों को सुलझाने के लिए कोर्ट के बाहर के विकल्पों का उपयोग किया जाता है। इसमें कोर्ट की लंबी प्रक्रिया और लागत से बचा जा सकता है। इसके तहत कई प्रकार के तरीके शामिल होते हैं, जैसे मीडिएशन और आरबिट्रेशन। इसका उद्देश्य विवाद को जल्दी से सुलझाना होता है। इसमें आप एक मिडिएटर के रूप में काम कर सकते है।



## कंटेंट राइटर

अनुभव और एक मजबूत पोर्टफोलियो वाले कानून के छात्रों के लिए लीगल कंटेंट राइटिंग एक प्रोमिसिंग और डायनामिक करियर ऑप्शन है। इसमें आपको काफी हाई पेइंग जॉब्स मिल जाते हैं जो आपके एक्सपीरियंस के अनुसार बढ़ती रहती है। आप सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट बन सकते हैं। इसके साथ-साथ आप लीगल कंसलटिंग और जर्नलिज्म में भी काम कर सकते हैं।

## लीगल एडवाइजर

लीगल एडवाइजर के रूप में आप व्यवसायों और संगठनों को कानूनी मामलों पर एक्सपर्ट एडवाइस प्रदान करते हैं। आप इंडिपेंडेंट या कंसल्टेंसी फर्म के जरिए काम कर सकते हैं। लीगल एडवाइजर्स की आज के टाइम में बहुत ज्यादा डिमांड है। सभी बिजनेस को विभिन्न कानूनी मुद्दों पर विशेष ज्ञान और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

## लॉ प्रोफेसर

लॉ प्रोफेसर लॉ स्कूलों में पढ़ाते हैं और लीगल रिसर्च करते हैं। टीचिंग हमेशा से एक नोबल प्रोफेशन रहा है और आप एक लॉ टीचर बन के छात्रों के साथ हमेशा जुड़े रह सकते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। सरकारी कॉलेज में टीचर की सैलरी पैकेज भी बहुत अच्छे होते हैं।



## जज एडवोकेट जनरल अधिकारी

यदि आपका सपना इंडियन आर्म्ड फोर्सेज ज्वाइन करने का है तो आप लॉ की पढ़ाई के बाद भी इसे ज्वाइन कर सकते हैं। आप जज एडवोकेट जनरल बनकर सेना में शामिल हो सकते हैं। भारतीय सेना का JAG अधिकारी मेजर होता है जो सेना के कानूनी और न्यायिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है। एक JAG अधिकारी सैन्य कानून या नीतियों की व्याख्या और उन्हें लागू करने में कोर्ट-मार्शल के पीठासीन अधिकारियों की मदद करता है।




# इंजीनियरिंग के किस सेक्टर मे है सबसे ज्यादा सैलरी

**अगर आप भी करना चाहते हैं इंजीनियरिंग तो यह खबर आपके लिए है। बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।**

12वीं पास छात्र इंजीनियरिंग में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। लेकिन समझ नहीं आ रहा किस ब्रांच का चुनाव करना सही है। चिंता छोड़िए और हम आपको बताएंगे कि बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस के साथ अब बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स भी मार्केट में काफी डिमांड में है। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।

## बीटेक कंप्यूटर साइस

अगर आप इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं तो आप कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेटा बेस एनालिसिस के लिए बीटेक कंप्यूटर साइस कोर्स कर सकते हैं।

## बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

जब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तब से इसकी काफी डिमांड हो गई है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के जरिए लोग फोटो, लिखना और वॉइस आवाज निकाल रहे हैं। इसकी मांग काफी बढ़ रही है। कई टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे कोर्स शुरु किए गए हैं।

## किस कोर्स में सबसे ज्यादा कमाई

आज के समय को देखा जाए तो बीटेक कंप्यूटर साइंस डिग्री वालों को हाई सैलरी पर नौकरी मिलती है। वहीं, आने वाले समय में बीटके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड बढ़ने वाली है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस की जानकारी रखने वाले को लाखों का पैकेज मिल सकता है।

## कौन कोर्स बेस्ट?

12वीं के बाद छात्रों को टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटके कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस का कोर्स कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के कई शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरु किए हैं। जिसे आप कर सकते हैं और आपको नौकरी मिल जाएगी।



# ...अगर आप भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते

**दुनिया में हर प्रकार का प्राणी है। कई लोग मेहनती होते हैं तो कुछ महा-आसली होते हैं। वहीं, कई तो लोग नौकरी के लिए ऑफिस का हर काम करने के लिए तैयार रहते हैं तो कुछ ऑफिस जाने के नाम से ही जी चुराने लगते हैं। अगर आप भी भागदौड़ वाली नौकरी नहीं करना चाहते तो आप घर बैठे इन नौकरियों से कमा सकते हैं लाखों रुपये।**



कोरोना काल के बाद से वर्क फ्रॉम होम का कल्चर काफी चल गया है। तब से वर्क कल्चर काफी बदल गया। आज भी कुछ जगह हाइब्रिड मोड में काम चल रहा है। आज भी कंपनियों ने एंप्लॉइज को परमानेंट घर से काम करने की सुविधा दे रखी है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो फिर से ऑफिस में जाकर काम नहीं करना चाहते हैं। इन लोगों को आप चाहे आलसी कहो या फिर घर से काम करने की आदत हो गई है। आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसी नौकरियां जिन्हें आप कर सकते हैं। जहां आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है।

## शॉपिंग कंसल्टेंट

आमतौर पर शॉपिंग कंसल्टेंट काफी डिमांड में हैं। बता दें कि, इन्हें आप पर्सनल शॉपर भी कहा जाता है। अगर आपको शॉपिंग का शौक है और स्टाइलिंग तो यह जॉब आपके लिए ही है। नामी इंफ्लुएंसर्स, एक्टर्स, एक्ट्रेसेस और बिजनेसमेन मार्केट में पहचाने जाने की वजह से और बिजी लाइफस्टाइल की वजह से खुद शॉपिंग करने नहीं जाते हैं। वह शॉपिंग कंसल्टेंट या पर्सनल शॉपर हायर कर लेते हैं। आप भी कर सकते हैं यह मजेदार जॉब।

## बुक रिव्यू जॉब

अगर आप बुक पढ़ने के शौकीन हैं तो आप अपने शौक को अच्छी कमाई में बदल सकते हैं। इस कार्य को आप प्रोफेशनली भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात है कि आप जहां से चाहें, वहां से बुक्स रिव्यू कर सकते हैं। इसके लिए आपको ऑफिस जाने की जरुरत नहीं है। आप खुद भी लेखकों से टाई अप कर सकते हैं या किसी पब्लिशिंग हाउस से बात कर सकते हैं। आप बुक रिव्यू के ब्लॉग्स भी बना सकते हैं।

## फूड क्रिटिक

आप खाना-पीने के शौकीन हैं तो यह जॉब आपके लिए है। शुरुआत में आपको अपना नाम बनाने के लिए थोड़ी मेहनत करनी होगी, फिर आपको रेस्त्रां और कैफे वाले खुद ही इनविटेशन भेजने लगेंगे। फूड क्रिटका काम होता है, खाने-पीने की चीजों का रिव्यू देना। इस कार्य में ईमानदारी होनी चाहिए तभी लोग आपको आपके काम से पहचानेंगे। इस नौकरी में कोई वर्किंग आवर्स निश्चत नहीं होते हैं। आप अपनी मर्जी और शेड्यूल के हिसाब से यह काम कर सकते हैं।

## मैट्रेस टेस्टर जॉब

सोना तो सभी को पसंद है, अगर आप भी कुंभकरण की तरह सोते हैं, तो यह जॉब आपके लिए है। आपको सोने के पैसे भी मिलेंगे। दरअसल, गद्दे, तकिए बनाने वाली कई कंपनियां मैट्रेस टेस्टर हायर करने लगी हैं। इनका काम होता है गद्दे पर सोकर इसकी क्वालिटी टेस्ट करना और आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी। वहीं स्लीपिंग पैटर्न पर रिसर्च करने वाले एक्सपर्ट भी लोगों को सोने के बदले लाखों रुपये देते हैं।

## वाइन टेस्टिंग जॉब

अगर आप वाइन पीते हैं तो यह नौकरी आपके लिए है। इसे टेस्ट करने से आप अपना घर चला सकते है। विदेशों की तरह अब भारत में भी टेस्टिंग जॉब्स खूब है। बता दें कि वाइन बनाने वाली कंपानियां और बार आदि में वाइन टेस्टर बुलाए जाते हैं। इन्हें नई वाइन पर अपना फीडबैक देना होता है। फ्रेशर के तौर पर आप 10-20 हजार रुपये कमा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सहरसा में छात्र की जींस से निकली 5 चिट:पटना में नंगे पैर पहुंचे स्टूडेंट

**पटना, एजेंसी।** बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा का आज दूसरा दिन है। मंगलवार को पहली पाली में मैथ्स की परीक्षा हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने कहा- पेपर बहुत आसान था।' परीक्षा से पहले सेंटर के बाहर छात्रों की घड़ी, बेल्ट, जूते उतरवाए गए। सहरसा में एच छात्र की जींस से 5 से ज्यादा चिट मिले। वहीं नालंदा में कुछ छात्र दौड़कर सेंटर पहुंचते दिखाई दिए। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से होगी, जिसमें पॉलिटिकल साइंस का पेपर लिया जाएगा। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए राज्यभर में 1,762 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें कुल 13,17,846 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनमें 6,75,844 छात्राएं और 6,42,002 छात्र हैं। परीक्षा 13 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के पहले दिन 2 फरवरी को 8 जिलों से 26 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। इन्हें निष्कासित किया गया है। इनमें नवादा जिले से सबसे ज्यादा 13 स्टूडेंट को परीक्षा से बाहर किया गया। वहीं, जहानाबाद और गोपालगंज से 3-3, मधेपुरा और भागलपुर से 2-2 परीक्षार्थियों को परीक्षा से बाहर किया गया। गया, अररिया, कटिहार से 1-1 परीक्षार्थी निष्कासित किए गए। शेखपुर में एक छात्र दूसरे की जहग परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। ले दिन कई छात्रों को लेट से आने पर एंट्री नहीं मिली। नालंदा में कुछ छात्र गेट फांद कर सेंटर में घुसते नजर आए। बेगूसराय में लेट होने पर कुछ छात्राएं फूट-फूटकर रोती नजर आईं। जहानाबाद में एक कैदी हथकड़ी लगाकार एग्जाम देने पहुंचा। गोपालगंज, पटना समेत कई जिलों के सेंटरों पर परीक्षार्थियों के जूते उतरवा दिए गए हैं। ठंड में छात्रों को नंगे पांव एग्जाम देना पड़ेगा। वहीं पटना के शास्त्रीनगर के सेंटर पर मुस्लिम छात्राओं के हिजाब भी हटवाए गए हैं। इधर, छात्राओं के लिए बने मॉडल सेंटर पर टीका लगाकर उनकी एंट्री कराई गई। परीक्षार्थियों को कड़ी चेकिंग के बाद भी अंदर जाने दिया गया।

### परिमार्जन के नाम पर रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवादा, एजेंसी।** नवादा जिले में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने परिमार्जन के नाम पर रिश्वत वसूलने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। रोह अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी गुलशन कुमार को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई निगरानी के पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। निगरानी डीएसपी के अनुसार, परिवादी मंटू कुमार, ग्राम बेलडीह, थाना रोह, जिला नवादा ने अपनी पुश्तैनी जमीन के परिमार्जन के लिए आवेदन दिया था। यह आवेदन दो बार अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद मंटू कुमार ने राजस्व कर्मचारी गुलशन कुमार से संपर्क किया। आरोप है कि राजस्व कर्मचारी ने ऑफलाइन आवेदन देने की बात कहते हुए परिमार्जन के बदले 35 हजार रुपये की मांग की। इस मांग से परेशान होकर मंटू कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद निगरानी के महानिदेशक जे.एस. गंगवार के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। योजना के तहत मंगलवार की सुबह निगरानी टीम नवादा पहुंची। रोह थाना क्षेत्र के वंशी चौराहा के पास परिवादी को आरोपी को रिश्वत की राशि देने के लिए बुलाया गया। जैसे ही मंटू कुमार ने 35 हजार रुपये गुलशन कुमार को दिए और आरोपी ने रकम अपने जैकेट की बाईं जेब में रखी, वहां पहले से तैनात निगरानी अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के दोनों हाथों को पानी से धुलवाया गया, जिसमें गुलाबी रंग निकलने की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों, नवादा जिलाधिकारी और संबंधित पदाधिकारियों को दी गई। इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। निगरानी ब्यूरो द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और संबंधित बिंदुओं पर जांच जारी है।

### मधुबनी समेत 10 जिलों में घना कोहरा,विजिबिलिटी 100 मीटर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मधुबनी, बगहा, बेतिया, गोपालगंज समेत 10 जिलों में घना कोहरा छाया है। विजिबिलिटी 100 के करीब है। लोगों को गाड़ियों की लाइट चालू कर के चलना पड़ रहा है। कोहरे की वजह से पटना से जाने वाली 6 ट्रेनें लेट चल रही हैं। मौसम विभाग ने आज दरभंगा, मुजफ्फरपुर, कटिहार समेत 25 जिलों में घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 100 मीटर के आसपास विबिजिलिटी रहने की संभावना है। सुबह और देर रात घनी धुंध छाई रहेगी। साथ ही लोगों को कनकनी ज्यादा महसूस हो सकती है। बीते 24 घंटे में 3 जिलों में कोहरा दिखाई दिया। इन जिलों में विजिबिलिटी लगभग 100 मीटर के आसपास रही। वहीं, 8एष्ट न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर सबसे ठंडा जिला रहा।पिछले 2 दिनों से राज्य के कई जिलों में लगातार घना कोहरा दिख रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इसका मेन कारण उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर प्रभाव और वातावरण में नमी का बढ़ना है।रात में हवा की रफ्तार काफी कम हो जा रही है, जिससे नमी जमीन के पास ही जमा हो रही है।

## बजट 2026-27 : किसानों को सिंचाई की सौगात

# खेती को मिलेगा नया वरदान

### इन योजनाओं से रबी और गरमा फसल की खेती को बढ़ावा मिलेगा



**अमरपुर (बांका), एजेंसी।** बिहार के आम बजट में लघु जल संसाधन विभाग एवं जल संसाधन विभाग के लिए किए गए प्रविधानों से खासकर अमरपुर प्रखंड के किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है। सरकार द्वारा जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार तथा बाढ़ व जलजमाव की समस्या से निपटने को प्राथमिकता दिए जाने से कृषि आधारित क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है।

बांका और अमरपुर क्षेत्र की खेती आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है, ऐसे में बजट के ये प्रावधान किसानों के लिए काफी अहम माने जा रहे हैं।

धर्मराय गांव के प्रगतिशील किसान प्रकाश सिंह ने बताया कि बजट के बाद चांदन नदी से निकली पैन डांड, विलासी नदी, वर्षों से उपेक्षित डांड-बांधों के साथ-साथ धर्मराय के समीप बन रहे चेकडैम के निर्माण एवं जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे सिंचाई सुविधा बेहतर होगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

अमोद सिंह ने कहा कि लघु जल संसाधन विभाग के तहत नलकूप, आहर-पइन, तालाबों के जीर्णोद्धार और नए चेकडैम निर्माण के प्रस्ताव से छोटे व सीमांत किसानों को सिंचाई का स्थायी विकल्प मिलेगा।

रामकुमार गोरे ने कहा कि इन योजनाओं से रबी और गरमा फसल की खेती को बढ़ावा मिलेगा, जिससे खेती की लागत घटेगी और आय में वृद्धि संभव होगी। सर्वोत्तम कुमार ने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की मरम्मत, नई सिंचाई योजनाओं और जल प्रवाह सुधार पर जोर दिए जाने से अमरपुर, शंभूगंज और कटोरिया से सटे इलाकों में वर्षों से चली आ रही पानी की समस्या कम होने की उम्मीद है।

किसान संजीव मिश्रा ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में अमरपुर क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक बांध, पोखर और सिंचाई स्रोतों का जीर्णोद्धार किया गया है। यदि बजट में घोषित योजनाएं समय पर पूरी होती हैं, तो धान और गेहूं के साथ-साथ सब्जी और दलहन की खेती में भी व्यापक विस्तार होगा।

बजट में बाढ़ नियंत्रण और जलजमाव से निपटने के प्रस्ताव भी बांका जिले के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। बरसात के दिनों में निचले इलाकों में खेतों के डूबने से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तटबंधों की मजबूती और जल निकासी व्यवस्था में सुधार की योजना से किसानों के साथ-साथ आम लोगों को भी राहत मिलेगी।

### आधी रात मंदिर का झंडा तोड़ने पर विवाद : सारण में 2 समुदायों के बीच तनाव

**छपरा, एजेंसी।** सारण में आधी रात मंदिर पर लगे ध्वज और झंडे को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर के पास जमा हो गए, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंच बीच-बचाव किया। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर कैंप किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व शब-ए-बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने घटना को अंजाम दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार देर रात कुछ असामाजिक तत्व शब-ए-बारात में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में लगे पताका और झंडे को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मंदिर पर पत्थरबाजी भी की गई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। घटना की जानकारी फैलते ही दोनों समुदायों के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे आपसी कहासुनी और विवाद बढ़ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। गड़खा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और रातभर पेट्रोलिंग जारी रही। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच की और मंदिर परिसर का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। अधिकारियों ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और दोषियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है, लेकिन पुलिस की मौजूदगी से स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह एसडीएम नीतेश कुमार दोनों पक्ष के बुद्धिजीवी लोगो के बीच एक स्थानीय स्तर पर बैठक कर मामले को शान्त कराते हुए असामाजिक तत्वों की पहचान करने की जिम्मेदारी दिया है।

### पटना को मिला नया सिविल सर्जन, डॉ. योगेन्द्र प्रसाद मंडल को सौंपी गई जिम्मेदारी




**पटना, एजेंसी।** पटना जिले में सिविल सर्जन पद पर नई नियुक्ति की गई है। गुरु गोविंद सिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र प्रसाद मंडल को अगले आदेश तक पटना का सिविल सर्जन नियुक्त किया गया है। यह व्यवस्था पूर्व सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद की गई है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को डॉ. अविनाश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के पश्चात अस्थायी रूप से डॉ. माला श्रीवास्तव को सिविल सर्जन का प्रभार सौंपा गया था। इस दौरान प्रशासनिक कार्यों के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 3 फरवरी की देर शाम जारी अधिसूचना में गुरु गोविंद सिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र प्रसाद मंडल को वित्तीय शक्तियों सहित पटना का सिविल सर्जन बनाए जाने की जानकारी दी गई। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह नियुक्ति अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। स्वास्थ्य विभाग के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जैसे ही सिविल सर्जन पद पर नियमित पदस्थापन किया जाएगा, यह अस्थायी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जाएगी। विभाग द्वारा जारी आदेश की प्रति सभी वरीय अधिकारियों को भेज दी गई है।

## हादसों में तीन की मौत: श्राद्ध में शामिल होने जा रहे शख्स को ट्रक ने रौंदा, कुचलने से बाइक सवारों की गई जान

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले के बेनीपुर-बहेड़ी स्टेट हाईवे-88 पर एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सुजीत पासवान के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक उसकी पत्नी का भाई बताया जा रहा है, जिसका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। वहीं, एक अन्य हादसे में स्कूटी सवार दो युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सुजीत पासवान अपनी पत्नी के भाई के साथ बहेड़ी थाना क्षेत्र के बघौनी गांव अपने ससुर के श्राद्ध कर्म में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पौड़ी गांव के पास एक ट्रक ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुजीत पासवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों को बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने सुजीत पासवान को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।



घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पत्नी बार-बार बेहोश हो जा रही थी। आक्रोशित लोगों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर बेनीपुर-बहेड़ी स्टेट हाईवे को जाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा।

मौके पर पहुंचे अलीनगर के बीडीओ ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद लोगों ने जाम हटाया।

बहेड़ा थानाध्यक्ष हरिद्वार शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। घायल युवक का इलाज वहीं चल रहा है और दोनों परिवारों को सूचना दे दी गई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, दूसरी घटना बहेड़ी थाना क्षेत्र के पघारी गांव की है। जहां स्कूटी सवार दो युवकों की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हो गई। मृत युवकों की पहचान मिथुन कुमार और विविध कुमार के रुप में हुई है।

# रामजानकी मार्ग अन्तर्गत मशरख से भिट्ठामोड़ के मार्गरेखन की भी स्वीकृति मिल चुकी है

### आरा में अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कृष्णागढ़ थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मंगलवार को झोकीपुर गांव के समीप छापेमारी कर एक बदमाश को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सरैया गांव निवासी रितिक कुमार गोस्वामी के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन समय रहते पुलिस की कार्रवाई से वारदात टल गई।



बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष रोशन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद झोकीपुर गांव के आसपास सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाध्यक्ष रौशन ने बताया कि, 'गिरफ्तार आरोपी का अपराधिक इतिहास भी है। पहले वह शराब से जुड़े मामलों में चार्जशीटेड रह चुका है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि अवैध हथियार उसे कहां से मिला, इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं और उसका अगला मंसूबा क्या था पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी संगठित आपराधिक गिरोह से जुड़ा है या नहीं।'

इसके अलावा भोजपुर जिले के चांदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लूटकांड के दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी भदवर गांव निवासी चंदन कुमार और मनीष कुमार हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि, 'दोनों के खिलाफ चांदी थाना में कांड दर्ज है। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। मंगलवार को सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।'

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी ट्रक चालक से रुपये और लाकेट छीनने की घटना में शामिल थे। गिरफ्तारी के दौरान उनके पास से एक बाइक बरामद की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 'गिरफ्तार दोनों आरोपी पूर्व में भी कोईलवर थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों में जेल जा चुके हैं।'

### पटना जू में मादा जिराफ 'शांति' की मौत :21 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**पटना, एजेंसी।** पटना जू में मादा जिराफ 'शांति' की मंगलवार रात को उम्र 21 साल की उम्र में मौत हो गयी है। पटना जू प्रशासन द्वारा मौत का प्रारंभिक कारण प्रेगनेंसी कॉम्प्लिकेशंस बताया गया है। शांति के मौत के कारणों के डिटेल जांच के लिए सैम्पल को विशेषज्ञ संस्थानों में भेजा जा रहा है। फिलहाल शांति के दो बच्चे 'अमन और नंदनी' पटना जू में है। पटना जू और देश के चिड़ियाघरों में जिराफों के संरक्षण प्रजनन में मादा जिराफ 'शांति' का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

शांति का जन्म दिनांक 20 जुलाई 2005 को यू.एस.ए के सेन डियागो जू में हुआ था। वर्ष 2006 में मादा जिराफ को सेन डियागो जू से संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना में वन्यजीव अदला-बदली कार्यक्रम के तहत लाया गया था। मादा जिराफ 'शांति' के द्वारा 2011 में पटना जू में पहला बच्चा 'नव्या' को जन्म दिया गया। 2011 से वर्ष 2023 तक मादा जिराफ के द्वारा 6 बच्चों को जन्म दिया गया है। मादा जिराफ के बच्चों को देश के अन्य चिड़ियाघरों- नंदनकानन जू, भुवनेश्वर, गुवाहटी जू, असम, मैसूर जू, कर्नाटक को दिया गया है।


पटना जू में ठंड के मौसम को देखते हुए वन्यजीवों के बचाव के लिए विशेष इंतजाम किए गए। इसमें से जिराफ के लिए भी खास इंतजाम थे। जिराफ के लिए खुले मैदान में पुआल बिछाया गया, ताकि वह ठंड में उसपर बैठ सके।

## पटना-पूर्णिया समेत 4 एक्सप्रेस-वे का निर्माण शुरू, रामजानकी मार्ग अन्तर्गत मशरख से भिट्ठामोड़ के मार्गरेखन की भी स्वीकृति मिल चुकी है

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले कुछ साल में 4 एक्सप्रेस-वे पर गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। पटना-पूर्णिया, वाराणसी- कोलकाता, गोरखपुर-सिलीगुड़ी और रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेसवे के निर्माण की कार्रवाई शुरु है। वैसे सरकार ने सात निश्चय-3 (वर्ष 2025-30) अन्तर्गत 5 नये एक्सप्रेसवे बनाने का फैसला लिया है।

रामजानकी मार्ग अन्तर्गत मशरख से भिट्ठामोड़ के मार्गरेखन की भी स्वीकृति मिल चुकी है। अभी आमस-दरभंगा ग्रीनफील्ड हाई स्पीड रोड परियोजना और मुंगेर-मिर्जा चौकी 4 लेन परियोजना का काम चल रहा है। विगत एक वर्ष में लगभग 38733 करोड़ रुपये के कुल 266 पथ एवं पुल परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। उनमें दीघा-बिहटा कोईलवर (लम्बाई-35.65 किमी,), मुंगेर (सफियाबाद)-बरियारपुर-घोरघट-सुल्तानगंज (लम्बाई-42. किमी.) एवं सुल्तानगंज-भागलपुर-सबौर (लम्बा-40.80 किमी.) गंगा पथ परियोजना शामिल है।

बिहार के बजट में पथ निर्माण विभाग के बजट में पिछले वर्ष की तुलना मे 598 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है। वहीं ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए ग्रामीण कार्य विभाग की बजट में 211 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है। 'बिहार राज्य पुल प्रबंधन एवं संधारण नीति 2025 के तह 250 मीटर से अधिक लम्बाई वाले 85 पुलों का स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट आईआईटी दिल्ली एवं आईआईटी पटना से कराया जा रहा है। वहीं 60 मीटर से अधिक लम्बाई के 624 पुलों का संधारण एवं प्रबंधन बिहार राज्य पुल निर्माण निगम कर रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) इस योजना अन्तर्गत राज्य के सभी जिलों में 100 या इससे अधिक की आबादी के छूटे हुए 13815 बसावटों (कुल लंबाई 16,652 किमी.) को बनाया जा रहा है।



बिहार में विमान सेवा को रफ्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सिविल विमानन विभाग के लिए 698.48 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। 2024-25 में इस विभाग का बजट शून्य था। दरभंगा में अंतरराष्ट्रीय एयरपोट बनेगा। करीब 90 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए सरकार ने 244.60 करोड़ रुपए और रनवे एक्सटेंशन और सिविल इन्क्लेव के लिए 5.79 करोड़ का भुगतान कर दिया है। सितंबर 2025 से ऑपरेट हो रहे पूर्णिया एयरपोर्ट के भवन के लिए मंगलवार को 15 एकड़ जमीन विमानन विभाग, बिहार के अपर मुख्य सचिव अखिलेश कुमार सिंह ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पूर्णिया एयरपोर्ट के सीनियर मैनेजर ओंकार नाथ सुमन को दे दिया। इससे पहले बिहार सरकार इस एयरपोर्ट के लिए 52 एकड़ जमीन दे चुकी है। बिहार में अभी पटना, गया, पूर्णिया व दरभंगा से विमानों का ऑपरेशन हो रहा है। सरकार ने 13 और हवाई अड्डों को बनाने का फैसला लिया है। बिहटा एयरपोर्ट बन रहा है। रक्सौल हवाई अड्डा के लिए 139 एकड़ जमीन अधिग्रहण के लिए 207.70 करोड़ रुपए सरकार ने पूर्वी चंपारण के भूअर्जन पदाधिकारी को दे दिया है।

सुल्तानगंज में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए 931 एकड़ जमीन की जरूरत है। इसके लिए 472.72 करोड़ रुपए भुगतान करने की कार्रवाई चल रही है। सारण के सोनपुर हवाई अड्डा के 4288 एकड़ जमीन के लिए 1302 करोड़ भुगतान के लिए प्रशासनिक मंजूरी की कार्रवाई जारी है। बेगूसराय में उलाव हवाई अड्डा व गोपालगंज में सबेया सैन्य हवाई अड्डा के ऑपरेशन से पहले इसके अध्ययन के लिए 81 लाख का भुगतान कर दिया गया है। बिहार में फिलहाल पटना, गया, दरभंगा और पूर्णिया एयरपोर्ट ऑपरेट कर रहा है। बिहटा एयरपोर्ट का भवन बन रहा है। बिहार में बिहटा के अलावा भागलपुर के सुल्तानगंज, राजगीर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, वैशाली के पीरपुर, मुंगेर, छपरा, मोतिहारी, वाल्मिकीनगर, सहरसा, बेगूसराय के उलाव, गोपालगंज के सबेया में एयरपोर्ट बनने का काम विभिन्न चरणों में चल रहा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# सेहत, स्वच्छता और सम्मान का समनव्य

कोई भी संवेदनशील और प्रगतिशील समाज अपने बीच जड़ें जमाए वैसी धारणाओं से लड़ता है, जिनका खमियाजा महिलाओं या कमजोर तबकों को उठाना पड़ता है। मगर यह विचित्र है कि हमारे देश में कुछ ऐसे प्रश्न आज भी सामाजिक विकास में एक बाधा बने हुए हैं, जिनका सीधा संबंध स्त्रियों की सेहत और गरिमा के साथ जुड़ा हुआ है।मासिक धर्म या माहवारी मूलत- महिलाओं या लड़कियों के स्वास्थ्य से जुड़ा सवाल है, लेकिन कई तरह की पितृसत्तात्मक सोच के कारण उसे संकोच का विषय बना दिया गया है। इसकी वजह से सामान्य जीवन में लड़कियों को बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इससे उनका स्वास्थ्य और व्यक्तित्व प्रभावित होता है।सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इसी संदर्भ में एक अहम हस्तक्षेप किया है और मासिक धर्म से जुड़े स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का हिस्सा बताया। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी बेहद अहम है कि मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों की अनुपलब्धता एक लड़की की गरिमा को कम करती है, क्योंकि गरिमा उन परिस्थितियों में व्यक्त होती है, जो लोगों को अपमान, बहिष्कार या अनावश्यक पीड़ा के बिना बाहर निकलने में सक्षम बनाती है।यह छिपा नहीं है कि महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य से जुड़ी माहवारी को लेकर समाज में कैसी मिथकें मौजूद रही हैं। इसकी वजह से घर से लेकर बाहर या कार्यस्थलों पर महिलाओं को कई तरह की असुविधाजनक स्थितियों का सामना करना पड़ता है। सैनिटरी पैड की उपलब्धता हर जगह नहीं होने की वजह से समस्या और बढ़ जाती है। अनेक अध्ययनों में ऐसे तथ्य सामने आते रहे हैं कि स्कूलों में स्वच्छ शौचालय की सुविधा न होने की वजह से बहुत सारी लड़कियों को बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को लड़कियों को जैविक रूप से अपघटनीय सैनिटरी पैट निशुक्ल बांटने के साथ-साथ लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाने का निर्देश दिया।

## क्या आर्थिक समीक्षा के सुझावों से कमजोर होगा 'सूचना का अधिकार' कानून?

सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून ने देश में लोकतंत्र की नींव को और मजबूत किया है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन के कामकाज में पारदर्शिता लाना और जवाबदेही तय करना है। यह देश के नागरिकों को अधिकार देता है कि वे सरकारी तंत्र और उसके कार्यों की जानकारी हासिल कर सकते हैं। यानी यह कानून सरकार और जनता के बीच सूचना के सेतु के रूप में काम करता है और परस्पर भरोसे का निर्माण करता है।भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और दोषियों को कानून के कठघरे में लाने की प्रक्रिया में भी इसकी महती भूमिका है। स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए जरूरी इन विशेषताओं में अगर कमी या कटौती की जाती है, तो निश्चित तौर पर यह कानून कमजोर होगा। यह मसला इसलिए चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि संसद में हाल में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में आरटीआइ कानून का फिर से अध्ययन करने की वकालत की गई है।तर्क दिए गए हैं कि इस कानून में कुछ ऐसे प्रावधान किए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि गोपनीय रपट और मसविदों को सार्वजनिक किए जाने से छूट प्राप्त की जा सके। गौरतलब है कि लंबे समय से सूचना के अधिकार की मांग के मद्देनजर वर्ष 2005 इससे संबंधित कानून को लागू किया गया था।संबंधित अधिकारी तय समय के भीतर यह सूचना उपलब्ध कराने के लिए बाध्य होते हैं। मगर समय के साथ सरकारी तंत्र की उदासीनता, लापरवाही और निहित स्वार्थों के कारण जानकारी छिपाने के प्रयासों से इस कानून की प्रभावशीलता में कमी देखी गई है, ऐसे में आर्थिक समीक्षा रपट में सूचना के अधिकारों का फिर से अध्ययन करने और कुछ मामलों में छूट हासिल करने की वकालत ने चिंता के स्तर को और बढ़ा दिया है। एक तरफ सरकार जब अपने कामकाज में 'पारदर्शिता लाने' और भ्रष्टाचार को लेकर 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाने पर जोर देती हो और दूसरी तरफ सूचना के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास किया जाए, तो यह नीति और नीयत के बीच विरोधाभास पैदा करता है। आर्थिक समीक्षा में यह भी उल्लेख किया गया है।

*दवा परीक्षण और अनुसंधान के लिए 1,000 टेस्टिंग साइट्स का नेटवर्क दवाओं की लागत कम कर सकता है। सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता भारत को वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत बनाएगी। रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है लेकिन नई नीतिगत घोषणाओं के अभाव में बाजार की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकी।*

# आम आदमी की आकांक्षाओं पर कितना खरा है बजट?

**(योगेश कुमार गोयल)**

शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को एक ओर जहां सरकार के घटक दलों द्वारा विकसित भारत का बजट और बदलते भारत की राजनीतिक-आर्थिक प्राथमिकताओं तथा सरकार की दीर्घकालिक सोच का आईना बताया गया है, वहीं विपक्ष द्वारा इसे पूरी तरह दिशाहीन बजट करार दिया गया है। वैसे निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश कर संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सवाल यह नहीं है कि बजट कितना बड़ा है या कितने नए आंकड़े पेश किए गए हैं बल्कि यह है कि क्या यह बजट महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक के वर्तमान को कुछ राहत देता है और भविष्य के लिए भरोसेमंद आधार तैयार करता है? बजट के तमाम महत्वपूर्ण प्रावधानों का आकलन किया जाए तो यह बजट विकास, निवेश, बुनियादी ढ़ांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक तो दिखाता है लेकिन इसके साथ ही इसमें कई ऐसे खाली स्थान भी हैं, जो आम आदमी और विशेषकर किसान, निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निराशा पैदा करते हैं। सरकार ने इस बार तात्कालिक लोकलुभावन उपायों से दूरी बनाते हुए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। यह दृष्टिकोण आर्थिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है लेकिन लोकतंत्र में बजट का मूल्यांकन केवल भविष्य के सपनों से नहीं, वर्तमान की चुनौतियों से भी होता है। शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुकेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रुपये का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। यह कदम युवाओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में सकारात्मक है। लेकिन यहां भी सबसे बड़ा प्रश्न क्रियान्वयन का है। क्या ये इंटर्नशिप वास्तविक कौशल और स्थायी रोजगार की ओर ले जाएंगी या फिर यह योजना सस्ते श्रम तक सीमित रह जाएगी? भारत पहले भी कई बार योजनाओं के आकर्षक नाम और बड़े लक्ष्यों के बावजूद जमीनी स्तर पर कमजोर क्रियान्वयन का अनुभव कर चुका है। 'स्किल इंडिया 2.0' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को क्षेत्रीय भाषाओं में सिखाने की योजना डिजिटल डिवाइड को कम करने की दिशा में अहम कदम है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी युवाओं के लिए यह तकनीकी दुनिया में प्रवेश का द्वार खोल सकता है लेकिन प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और उद्योग-सहयोग के बिना यह पहल भी सीमित असर तक सिमट सकती है। शिक्षा बजट को लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव सराहनीय है लेकिन बढ़ती छात्र संख्या, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और शोध की जरूरतों के सामने यह राशि अपर्याप्त प्रतीत होती है। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत और मायूसी का मिश्रण है। आयकर दरों में तो कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयकर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में घोषणा अवश्य की गई है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, कर व्यवस्था को जटिल छूटों के जाल से निकालकर सरल और पारदर्शी बनाना, ताकि उपभोग बढ़े और अर्थव्यवस्था में मांग का संचार हो। यह दृष्टिकोण आर्थिक सुस्ती के दौर में उपयोगी हो सकता है। सरकार ने कुछ चुनिंदा वस्तुओं और क्षेत्रों में कर कटौती कर राहत देने की कोशिश की है। कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निसंदेह करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक कदम है। मोबाइल फोन, ईवी बैटरी और सौर पैनलों पर रियायतें हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया को गति देने के साथ-साथ तकनीक को आम आदमी की पहुंच में लाने का प्रयास हैं। जूते, कपड़े और कुछ घरेलू उपकरणों के सस्ते होने से मध्यमवर्गीय खपत में हल्की तेजी आ सकती है लेकिन दूसरी ओर शराब, खनिज और स्क्रैप पर बढ़े शुल्क से उत्पादन लागत बढ़ने और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर असर पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। सबसे बड़ा झटका शेयर बाजार में देखने को मिला। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बढ़े टैक्स ने खुदरा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया और बजट के दौरान बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह संदेश गया कि सरकार सट्टात्मक गतिविधियों पर सख्ती चाहती है लेकिन इसके दुष्परिणाम अल्पकाल में निवेशकों और बाजार की स्थिरता पर पड़े। यह बजट महंगाई और निवेश के मोर्चे पर एक तरह का विरोधाभास प्रस्तुत करता है, एक ओर खपत बढ़ाने की कोशिश, दूसरी ओर निवेश भावना को झटका। इंफ्रास्ट्रक्चर पर ?12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय सरकार की विकास रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जिनमें मुंबई-पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे मार्ग शामिल हैं, भारत की कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास की तस्वीर बदल सकते हैं। बेहतर परिवहन से उद्योग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट को नई गति मिल सकती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस शहरीकरण के असंतुलन को सुधारने की दिशा में सही कदम है। हालांकि, बुनियादी ढ़ांचे पर खर्च का लाभ आम आदमी तक पहुंचने में समय लगता है और तात्कालिक रूप से निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई का दबाव बढ़ा सकती है। एमएसएमई और व्यापार जगत के लिए बजट में नई संजीवनी दिखाई देती है। 10,000 करोड़ रुपये का एसएमई ग्रोथ फंड छोटे उद्यमों को पूंजी की कमी से उबार सकता है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना महिला उद्यमिता को वास्तविक आर्थिक ताकत देने की दिशा में अहम कदम है। टेक्निकल टेक्सटाइल पर विशेष फोकस भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थान दिला सकता है और 'मेक इन इंडिया' को व्यावहारिक आधार दे सकता है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में यह बजट ऐतिहासिक कहा जा सकता है क्योंकि पहली बार कंटेंट क्रिएटर्स और क्रिएटिव इकोनॉमी को औपचारिक मान्यता दी गई है। 'रील' और 'रियल' इकोनॉमी के बीच की दीवार लगभग गिर चुकी है। डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, एनीमेशन और एजुकेशनल प्लेटफॉर्म को एमएसएमई जैसा दर्जा मिलने से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि बौद्धिक संपदा संरक्षण, आय की स्थिरता और नियमन जैसे सवाल भविष्य की बड़ी चुनौतियां बने रहेंगे। स्वास्थ्य और तकनीक के मोर्चे पर 'बायो-फार्मा 2.0' और सेमीकंडक्टर मिशन पर जोर भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को दर्शाता है।

# विकसित भारत की उड़ान- बजट 2026 के आर्थिक संकल्प

**(ललित गर्ग)**

पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत नवीन केंद्रीय बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए तो यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न की ठोस आधारशिला के रूप में सामने आता है। यह बजट उस रिफॉर्म एक्सप्रेस की तरह है जो बीते वर्षों में चली आर्थिक सुधारों की पटरियों पर तेज़ गति से दौड़ते हुए अब भारत को उच्च विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का दावा करता है। तुलनात्मक, विवेचनात्मक और समीक्षात्मक दृष्टि से यह बजट पूर्ववर्ती बजटों की निरंतरता को बनाए रखते हुए कई नए आयाम भी जोड़ता है, जो इसे ऐतिहासिक और भविष्यगामी बनाते हैं। पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। जहां पूर्व बजटों में संकट प्रबंधन और अर्थव्यवस्था को संभालने पर अधिक जोर था, वहीं यह बजट विकास की ऊंची उड़ान के लिए रनवे तैयार करता दिखता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का मंत्र यहां नारे से आगे बढ़कर नीतिगत संरचना का रूप लेता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की दृष्टि विशेष रूप से विवेचनात्मक है। चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और डिजिटल हेल्थ के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में किए गए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सरकार स्वास्थ्य को केवल खर्च नहीं, बल्कि मानव पूंजी में निवेश मान रही है। यदि पिछले दशक के बजटों से तुलना की जाए तो स्वास्थ्य पर आवंटन और दृष्टिकोण दोनों में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह बदलाव भारत को न केवल स्वस्थ समाज की ओर ले जाने वाला है, बल्कि उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को भी दीर्घकाल में मजबूती देगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट की आत्मा दूरदर्शी है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से जुड़ी शिक्षा पर बल यह दर्शाता है कि सरकार भविष्य के भारत के लिए आज के युवाओं को तैयार करना चाहती है। पूर्ववर्ती बजटों में शिक्षा पर खर्च की चर्चा होती थी, लेकिन इस बजट में शिक्षा को रोजगार और नवाचार से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। यह एक ऐसा बिंदु है जहाँ यह बजट तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व और व्यावहारिक प्रतीत होता है। विकास की दृष्टि से यह बजट 'इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लस समावेशन' का मॉडल प्रस्तुत करता है। रेलवे कॉरिडोरों के विकास, लॉजिस्टिक्स को सशक्त बनाने, सड़क, बंदरगाह और शहरी अवसंरचना में निवेश को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सात रेलवे कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन का माध्यम भी है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5994

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5993

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 5994

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| ■ | 9 | | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | ■ | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ |
| ■ | | ■ | 24 | | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 10 जून 1933 को मार्गरेट थैचर इस देश की पुनः प्रधानमंत्री चुनी गई (3)
4. दक्षिण अमेरिका की यह जल की मात्रा के हिसाब से विश्व की सबसे बड़ी नदी है (4)
7. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
8. सेवा, तीमारदारी, खिदमत (3)
9. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहते है (4)
11. वाक्य का अप्रभंश, बोलता हुआ (2)
14. गृह या भवन को यह भी कहते है (3)
16. प्रतिवासी, पडोसी (4)
18. राजा का निवास, भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म (3)
20. पाषाण पटल, शिला, पेषणी (2)
21. उच्चवर्णीण, अंडज, यज्ञोपवीतधारी (2)
22. वह धन जो श्रमादि करके उपार्जि किया हुआ हो (3)
23. वह बाल जिसका पिता का निधन हो गया हो (उूर्दू)(3)
24. नदी को अपभ्रंश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकार (3)
3. अरब का एक प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)
4. अंदाज, अनुमान, कयास (4)
5. वर्षा, प्रमेह, नर बकरी (2)
6. नवजात शिशु के आगमन पर खुशी हजहार करने पर महिलाओं का जमावड़ा, प्रदर्शनी (3)
10. जड़, नींव, आधार (4)
12. कोई विलक्षण कार्य, करतब (3)
13. हिम्मती, पराक्रमी, बहादुर (4)
15. कार्तिक शुक्ल द्वितीया को होने वाला भाईदूज पर्व इस नाम से भी जाना जाता है (5)
17. पुरूषोत्तम मास, अधिक मास (4)
19. पचित, पचेलिम, पचा हुआ (3)
23. जो, अगर (2)

### वर्ग पहेली 5993 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | र | ण | बे | दी | ■ | गं | ज |
| ता | न | ■ | गा | न | मं | ड | ली |
| ब | र | स | ना | ■ | ■ | क | ल |
| फ | ■ | मा | ■ | भू | सा | ■ | ■ |
| रो | ज | ना | म | चा | ■ | आ | शा |
| श | ल | ■ | त | ल | ब | गा | र |
| ■ | पा | य | ल | ■ | ह | मी | दा |
| सी | न | | बी | त | ना | ■ | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष

आपको संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा। घर-परिवार के लोगों के सहयोग से फायदा होगा। किसी सम्मान की भी आपको प्राप्ति हो सकती है। लोगों के बीच में आपकी छवि मजबूत होगी। शाम होते-होते कुछ शारीरिक परेशानी भी उठानी पड़ सकती है। आपको सामाजिक क्षेत्र में मान सम्मान की प्राप्ति होगी। पिता की ओर से भी आपको कल लाभ और सहयोग मिलने का योग बना हुआ है।

### वृष

आज आपको अपने शब्दों का सोच-समझकर इस्तेमाल करना होगा। आपकी बात सामने वाले को बुरी लग सकती है। हनुमान जी की कृपा आपके ऊपर बनी रहेगी और कोई फंसा हुआ धन आपको मिल सकता है। समझदारी से लिए गए फैसले आपको लाभ दिलाएंगे। आपके विरोधी और शत्रु भी कल शांत रहेंगे और आपकी प्रतिभा और आपके सकारात्मक पक्ष को देखकर हैरान होंगे।

### मिथुन

आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। दान-पुण्य के काम में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। नौकरी या व्यवसाय में अपने दम पर किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। नई योजनाओं की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। अटके हुए काम को निपटाने के लिए धन खर्च करना पड़ सकता है।

### तुला

आज कड़ी मेहनत से आपको कार्यों में सफलता मिलेगी। छोटे भाई-बहन से कोई मतभेद हो सकता है। घर से जुड़ी सुख-साधनों की वस्तुओं पर खर्च बढ़ सकता है। शत्रुओं पर जीत मिलेगी और उनके सभी प्रयास विफल होंगे। रात के समय किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। बिजनेस में आपका अच्छा मुनाफा मिल सकता है।

### वृश्चिक

आज छात्रों के लिए मंगलवार का दिन अच्छा रहेगा। शिक्षा में रुचि बढ़ेगी और कुछ नया सीखने में भी सफल होंगे। माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद मिलेगा। शाम के समय थोड़ा सावधान रहना होगा। सामान के चोरी होने या चोट लगने की संभावना दिख रही है।आप अपनी व्यवहार कुशलता और मृदु वाणी से विरोधियों और शत्रुओं से भी काम निकलवाने में सफल हो सकते हैं।

### धनु

आज आपके शत्रु आपके ऊपर हावी रहेंगे। सिंह राशि का चंद्रमा चतुर्थ भाव में आपको निडर बनाएगा। आप बिना किसी परेशानी के अपने सभी कार्य पूरे करते चले जाएंगे। जीवनसाथी का भी आपको सहयोग मिलेगा। रात के समय किसी यात्रा का भी सहयोग बन रहा है। शिक्षा प्रतियोगिता में भी आप सफलता पाएंगे। सुख साधनों में वृद्धि होगी। लव लाइफ के मामले में दिन रोमांटिक रहेगा।

### कर्क

आज भाग्य का पूरा साथ मिलने से आमदनी के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। करियर को लेकर किए गए प्रयास में आपको सफलता मिलेगी। कई रास्तों से धन आने से आपके कोष में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग आपके काम आएगा और कुछ नए दोस्त भी बनेंगे। रात के समय पुण्य कार्यों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आपको सुख साधन मिलने का भी कल संयोग।

### सिंह

आज पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। तंत्र-मंत्र और साधना में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। आपकी सलाह का उल्टा असर हो सकता है। रात के समय पुण्य कार्यों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कूटनीतिक बुद्धि और व्यवहारकुशला का आप कल लाभ ले पाएंगे। वैवाहिक जीवन आपका प्रेमपूर्ण रहेगा।

### कन्या

आज संपत्ति में वृद्धि की प्रबल संभावना है। ननिहाल पक्ष से कोई लाभ या मान-सम्मान प्राप्त होगा। पत्नी और ससुराल पक्ष का भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा। शाम के समय गुप्त शत्रुओं के कारण थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### मकर

आज आपको खर्चों पर थोड़ा कंट्रोल करना होगा। धार्मिक कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अपनी कुशल योजनाओं के बन पर शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम का समय लोगों से मेल-मिलाप में बीतेगा।सामाजिक क्षेत्र में आपकी पहचान का दायरा बढ़ेगा और आपको मान सम्मान की भी प्राप्ति होगी। आपके लिए सितारे बताते हैं कि आपको कल ससुराल पक्ष के संबंधियों से सहयोग मिल पाएगा।

### कुंभ

आज आपके बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। कठिन से कठिन कार्यों में भी आपको सफलता मिलेगी। दिन आपके लिए इच्छाओं की पूर्ति कराने वाला रहेगा। किसी प्रकार का सम्मान मिलने की भी प्रबल संभावना है। शाम का समय धार्मिक कार्यों में बीतेगा। जो जातक बीते कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं उनकी सेहत में सुधार हो सकता है। कारोबार व्यापार के सिलसिले में की गई आपकी यात्रा सफल और सुखद रहेगी।

### मीन

आज भाग्य आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा। लंबे समय से परेशान कर रही शारीरिक समस्या से आपको निजात मिलेगी। संतान पक्ष से भी खुशखबरी आपको मिलती दिख रही है। अपना वामी पर संयम रखकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलने की अधिक संभावना रहेगी।बीमार चल रहे जातकों के स्वास्थ्य में कल सुधार दिखेगा। वैवाहिक जीवन के मामले में दिन सुखद रहने वाला है।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com



# बहन शाहीन के साथ मिलकर फिल्म निर्माण करेंगी आलिया



आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय। यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आलिया ने अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ मिलकर किया है।

आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है- डोंट बी शाय है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...। दरअसल, यह एक ऐसी कहानी जिसके साथ आप बड़े होते हैं।

## सेलेब्स और फैंस के कमेंट्स

आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, अब तक की सबसे प्यारी घोषणा, एक फैन ने लिखा, आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है, दूसरे फैन ने लिखा, यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।

## कब रिलीज होगी लव एंड वॉर

आलिया भट्ट लव एंड वॉर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



# मलयालम से अलग है हिंदी दृश्यम 3 की कहानी

क्राइम-थ्रिलर 'दृश्यम' अपने तीसरे पार्ट के साथ फिर लौट रही है। 'दृश्यम 3' मलयालम के साथ हिंदी में भी शुरू हो चुकी है। एक बार फिर विजय सालगांवकर (अजय देवगन) अपनी फैमिली के साथ वापस लौट रहे हैं। अब फिल्म को लेकर अभिनेत्री श्रिया सरन काफी उत्साहित हैं। उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के अपने सफर को इमोशनल बताते 'दृश्यम 3' के बारे में बात की है।

## दस साल पहले शुरू हुई थी पहले पार्ट की शूटिंग

इंडिया टुडे के साथ बात करते हुए श्रिया सरन ने 'दृश्यम 3' को लेकर खुशी जताई। 'दृश्यम' की दुनिया में अपनी भूमिका को फिर से निभाने के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। इस बार, कहानी असाधारण रूप से अच्छी तरह से लिखी गई है, बहुत कसी हुई और दिलचस्प है। यह फ्रेंचाइजी का आखिरी पार्ट है। हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। यह मेरे लिए एक बेहद भावुक सफर है क्योंकि जब मैंने हाल ही में फिल्म देखी, तो मुझे एहसास हुआ कि पहला भाग दस साल से भी पहले शूट किया गया था। हम सब बहुत बदल गए हैं। मैं तब से बहुत बदल गई हूं।'

## इस वजह से बाकी फिल्मों से अलग है 'दृश्यम'

श्रिया ने बताया कि दृश्यम को जो बात सबसे अलग बनाती है, वह सस्पेंस जॉनर में कहानी को अलग तरह से कहने की कला है। मुझे याद नहीं कि किसी मिस्ट्री फ्रेंचाइजी के तीन पार्ट हों। हमने ड्रामा सीरीज तो देखी हैं, लेकिन एक मिस्ट्री फ्रेंचाइजी, जिसमें पूरी कहानी एक छोटी सी घटना के इर्द-गिर्द घूमती हो, यह कमाल है। यकीन मानिए तीसरा पार्ट बेहद दिलचस्प है। इस दौरान उन्होंने 'दृश्यम 3' के एक बड़े ट्विस्ट की ओर भी इशारा किया।




## मलयालम से अलग है हिंदी वर्जन

श्रिया सरन का मानना है कि मलयालम और हिंदी की 'दृश्यम' में अंतर है। यही कारण है कि फिल्म हर भाषा में अलग अनुभव देती है और पसंद की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी 'दृश्यम 2' मलयालम वर्जन से बहुत अलग थी। यहां तक कि हिंदी 'दृश्यम 3' भी मलयालम वाली फिल्म से काफी अलग है।

## 2015 में रिलीज हुई थी पहली 'दृश्यम'

'दृश्यम' फ्रेंचाइज की शुरुआत साल 2015 में हुई थी। पहली फिल्म में अजय देवगन के साथ तब्बू, श्रिया सरन, रजत कपूर और इशिता दत्त प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। इसके बाद साल 2022 में 'दृश्यम 2' रिलीज हुई। इसमें अक्षय खन्ना भी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। अब लगभग चार साल बाद फ्रेंचाइजी का तीसरा पार्ट रिलीज होने जा रहा है।

# भूमि पेडनेकर ने इंटरनेट स्क्रोलिंग को कहा दलदल

**भूमि पेडनेकर की क्राइम बेस्ड सीरीज दलदल में उनके किरदार की दर्शक काफी तारीफ कर रहे हैं। बचपन के ट्रामा और मानसिक हालत को जोड़ कर बनी हुई ये सीरीज कई परतें खोलती हैं। इस इंटरव्यू में अभिनेत्री ने एंटरप्रेन्योर के तौर पर कई बातें साझा की हैं।**

भूमि की वेब सीरीज दलदल में आज के दौर में समाज में हो रहे अपराध के पीछे के कारण को भी दिखाया गया है। भूमि से जब उनके सबसे बड़े दलदल के बारे पूछा गया तो भूमि ने कहा, मेरा सबसे बड़ा दलदल इंटरनेट स्क्रोलिंग था। मुझे सोशल मीडिया यूज करते वक्त पता ही नहीं चलता था कि कब कितना समय निकल गया? यह एक ऐसी आदत थी जिससे बाहर निकलना जरूरी था और मैंने इसे धीरे-धीरे बदला भी। आज सोशल मीडिया एक बेहद डरावनी जगह बन गया है। सोशल मीडिया पर अगर किसी के बारे में एक बार कुछ गलत कह दिया जाए तो बाकी लोग भी वही दोहराने लगते हैं और वह चीज एक ट्रेंड बन जाती है। लोगों के लिए जागरुक रहना और खुद को इस दलदल से बाहर निकालना जरूरी है।

बतौर एंटरप्रेन्योर इस फील्ड में जाएंगी भूमि अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने बातचीत के दौरान सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल पर भी चर्चा की। बतौर एंटरप्रेन्योर,जब भूमि से ये पूछा गया कि क्या एक सच और झूठ बता देने वाला प्लेटफॉर्म बनाना चाहिए तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया, यह वाकई एक बहुत अच्छा आइडिया है। मेरे मन में अक्सर आता है कि काश ऐसा कोई स्टार्टअप या प्लेटफॉर्म हो जो सिर्फ फैक्ट चेक पर काम करे। जहां लोग अपनी तरफ से भी वीडियो या जानकारी भेज सकें और यह प्लेटफॉर्म एआई या एक्सपर्ट्स की मदद से तुरंत बता सके कि यह सच है या झूठ।कई मीडिया हाउस फैक्ट चेक करते हैं जोकि बहुत अच्छा काम है। मैं खुद भी एक एंटरप्रेन्योर हूं और शायद आगे चलकर इस फील्ड में कुछ करना चाहूंगी।

## 'दलदल' वेब सीरीज ओटीटी पर रिलीज

'दलदल' वेब सीरीज 30 जनवरी से अमेजन प्राइम पर रिलीज हो चुकी है। भूमि पेडनेकर इस सीरीज में मुख्य किरदार में हैं, साथ ही समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी सीरीज में अहम भूमिका में हैं। इस वेब सीरीज में बाकी सपोर्टिंग कैरेक्टर्स जैसे की जया भट्टाचार्य, चिनमय मंडलेकर, गीता अग्रवाल, संदीप कुलकर्णी, सौरभ गोयल भी मौजूद हैं।





# श्रीलीला के साथ पहली बार नजर आएंगे धनुष

धनुष ने हाल ही में अपनी 55वीं फिल्म का एलान किया है, जिसका अस्थाई नाम डी55 है। निर्माताओं ने स्टार कास्ट की घोषणा भी कर दी है। निर्देशक राजकुमार पेरियासामी की अगली फिल्म में धनुष के साथ मुख्य भूमिका में यह अभिनेत्री पहली बार नजर आएंगी। राजकुमार पेरियासामी पहले अमरन फिल्म बना चुके हैं।

## धनुष की आगामी फिल्म का नाम

धनुष की आगामी फिल्म का अस्थाई नाम डी55 है। यह अस्थाई नाम इसलिए डी55 रखा गया है क्योंकि यह धनुष की 55वीं फिल्म हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मुख्य अभिनेत्री के रूप में श्रीलीला नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार पेरियासामी करेंगे। धनुष और श्रीलीला पहली बार किसी फिल्म में एक साथ नजर आने वाले हैं।

## निर्माताओं ने की घोषणा

फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी वंडरबार फिल्म्स ने यह घोषणा की। उन्होंने लिखा, आपने यह उम्मीद नहीं की होगी। खूबसूरत अभिनेत्री श्रीलीला का डी55 में स्वागत है। साथ में धनुष, श्रीलीला और टीम की कई तस्वीरें भी शेयर की गईं, जो बहुत तेजी से फैंस के बीच सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

## फिल्म डी55 के बारे में

डी55 एक बड़ा प्रोजेक्ट है। धनुष अपनी कंपनी वंडरबार फिल्म्स के साथ आर टेक स्टूडियोज को मिलकर इसे बना रहे हैं। फिल्म का निर्माण अभी मुंबई में चल रहा है। शूटिंग 2026 के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है। फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर दे रहे हैं। यह फिल्म 2027 में रिलीज हो सकती है।



# दमदार एक्टर होने के साथ एक फैमिली मैन भी हैं शाहिद कपूर



**बॉलीवुड में शाहिद कपूर की शुरुआत साल 2003 में एक लवर बॉय के तौर पर इश्क विश्क से हुई थी। इंडस्ट्री में आम तौर पर एक्टर्स का एक इमेज में बंध जाना जहां स्वभाविक की समस्या बन जाती है, वहीं हरफनमौला शाहिद ने इस बंधन को मानने से इनकार कर दिया। पर्दे पर उन्हें जब वी मेट और विवाह में निहारने वाले दर्शक तब दंग रह गए, जब कमीने, हैदर, कबीर सिंह में उनका इन्टेंस अवतार दिखा। अब वह विशाल भारद्वाज की ओ रोमियो में एक गैंगस्टर के रोल में नजर आने वाले हैं। आप चाहे उनके फैन हो या नहीं, लेकिन उनकी अदाकारी के ग्राफ की तारीफ हर कोई करता है। एक दमदार एक्टर होने के साथ ही शाहिद एक फैमिली मैन भी हैं। बातचीत में उन्होंने करियर और निजी जीवन के बीच के संतुलन, पैरेंटिंग, शादी, परफॉर्मेंस ओरिएंटेड भूमिकाओं, और ओ रोमियो पर बात की है।**

## अपने परिवार को पॉजिटिव सोच देनी चाहिए

शाहिद कपूर एक बेहतरीन पिता भी हैं। वह मीशा और ज़ैन के प्यारे पापा हैं। आज के दौर में वह बच्चों को वह किस तरह के वैल्यूज देना चाहेंगे? इस सवाल पर एक्टर कहते हैं, 'इस पर तो किताब लिखी जा सकती है। मुझे लगता है कि आपके परिवार के जो मूल्य हैं, वह आपके बच्चों में होने चाहिए। बच्चों को हमेशा पॉजिटिव एनर्जी देनी चाहिए, क्योंकि आजकल के बच्चे और यंगस्टर्स बहुत समझदार हो गए हैं। आजकल के बच्चे हर चीज के लिए बहुत ज्यादा सोचते हैं और नकारात्मक पहलुओं की तरफ उनका फोकस ज्यादा है, तो ऐसे में उन्हें पॉजिटिव सोच देना बहुत जरूरी है। उन्हें बताना जरूरी है कि हम इन फैमिली वैल्यूज में विश्वास करते हैं। बच्चों को बहुत ज्यादा प्यार देने की जरूरत है, एक कनेक्शन स्थापित करना, उनसे कम्युनिकेट करना बेहद आवश्यक है।'

## बच्चों पर अपने सपने ना थोपें

शाहिद से जब पूछा गया कि वह अपने बच्चों को किस चीज से बचाना चाहेंगे? तो जवाब मिला, 'मुझे लगता है कि मां-बाप को अपने बच्चों को अपनी ख्वाहिशों और महत्वाकांक्षाओं से बचाना चाहिए। बच्चों पर अपने सपने न थोपें। ऊपर वाले ने उन्हें अपनी एक यात्रा पर भेजा है और बच्चों को उस सफर पर जाने दें।'

## शादी में एक-दूसरे को वक्त देना बहुत जरूरी है

पत्नी मीरा राजपूत के साथ बॉन्डिंग के बारे में शाहिद कहते हैं, 'मैं हमेशा कहता हूं कि शादी डेली वर्क है। अपनी शादी देखकर हर किसी को लगता है कि दूसरे की शादी अच्छी है, पर ऐसा नहीं होता। जिस तरह से आप आज इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर फोकस करते हैं, उसी तरह से अपनी रिलेशनशिप पर भी ध्यान देना जरूरी है। जब आप अपने पार्टनर पर ध्यान देते हैं और उसे इज्जत देते हैं, तो वह सामने वाले को भी महसूस होता है। शादी में पार्टनर को वक्त और सम्मान देना बहुत आवश्यक है। मैं-मीरा ये ही कोशिश करते हैं।'

## आप तभी ट्रांसफॉर्म होते हैं, जब खुद को चुनौती देते हैं

शाहिद कपूर ने लवर बॉय से अपने करियर की शुरुआत की थी और फिर इंटेंस और टफ भूमिकाओं में नजर आए। इस ट्रांसफॉर्मेशन पर वह कहते हैं, 'आप ट्रांसफोर्म तभी हो पाते हैं, जब आप रिस्क लेना या खुद को चुनौती देना शुरू करते हैं। इससे आप मुश्किल भूमिकाएं कर पाते हैं और फिर उस सफर का आनंद उठाने लगते हैं। जब लोग उस चीज को देखते हैं और पसंद करते हैं, तब वे उस तरह के रोल्स का प्रस्ताव आपके पास लाने लगते हैं और एक सिलसिला चल निकलता है।

## ओ रोमियो डरावनी भी है, रोमांटिक भी, इमोशनल भी

शाहिद आगे कहते हैं, अब विशाल सर के साथ ही ओ रोमियो मेरी चौथी फिल्म है। ये नब्बे के गैंगस्टर की प्रेम कहानी है और सभी जानते हैं कि विशाल भारद्वाज की फिल्मों की दुनिया थोड़ी अनोखी और अजीब होती है। फिल्म के अंदर एक ड्रामा है, पर यह फिल्म थोड़ी क्विर्की है। ये एक ही साथ में डरावनी भी है, रोमांटिक भी और इमोशनल भी।'

## संक्षिप्त समाचार

### अबू सलेम को हाई कोर्ट की दो टूक, सुरक्षा खर्च नहीं दे सकते, तो पैरोल नहीं

**मुंबई , एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने मंगलवार को संकेत दिया कि वह जेल में बंद अंडरव ?र्ल्ड



डान अबू सलेम को उत्तर प्रदेश स्थित उसके गृह नगर जाने के लिए पैरोल देने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उसके वकील ने पुलिस सुरक्षा के शुल्क का भुगतान करने में असमर्थता व्यक्त की है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और श्याम चंदक की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि वह 17 लाख रुपये से अधिक के सुरक्षा शुल्क पर मोलभाव नहीं कर सकती। 1993 के मुंबई बम धमाकों के मामले में 25 साल की सजा काट रहे सलेम ने अपने भाई अबू हकीम अंसारी की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए आजमगढ़ जिले में अपने पैतृक स्थान जाने के लिए पैरोल मांगी है। अदालत ने पहले सुझाव दिया था कि वह आवश्यक शुल्क का भुगतान स्वयं करने के बाद पुलिस सुरक्षा के तहत पैरोल का लाभ उठा सकता है। मंगलवार को उसके वकील फरहाना शाह ने अदालत को बताया कि सुरक्षा शुल्क बहुत ज्यादा है। उनका मुवक्किल वर्षों से जेल में है। उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। अधिकारियों ने उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक रोड केंद्रीय जेल में बंद सलेम को अपने गृह नगर जाने के लिए अदालत द्वारा पैरोल दिए जाने पर उसके साथ जाने वाली पुलिस सुरक्षा पार्टी के लिए 17 लाख रुपये से अधिक का भुगतान करने को कहा है। शाह ने अदालत को बताया कि प्रत्यर्पित अंडरव ?र्ल्ड डान एक लाख रुपये से अधिक का भुगतान नहीं कर पाएगा। इस पर खंडपीठ ने कहा कि वह मोलभाव नहीं कर सकती। यदि वह पुलिस सुरक्षा के साथ अपने पैतृक स्थान जाना चाहता है तो उसे अनिवार्य शुल्क का भुगतान करना होगा।

### यूनानी चिकित्सा की हिंदी में पढ़ाई करवाने वाला पहला राज्य बनेगा मध्य प्रदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश में एलोपैथी के बाद अब यूनानी चिकित्सा पद्धति की पढ़ाई भी हिंदी में होगी। इसके लिए आयुष विभाग ने उर्दू पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद कराया है। स्नातक बीयूएमएस प्रथम वर्ष में सात विषय हैं। इनमें से पांच विषयों की पुस्तकों का अनुवाद हो गया है। दो विषयों की पुस्तकें उर्दू और अरबी भाषा की हैं। एनाटॉमी यानी शरीर रचना विज्ञान और फिजियोलॉजी (शरीर क्रिया विज्ञान) की पुस्तकों का अनुवाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कराया था। यूनानी चिकित्सा पद्धति का पाठ्यक्रम भी वही है, इसलिए उन्हीं पुस्तकों का यहां उपयोग किया जाएगा। बता दें, एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पुस्तकें, पढ़ाई और परीक्षा हिंदी में करवाने की पहल भी मध्य प्रदेश में ही हुई थी। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआइएसएम) भी इसके पक्ष में है।

### पुणे में बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां को कार ने मारी टक्कर

**पुणे , एजेंसी।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का पुणे में एक्सीडेंट हो गया है। इस हादसे में वह घायल हो गई। इस घटना को लेकर शहजाद पूनावाला ने दावा किया है कि उनकी मां को जानबूझकर टक्कर मारा गया है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है।

**कांग्रेस सरकार ने मनरेगा को वापस लाने की मांग की**

# कर्नाटक विस में पेश वीबी जी राम जी रद्द करने का प्रस्ताव

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र से नए ग्रामीण रोजगार कानून वीबी जी राम जी अधिनियम को तुरंत रद करने और यूपीए शासनकाल के मनरेगा को उसकी मूल स्थिति में पुनर्स्थापित करने की मांग की गई। भाजपा ने इस प्रस्ताव का जमकर विरोध किया है।

मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के मंगलवार को पेश किए प्रस्ताव में कहा गया कि वीबी जी राम जी अधिनियम, जिसे केंद्र ने एकतरफा तरीके से लागू किया है, ये संघीय मूल सिद्धांतों और ग्रामीण लोगों के आजीविका के अधिकार के लिए हानिकारक है।

प्रस्ताव में कहा गया, कर्नाटक के ग्रामीण लोगों के जीवन के अधिकार की रक्षा के लिए, यह सदन केंद्र सरकार से आग्रह करता है कि वह विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) अधिनियम को तुरंत रद करें, जो संघीय सिद्धांत के खिलाफ है। ये राज्य के खजाने पर बड़ा बोझ है और विकेंद्रीकरण के सिद्धांत के खिलाफ है। ग्राम पंचायतों के अधिकारों और शक्तियों को छीन लेता हैं और महात्मा गांधी



राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसकी मूल स्थिति में पुर्नस्थापित करे, जिसने ग्रामीण संपत्ति निर्माण और गरीबों की आत्मनिर्भरता में योगदान दिया है। भाजपा के नेता आर. अशोक के नेतृत्व में भाजपा के सदस्यों ने तुरंत इसका विरोध किया और कहा, सदन का विरोध मत कहो, कहो कांग्रेस सरकार का विरोध है। हमें इसमें भागीदार मत बनाओ। भाजपा के सदस्यों द्वारा लगातार नारेबाजी ने सिद्दरमैया को परेशान कर दिया।

गुस्साए मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के सदस्यों से प्रतिक्रिया देने के लिए कहा, जिससे हंगामा बढ़ गया। अध्यक्ष यूटी खादर ने फिर सदन को दोपहर के भोजन के लिए स्थगित कर दिया।

प्रस्ताव में भी वीबी-ग्राम-जीप्रस्ताव में वीबी जी राम जी अधिनियम का संक्षिप्त नाम वीबी-ग्राम-जी के रूप में दिया गया है, जबकि वास्तविक नाम वीबी जी राम जी अधिनियम है। भाजपा ने विरोध दर्ज कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को राम नाम से एलर्जी है। ध्यान रहे कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी इस अधिनियम के गलत नाम वीबी-ग्राम-जी का ही उच्चारण किया था।

### मोदी के अपमान पर हंगामा

कर्नाटक विधान परिषद में कांग्रेस के एमएलसी नजीर अहमद द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों पर हंगामा हुआ। सोमवार को परिषद में अहमद ने अपमानजनक टिप्पणियां कीं, जिससे भाजपा ने बिना शर्त माफी की मांग की। मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। भाजपा के सदस्यों ने सदन में अहमद के खिलाफ नारेबाजी की।

### राय के स्वजनों के बयान होंगे दर्ज

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वरा ने कहा कि कांफिडेंट ग्रुप के संस्थापक सीजे राय की मौत की जांच कर रही एसआइटी परिवार के सदस्यों और अन्य के बयान दर्ज करेगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। राय 30 जनवरी को आयकर विभाग के छापे के दौरान अपने कार्यालय में गोली लगने से मृत पाए गए थे।

# गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में रोज शाम 4 घंटे गाड़ियों की रहेगी नो एंट्री

**रेलवे अफसरों से वार्ता होगी, गाजियाबाद पुलिस को दस नए पीआरवी वाहन मिले**

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस और ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि राजनगर एक्सटेंशन में रोजाना 4 घंटे व्यावसायिक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में भारी वाहनों के आवागमन, जाम की समस्या और व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े बिंदुओं पर मंथन किया गया। एडिशनल सीपी ट्रैफिक एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विशेष रूप से राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन से होने वाले जाम और दुर्घटनाओं की समस्या पर चर्चा हुई। इसके साथ ही साजन मोड़ से चौधरी मोड़ होते हुए रेलवे स्टेशन गाजियाबाद तक भारी व्यावसायिक वाहनों के संचालन को प्रतिबंधित किए जाने के विकल्पों पर ट्रांसपोर्ट यूनियन से सुझाव मांगे गए।



विचार-विमर्श के दौरान ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखे। सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए यह सहमति बनी कि नागद्वार से राजनगर रेजीडेंसी यू-टर्न के बीच रोजाना शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक सभी प्रकार के कॉमर्शियल वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस निर्णय से पीक आवर में जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। एडिशनल सीपी ने बताया कि साजन मोड़ से चौधरी मोड़ होते हुए रेलवे स्टेशन तक भारी वाहनों के आवागमन को लेकर रेलवे अधिकारियों से वार्ता कर व्यावहारिक समाधान निकालने पर भी सहमति बनी। इस विषय में आगे अलग से निर्णय लिया जाएगा। गाजियाबाद पुलिस को दूसरे चरण में 10 नए दोपहिया पीआरवी वाहन मिले हैं। एडीसीपी क्राइम व प्रोटोकॉल पीयूष सिंह ने बताया कि यूपी-112 परियोजना के तहत गाजियाबाद को 10 दोपहिया पीआरवी वाहन आवंटित किए गए हैं। इन वाहनों का उद्देश्य तंग गलियों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और ट्रैफिक जाम वाले इलाकों में भी तेजी से पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि कॉलर व पीड़ित को समय रहते सहायता मिल सके। मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन सभी दस दोपहिया पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न थानाक्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर एसीपी ट्रैफिक व यूपी-112 जियाउद्दीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 मौजूद रहे। एडीसीपी प्रोटोकॉल ने बताया कि दोपहिया पीआरवी वाहनों के शामिल होने से यूपी-112 की आपातकालीन सेवाएं और अधिक मजबूत होंगी। खासकर दुर्घटना, अपराध, मेडिकल इमरजेंसी और महिलाओं से जुड़े मामलों में पुलिस की पहुंच पहले से कहीं ज्यादा तेज होगी।

**घायल महिला की लगभग आठ घंटे लंबी सर्जरी की गई**

# बेंगलुरु में महिला पर रॉटवीलर कुत्ते ने किया हमला, लगे 80 से अधिक टांके

**बेंगलुरु , एजेंसी।**
बेंगलुरु में 31 वर्षीय एक महिला पर रॉटवीलर नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में महिला के चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला की लगभग आठ घंटे लंबी सर्जरी की गई। इस मामले में पुलिस ने इसके मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 जनवरी को तब हुई, जब एचएसआर लेआउट के टीचर्स कालोनी में रहने वाली शालिनी दुबे सुबह अपने घर के पास टहलने के लिए निकली थीं।

घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज में कुत्ते को सड़क पर महिला की ओर दौड़ते हुए, उन्हें नीचे गिराते और उनके चेहरे और गर्दन पर बार-बार काटते हुए देखा गया है। महिला के परिवार ने आरोप लगाया कि कुत्ते के मालिक ने उसे बिना पट्टे के सड़क पर



खुला छोड़ दिया था। कुत्ते के मुंह पर किसी प्रकार का कोई कवर भी नहीं लगा था। शालिनी के पति सत्य प्रकाश दुबे ने बताया कि इस हमले में शालिनी को चेहरे, गले और सिर पर गहरी चोटें आई हैं। उन्हें 80 से अधिक टांके लगे हैं। उनकी सर्जरी आठ घंटे तक चली। वह अभी अस्पताल में भर्ती हैं।

सत्य प्रकाश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को सुबह 6.50 बजे जब शालिनी टहल कर वापस आ रही थी, तब यह घटना हुई।

उन्होंने कहा कि यदि मालिक इतने बड़े कुत्ते को नियंत्रित नहीं कर सकता था तो उसे कभी भी खुला नहीं छोड़ा जाना चाहिए था। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा नियमों का पालन करना और कुत्ते को पट्टा व मुखौटा पहनाकर रखना मालिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी गहरे सदमे में है। चिकित्सकों के अनुसार, उनके चेहरे और शरीर पर चोट के निशान उम्र भर रहेंगे। शिकायत के बाद कुत्ते के मालिक अमरेश रेड्डी के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

### विवाह पूर्व संबंधों से जन्मी संतान के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि विवाह पूर्व संबंध से जन्मी संतान के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पति की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत विवाह के पूर्व संबंधों के कारण जन्मी संतान भी पिता से भरण-पोषण पाने का अधिकार रखती है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य समाज में बेसहारा और दर-दर भटकने की स्थिति को रोकना है।यह मामला बेमेतरा जिले के एक युवक से संबंधित है।

# नोएडा सेक्टर 150 में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, इंजीनियर की मौत के बाद अथॉरिटी का फैसला

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा में 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के बाद अब नोएडा प्राधिकरण अब ऐक्शन में आ गया है। प्राधिकरण ने सेक्टर 150 की अंदरूनी सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का फैसला लिया है। प्राधिकरण द्वारा यह कदम पिछले महीने इंजीनियर के कार समेत पानी से भरे गड्ढे में डूबने के बाद स्थानीय लोगों की सुरक्षा मांगों के जवाब में उठाया गया है।

**सर्वे कर होगी लोकेशन की पहचानः** एचटी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इंजीनियरिंग और ट्रैफिक टीमों द्वारा एक संयुक्त सर्वे में कैमरों के लिए खास जगहों की पहचान की जाएगी ताकि निगरानी में कमी, ब्लैक स्पॉट, मेन रोड और हाउसिंग सोसाइटियों के बाहर के इलाकों को कवर किया जा सके। प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड की निगरानी सेक्टर 94 में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के जनरल मैनेजर एसपी सिंह ने कहा, सेक्टर 150 के निवासियों ने सीसीटीवी लगाने की मांग की है ताकि इस जगह कैमरों से निगरानी रखी जा सके... प्राधिकरण उन सही जगहों की पहचान करने के लिए एक सर्वे करेगा, जहां सीसीटीवी लगाने की जरूरत है। इसके बाद, एक एस्टीमेट तैयार किया



जाएगा। इस कदम का मकसद तेजी से डेवलप हो रहे इस सेक्टर में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करना है, जिसमें लगभग एक दर्जन हाउसिंग सोसाइटी और 10,000 से लोग रहते हैं, लेकिन यहां असमान रोशन, कंस्ट्रक्शन का मलबा और सीमित निगरानी जैसी समस्याएं हैं।

यह कदम 27 साल के युवराज मेहता की मौत के बाद देशभर में फैले गुस्से के बाद उठाया गया है। 17 जनवरी की देर रात युवराज की कार सड़क से फिसलकर एक कमर्शियल प्रोजेक्ट के लिए खोदे गए पानी से भरे गड्ढे में गिर गई थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। सेक्टर 150 के रहने वाले मनमीत सिंह ने कहा, इस बिना रखरखाव वाले इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे हमें सुरक्षा का एहसास देंगे और पुलिस किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए असामाजिक गतिविधियों और लोगों पर नजर रख सकती है।

नए कैमरों को शहर के मौजूदा इंटीग्रेटेड स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम में जोड़ा जाएगा, जो ई-चालान और जांच में मदद के लिए 82 जगहों पर 1,065 एडवांस्ड कैमरों का इस्तेमाल करता है।

प्राधिकरण ने सुरक्षा से जुड़े सुधारों के तहत हादसे वाली जगह पर इंजीनियरिंग सुधार पूरे कर लिए हैं। उस खतरनाक मोड़ के पास रिफ्लेक्टिव स्टड, हाई-इंटेंसिटी रिफ्लेक्टर और बेहतर स्ट्रीट लाइटिंग लगाई गई है, जहां यह जानलेवा हादसा हुआ था। अब बैरिकेड्स वाहनों को सीधे गहरे गड्ढे के किनारे वाले मोड़ पर जाने से रोकते हैं।

# तीन सबसे भीड़भाड़ वाली सड़कों का होगा कायाकल्प, जाम से मिलेगी मुक्ति

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले तीन प्रमुख मार्गों का कायाकल्प होने जा रहा है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इसके लिए लगभग 50 करोड़ रुपये का फंड भी जारी कर दिया है। नए प्रोजेक्ट के तहत एमजी रोड (आईएफएफसीओ चौक से गोल्फ कोर्स रोड की शुरुआत तक), हैमिल्टन कोर्ट रोड और व्यापार केंद्र रोड 31 मार्च 2026 तक आदर्श सड़कों में तब्दील होंगी। वर्तमान में हैमिल्टन और व्यापार केंद्र सड़कें वन-वे जिन्हें टू-वे किया जाएगा।

यह निर्णय जनवरी में जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद लिया गया है। नई सड़कें इस तरह से बनाई जाएंगी जिसमें अनुशासित यातायात, पैदल चलने वालों की सुरक्षा और मौजूदा बुनियादी ढांचे को पहले से ज्यादा बेहतर किया जाएगा।

नई आदर्श सड़कों में लेन की नई मार्किंग, पैदल यात्री संकेतों के साथ जेब्रा क्रॉसिंग, बेहतर ट्रैफिक लाइट व्यवस्था, पूरी तरह ऑपरेशनल सर्विस रोड, अतिक्रमण और अवैध पार्किंग को हटाना, डिजिटल सूचना बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइटिंग में



सुधार और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम होंगे। वहीं ट्रैफिक पुलिस की मैन्युअल चैकिंग की जरूरत को खत्म करते हुए सीसीटीवी सर्विलांस के जरिए ई-चालान जारी किए जाएंगे। इन तीनों सड़कों पर अवैध पार्किंग और रेहड़ी-पटरी वालों के अतिक्रमण की लगातार शिकायतें आती रही हैं। ऐसे में नई रोड बनने के बाद इस समस्या से भी निजात मिलने की उम्मीद है। जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता अमित गोदारा के मुताबिक, इन तीनों हिस्सों पर विकास कार्य पहले से ही चल रहे थे। अब हैमिल्टन और व्यापार केंद्र के लिए 20-20 करोड़ रुपये और एमजी रोड के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट फाइनल किया गया है। इन रोड पर ट्रैफिक बहुत ज्यादा रहता है, इसलिए इन्हें सभी सुविधाओं से लैस सुगम टू-वे सड़क बनाने की आवश्यकता है। आपका बता दें कि फरवरी 2024 में भी जीएमडीए ने हैमिल्टन कोर्ट और व्यापार केंद्र सड़कों के नवीनीकरण का काम हाथ में लिया था लेकिन वह अधूरा रह गया था जिससे इन सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या और बढ़ गई।

# हिंडन के नए पुल पर अगले महीने से सड़क बनने की उम्मीद, परी चौक पर घटेगा जाम

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-146/147 से ग्रेटर नोएडा के एलजी चौक तक हिंडन होकर नया संपर्क मार्ग बन रहा है। यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन हिंडन पर नया पुल बना रहा है। इस पर सड़क बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया है। उम्मीद है कि मार्च के अंत तक काम शुरू हो जाएगा। यूपी स्टेट ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने नोएडा को बताया कि हिंडन पर पुल बनाने का काम 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। पुल बनाने का काम पूरा होते ही इस पर बिटुमिन और मैस्टिक का काम किया जाएगा। अगर इस टेंडर में किसी एजेंसी का चयन हो जाता है तो मार्च के अंत तक बिटुमिन का काम शुरू करा दिया जाएगा। इसको पूरा होने में करीब एक महीने का समय लगेगा।



इस बारे में प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जुलाई तक इस सड़कों वाहनों के लिए खोलने की तैयारी है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने-अपने हिस्से में सड़क बना रहे हैं। यह काम पूरा होने के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा की तरफ संपर्क मार्ग की लंबाई लगभग एक किलोमीटर है, जिसे बनाने में लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। प्राधिकरण इसे शीघ्र बनाने के लिए प्रयासरत है।

पुल के अलावा नोएडा में सड़क बनाने का 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है, जबकि ग्रेटर नोएडा में यह काम 50 प्रतिशत हो गया है। नोएडा में पुल को जोड़ने के लिए करीब 800 मीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है, जिस पर 31 करोड़ 15 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि पुल बन जाने के बाद नोएडा की ओर के बचे काम को पूरा करने के लिए करीब तीन महीने का समय चाहिए होगा। पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक ने इस काम का जायजा लेकर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया था। इस नए संपर्क मार्ग बन जाने से परी चौक पर वाहनों का दबाव कम होगा। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर, गामा, अल्फा आदि सेक्टरों से नोएडा की ओर आने-जाने वाले वाहन इसी नए मार्ग का इस्तेमाल करेंगे। उनको परी चौक की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे वाहन चालकों का करीब 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर बचेगा। इसके अलावा परी चौक पर जाम भी कम हो जाएगा।

# देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में जीत का श्रेय पीवी सिंधू को दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतकर इतिहास रचने वाली युवा भारतीय शटलर देविका सिहाग ने अपनी इस बड़ी सफलता का श्रेय दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के साथ लंबे समय तक किए गए अभ्यास और मशहूर कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के मार्गदर्शन को दिया है। हरियाणा की 20 वर्षीय खिलाड़ी ने इस जीत के साथ भारतीय बैडमिंटन में नया अध्याय जोड़ा है।

### सुपर 300 खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बनीं देविका

देविका सिहाग साइना नेहवाल और पीवी सिंधू के बाद सुपर 300 महिला एकल खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला शटलर बन गई हैं। इस उपलब्धि ने उन्हें भारतीय बैडमिंटन के उभरते सितारों में शामिल कर दिया है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी पहचान को और मजबूत किया है।

**सिंधू के साथ अभ्यास से मिला आत्मविश्वास–** पीटीआई वीडियो से बातचीत में देविका ने कहा कि पीवी सिंधू के साथ अभ्यास करना उनके करियर के लिए बेहद फायदेमंद रहा। उन्होंने बताया कि सिंधू के खेल को करीब से देखना और उनके अनुशासन व मेहनत से प्रेरणा लेना उनके प्रदर्शन में साफ झलकता है। पिछले कुछ महीनों से सिंधू के साथ अभ्यास करने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है।

**कोच इरवानस्याह की भूमिका को बताया अहम–** देविका ने इंडोनेशियाई कोच



इरवानस्याह आदि प्रतामा के योगदान को भी खास बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस अनुभवी कोच से उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को बेहतर ढंग से तैयार करने की सीख मिली है। हर सत्र के बाद रणनीति और सुधार पर होने वाली चर्चा उनके खेल को निखारने में मदद कर रही है।

**इन दिग्गज खिलाड़ियों से लेती हैं प्रेरणा–** देविका ने खुलासा किया कि वह चीनी ताइपे की पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी ताई त्जु यिंग और पीवी सिंधू की लंबे समय से प्रशंसक रही हैं। इसके अलावा उन्होंने एन से यंग, अकाने यामागुची और वांग झी जैसे मौजूदा दौर की शीर्ष खिलाड़ियों की फिटनेस, गति और सकारात्मक खेल शैली की भी सराहना की।

**टॉप 30 में पहुंचना अगला लक्ष्य–** भविष्य को लेकर देविका ने कहा कि इस साल उनका लक्ष्य विश्व रैंकिंग में टॉप 30 में जगह बनाना है। उन्होंने बताया कि साल की शुरुआत शानदार रही है और वह आने वाले टूर्नामेंटों को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि निरंतर अच्छा प्रदर्शन उन्हें इस लक्ष्य तक जरूर पहुंचाएगा।

## रोहित-विराट के संन्यास पर बोले धोनी-

# कोई हमें न सिखाए कि कब खेलना बंद करना है



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। लगभग आधे घंटे की बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, माफ़ कीजिए, सवाल क्या है। लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना ??है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा। उन्होंने कहा, जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था। किसी ने मुझे कुछ नहीं कहा और अब जब मैं 10 साल या 20 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं, तो किसी को आकर मेरी उम्र के बारे में बताने की जरूरत नहीं है। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी अब भी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलता है।


धोनी ने कहा कि टीम में अनुभव काफी महत्व रखता है। उन्होंने कहा, चाहे रोहित हों या विराट या अगले पांच वर्षों में उभरने वाले अन्य खिलाड़ी। वे अगला विश्व कप खेल सकते हैं या नहीं, यह तय करना हमारा काम नहीं है। यह उनका काम है। अगर वे अच्छा खेलते रहते हैं। अगर उनमें देश के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की इच्छा है, तो फिर वे क्यों नहीं खेल सकते। धोनी ने कहा, आपको अनुभवी खिलाड़ी नहीं मिल सकते। आपको 20 साल की उम्र वाला कोई अनुभवी खिलाड़ी नहीं मिल सकता, जब तक कि वह सचिन तेंदुलकर जैसा न हो। आप जानते हैं कि उस उम्र में अनुभव तभी मिलता है जब आप 16 या 17 साल की उम्र में खेलना शुरू करते हैं। धोनी ने कहा कि किसी खिलाड़ी को तब तक अनुभवी नहीं माना जा सकता जब तक कि उसने अपने करियर में लंबे समय तक दबाव का सामना न किया हो। उन्होंने कहा, अगर आप 20-25 मैचों को अनुभव कह रहे हैं, तो वे अनुभवी नहीं हैं क्योंकि खिलाड़ियों के लिए दबाव में खेलना महत्वपूर्ण होता है। मुझे वह अनुभव हासिल करने के लिए 80-85 मैच खेलने होंगे।

### समान व्यवहार करना जरूरी

भारत के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अब केवल वनडे में खेलने वाले रोहित और कोहली के भविष्य पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। धोनी ने कहा कि जो भी खिलाड़ी फिट रहकर अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, उसे उम्र की परवाह किए बिना अपनी जगह बनाए रखने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा, सभी के साथ समान व्यवहार करना जरूरी है। जो लोग अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, वे टीम में होंगे। जो लोग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन्हें वहां जगह नहीं मिलेगी। अगर कोई खिलाड़ी फिट नहीं है तो आप उसे किसी भी समय बाहर निकाल सकते हैं। अगर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो आप उसका आकलन करेंगे।

## मैच के बहिष्कार पर कपिल की दो टूक-

# पाकिस्तान खिलाड़ियों के साथ नाइंसाफी कर रहा..



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मुकाबले के बहिष्कार को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पर जोरदार हमला बोला है। कपिल का मानना है कि यह फैसला पाकिस्तान क्रिकेट के लिए बेहद नुकसानदायक साबित होगा और इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उसकी साख को गहरा झटका लगेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसले से खेल से ज्यादा राजनीति हावी नजर आती है, जो क्रिकेट के भविष्य के लिए सही नहीं है।

### 'आप अपनी ही पीढ़ी को नुकसान पहुंचा रहे हैं'

कपिल देव ने खास तौर पर पाकिस्तान की युवा पीढ़ी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ियों की इच्छा के बिना बोर्ड ऐसे फैसले लेता है, तो यह अपने ही क्रिकेटरों के साथ अन्याय है। कपिल के मुताबिक, पाकिस्तान ने दुनिया को कई बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं, लेकिन अगर उन्हें वर्ल्ड कप जैसे मंच पर खेलने से रोका गया, तो यह सीधे तौर पर खेल और खिलाड़ियों–दोनों को नुकसान पहुंचाएगा।

कपिल देव ने बातचीत में कहा, अगर यह फैसला खिलाड़ियों का होता तो वे सामने आकर बोलते। लेकिन जब बोर्ड तय करता है कि आप नहीं खेलेंगे, तो देश की छवि खराब होती है। यह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आप पूरी पीढ़ी को खत्म कर रहे हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह साफ किया कि टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेगी, लेकिन 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मैदान पर नहीं उतरेगी। यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना था। यह फैसला तब आया जब बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया।

### आईसीसी की सख्त चेतावनी

इस फैसले से आईसीसी भी खुश नहीं है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पीसीबी को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस कदम के दूरगामी और गंभीर परिणाम हो सकते हैं। आईसीसी का मानना है कि भारत–पाकिस्तान मैच सिर्फ एक मुकाबला नहीं, बल्कि पूरे टूर्नामेंट की आर्थिक और वैश्विक संरचना का अहम हिस्सा होता है।आईसीसी ने अपने बयान में कहा, यह फैसला न तो वैश्विक क्रिकेट के हित में है और न ही पाकिस्तान के प्रशंसकों के। इससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इकोसिस्टम पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत यूएसए के खिलाफ करेगा।

### पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक पुष्टि

पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट से बयान जारी कर कहा गया, पाकिस्तान सरकार ने टीम को आईसीसी वर्ल्ड टी-20 2026 में भाग लेने की अनुमति दी है, लेकिन 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ होने वाले मैच में टीम मैदान पर नहीं उतरेगी।

# विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में आज आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स की खिताबी जंग

**वडोदरा (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का खिताब मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। लीग के पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहकर




आरसीबी ने सीधे फाइनल में एंट्री मारी थी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रही गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच एलिमिनेटर खेला गया। इसमें जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ने 7 विकेट से जीत हासिल करके फाइनल का टिकट कटाया। दिल्ली की टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है तो आरसीबी का दूसरा खिताबी मुकाबला होगा। स्मृति मंधाना आरसीबी की कप्तान हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2026 का खिताबी मुकाबला 5 फरवरी को खेला जाएगा। यह मैच वडोदरा के बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पर होना है। मैच की शुरुआत भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर होगी। इसके लिए टॉस 7 बजे होगा। दिल्ली अभी तक एक बार भी लीग को नहीं जीत पाई है। आरसीबी ने दिल्ली को ही हराकर 2024 सीजन अपने नाम किया था।

### आरसीबी को हरा चुकी दिल्ली

इस सीजन आरसीबी ने दमदार खेल दिखाया है। लीग राउंड में टीम ने लगातार 5 मैच जीतकर प्लेऑफ में एंट्री मारी थी। दिल्ली कैपिटल्स ही वह टीम थी जिसने आरसीबी को विजयी रथ को रोका था। सीजन के 15वें मैच में दिल्ली ने आरसीबी को 7 विकेट से मात दी थी। वह मुकाबला भी वडोदरा में ही खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अभी तक 9 मुकाबले हुए हैं। इसमें दिल्ली ने 6 जीते हैं जबकि आरसीबी के खाते में तीन मैच आए हैं।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु–** ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना (कप्तान), जॉर्जिया वोल, गौतमी नाइक, ऋचा घोष (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, सयाली सतघरे, लॉरेन बेल, प्रथ्योषा कुमार, अरुंधति रेड्डी, दयालन हेमलता, पूजा वस्त्राकर, लिन्से स्मिथ।

**दिल्ली कैपिटल्स–** शैफाली वर्मा, लिजेल ली (विकेटकीपर), लौरा वोल्वार्ड्ट, जेमिमाह रोड्रिग्स (कप्तान), मारिज़ैन कप्प, निकी प्रसाद, स्नेह राणा, लुसी हैमिल्टन, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, मिन्नू मणि, तानिया भाटिया, अलाना किंग, चिनेले हेनरी, प्रगति सिंह, एडडला स्रुजाना।

# भारत में नहीं दिखेंगे पीएसएल के मैच

### पाक ने टी20 वर्ल्ड कप विवाद के बीच रोके मीडिया राइट्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया के खिलाफ मैच बॉयकॉट करने के बाद एक और भारत विरोधी कदम उठाया है। पीसीबी ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 ( पीएसएल 2026 ) के 11वें सीजन के मैचों का भारत में प्रसारण करने पर रोक लगा दी है। पीसीबी ने पीसएल11 के मैचों के इंटरनेशनल ब्रॉडकास्ट राइट्स बेचते हुए यह कदम उठाया है। हालांकि इससे उल्टा



पाकिस्तान को ही नुकसान होने की संभावना मानी जा रही है, क्योंकि क्रिकेट मैचों में विज्ञापन देने वाली अधिकतर कंपनियां भारतीय हैं और भारत में करीब 140 करोड़ की आबादी में से 80 फीसदी क्रिकेट मैचों का बड़ा दर्शक वर्ग है।

**पाकिस्तानी कंपनी ने ही खरीदे हैं अधिकार–** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल 11 के ग्लोबल मीडिया राइट्स के लिए बोली मांगी थी, जिसमें वली टेक्नोलॉजीज सबसे बड़ी बोलीदाता के तौर पर सामने आई है। पीसीबी ने भारत में प्रसारण के अधिकार छोड़कर बाकी सभी जगह के राइट्स वली टेकनोलॉजीज को एक साल के लिए दिए हैं। वली टेक्नोलॉजीज खुद को 'मेड इन पाकिस्तान' टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने वाली कंपनी होने का दावा करती है।

### पिछली बार से 149 प्रतिशत ज्यादा महंगी कीमत का दावा

पीएसएल के सीईओ सलमान नासिर ने कहा, वली टेक्नोलॉजीज ने पिछले साल के मुकाबले 149 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर ग्लोबल मीडिया राइट्स खरीदे हैं, जो पीएसएल की बढ़ती ब्रांड वैल्यू और इंटरनेशनल डिमांड को दिखा रहे हैं। हम नया बेंचमार्क तय करने के लिए वली टेक्नोलॉजीज के आभारी हैं।

# क्रिकेट के 73 नियम बदले 1 अक्टूबर से लागू होंगे

### ● टेस्ट में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरा तो नया बैटर आएगा, लेमिनेटेड बैट को मंजूरी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट के 73 नियम बदल दिए हैं। इनमें टेस्ट मैच में दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने पर पूरा ओवर खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। डेड बॉल, ओवरथ्रो, बाउंड्री पर लिए जाने वाले कैच, विकेटकीपर की पोजीशन जैसे कई नियम बदले गए हैं। लेमिनेटेड बैट को सशर्त मंजूरी दी गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगे। 2022 के बाद नियमों में यह सबसे बड़ा अपडेट है।

### बदले गए मुख्य नियम

**1. टेस्ट मैच में दिन का आखिरी ओवर का नियम बदला–** क्रिकेट नियम बनाने वाले मेरिलबोन क्रिकेट क्लब



(एमसीसी) ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि टेस्ट मैचों में दिन का आखिरी ओवर अब हर हाल में पूरा कराया जाएगा। ऐसा न होने से खेल का रोमांच कम हो जाता है। एमसीसी ने कहा, 'यह अनुचित माना गया कि अगर दिन के अंतिम ओवर में गेंदबाजी कर रही टीम विकेट लेती है, तो बल्लेबाजी टीम को नया बल्लेबाज भेजने की जरूरत नहीं पड़ती।' वहीं यह भी बयान में कहा गया कि, इससे समय की बचत भी नहीं होती, क्योंकि बची हुई गेंदें अगले दिन पूरी करनी ही पड़ती हैं। साथ ही इससे खेल का रोमांच कम हो जाता है। नया बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों से बच जाता है। क्योंकि आमतौर पर उस समय गेंदबाजों के लिए हालात अनुकूल होते हैं। नए नियम के तहत अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो अंतिम पूरा किया जाएगा, भले ही उस दौरान विकेट गिर जाए।

**ओवरथ्रो और 'डेड बॉल' की नई परिभाषा–** एमसीसी ने ओवरथ्रो और मिसफील्ड के बीच के अंतर को स्पष्ट कर दिया है।

### हिट विकेट के नियम को और साफ किया गया

हिट विकेट में कन्फ्यूजन को दूर किया गया है। अब यह समझने में कोई दिक्कत नहीं रहेगी कि बल्लेबाज कब हिट विकेट आउट माना जाएगा और कब नहीं।

● **बैलेंस बिगड़ना-** अगर बल्लेबाज शॉट खेलने के बाद लड़खड़ाता है और संतुलन बनाते–बनाते खुद स्टंप्स पर गिर जाता है, तो वह आउट होगा। इससे फर्क नहीं पड़ेगा कि गेंद उस समय कितनी दूर जा चुकी है।

● **फील्डर से टक्कर–** अगर बल्लेबाज का किसी फील्डर से टकराव हो जाता है और उसी वजह से वह स्टंप्स पर गिरता है, तो उसे हिट विकेट आउट नहीं दिया जाएगा।

● **बल्ला छूटना–** अगर बल्लेबाज के हाथ से बल्ला छूटकर सीधे स्टंप्स पर लग जाता है, तो वह आउट माना जाएगा। लेकिन अगर बल्ला पहले विकेटकीपर या किसी फील्डर को छूता है और फिर स्टंप्स से टकराता है, तो बल्लेबाज नॉट आउट रहेगा। एमसीसी ने साफ किया है कि अगर बल्लेबाज गेंद खेलने के बाद संतुलन बनाने की कोशिश में लड़खड़ाकर स्टंप्स पर गिर जाता है, तो उसे हिट विकेट आउट माना जाएगा, चाहे गेंद उस समय काफी दूर जा चुकी हो।

बॉल और बैट के लिए तय हुए मानक

एमसीसी ने मौजूदा और पूर्व महिला खिलाड़ियों से सलाह लेकर जूनियर और महिला क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंदों के लिए नए नियम बनाए हैं। अब गेंदों को तीन साइज में बांटा गया है। साइज–1, साइज–2 और साइज–3।

# हार के बावजूद सबालेंका टॉप पर कायम, जोकोविच तीसरे नंबर पर पहुंचे

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के बाद जारी हुई नई टेनिस रैंकिंग में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। पुरुष और महिला–दोनों वर्गों में फाइनल हार के बावजूद कुछ दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखी है, जबकि कुछ सितारों ने लंबी छलांग लगाई है।

### अल्काराज़ नंबर–1, जोकोविच की टॉप–3 में वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में कार्लोस अल्काराज़ से हारने के बावजूद 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को रैंकिंग में फायदा मिला है। जोकोविच एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज अगस्त 2024 के बाद पहली बार टॉप-3 में लौटे हैं।वहीं, ऑस्ट्रेलियन ओपन के विजेता कार्लोस अल्काराज़ ने शानदार प्रदर्शन के दम पर एटीपी नंबर-1 रैंकिंग बरकरार रखी है। दूसरे नंबर पर मौजूद यानिक सिनर को पीछे छोड़ते हुए अल्काराज़ शीर्ष पर कायम हैं। गौर है कि जोकोविच ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सिनर को हराया था।

### डब्ल्यूटीए रैंकिंग– फाइनल हार के बाद भी सबालेंका नंबर–1

महिला वर्ग में एरीना सबालेंका को ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में एलेना रयबाकिना से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद वह डब्ल्यूटीए नंबर-1 रैंकिंग पर बनी हुई हैं। रयबाकिना दो स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर बरकरार हैं।

### अमेरिकी खिलाड़ियों का दबदबा

डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान तक अमेरिकी खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। इनमें शामिल हैं:- अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ, जेसिका पेगुला।

### स्वितोलिना की टॉप–10 में वापसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में हार झेलने वाली एलेना स्वितोलिना को भी रैंकिंग में फायदा मिला है। वह दो पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## न्यूज बाइट्स

### उदयकांत को मिला डाक्टरेट की मानद उपाधि

**गोड्डा (नि. सं.)।** सेवा निवृत्त शिक्षक उदयकांत सिंह को पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ मथुरा (उप्र) द्वारा दिल्ली में आयोजित शिविर में विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डा. इन्दुभूषण मिश्र, पूर्व कुलपति पद्मश्री डा. अरविंद कुमार, रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी की डा. ऋतु दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। इसके पूर्व उदयकांत सिंह को शिक्षा एवं समाज में बहुमूल्य योगदान के लिए वर्ष 2015 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनको मानद उपाधि से सम्मानित करने पर स्थानीय शिक्षाविदों में खुशी की लहर है। उपाधि ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि विद्या वाचस्पति की मानद सम्मान मिलना गौरव की बात है।यह सम्मान अपने स्मृतिशेष माता-पिता एवं एकलौते पुत्र आकाशदीप को समर्पित है।

### सुंदरपहाड़ी एकलव्य मॉडल बालिका विद्यालय में विधिक साक्षरता कार्यक्रम

**सुंदरपहाड़ी (गोड्डा) (नि. सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को प्रखंड अंतर्गत तसरिया स्थित एकलब्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं को कानूनी जानकारी दी गई एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया गया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल एलएडीसी अजीत कुमार, आयूष राज, अधिकार मित्र सह पीएलवी नवीन कुमार, धनंजय कुमार, चुनका मरांडी, मंजूरी बीबी, राकेश कुमार आदि ने विविध जानकारी दी। एलएडीसी अजीत कुमार ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 से महिलाओं की सुरक्षा पर प्रकाश डाला। कहा कि किसी कार्य, चूक, कृत्य या आचरण को घरेलू हिंसा माना जाएगा। इसके तहत व्यक्ति के स्वास्थ्य, सुरक्षा, जिंदगी, अंग मानसिक या शारीरिक रूप से प्रताड़ना, शारीरिक शोषण, यौन शोषण, मौखिक व भावनात्मक शोषण व आर्थिक शोषण, दहेज या गैर कानूनी मांग की पूर्ति हेतु उत्पीड़न का शिकार होना शामिल है।

### केंद्राधीक्षक के औचक निरीक्षण से केमिस्ट्री प्रैक्टिकल परीक्षा में दिखी व्यवस्था की मजबूती

**दुमका (नि. सं.)।** संताल परगना महाविद्यालय में आयोजित यूजी सेमेस्टर 3 सत्र 2023-27 की केमिस्ट्री प्रैक्टिकल परीक्षा 2024 के दौरान केंद्राधीक्षक डॉ के पी यादव ने बुधवार को परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की पारदर्शिता, अनुशासन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को सुनिश्चित करना था। केंद्राधीक्षक ने प्रयोगशाला में उपलब्ध संसाधनों, प्रयोगात्मक व्यवस्थाओं तथा परीक्षार्थियों की गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने प्रयोगशाला की साफ-सफाई, उपकरणों की स्थिति, रसायनों की उपलब्धता एवं सुरक्षा मानकों की जांच की। यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक कांच उपकरण, बर्नर, बीकर, फ्लास्क एवं अन्य संसाधन सही अवस्था में उपलब्ध हों ताकि छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई।

# लाइट इंडिया प्रोजेक्ट से बढ़ रहा रोजगार और कमाई का दायरा

## हजारों युवाओं को ट्रेनिंग लाखों घरों तक पहुंचेगी रोशनी

निज संवाददाता | गोड्डा



देश भर में बिजली पहुंचाने के मिशन को नई गति देते हुए अदाणी समूह ने रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में एक और अहम पहल शुरू की है। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशन लिमिटेड ने अब सिर्फ बिजली ढांचा खड़ा करने तक खुद को सीमित नहीं रखा है, बल्कि इस क्षेत्र में काम करने वाले जरूरी मैनपावर को प्रशिक्षित करने की दिशा में भी कदम बढ़ाया है। इस उद्देश्य से शुरू की गई विशेष पहल को नाम दिया गया है 'लाइट इंडिया प्रोजेक्ट', जिसका मकसद देश में रोशनी फैलाने के साथ-साथ युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें आजीविका से जोड़ना है। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम झारखंड के गोड्डा में अदाणी पावर प्रोजेक्ट के पास शुरू किया गया है, जहां देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं को पावर ट्रांसमिशन से जुड़े अहम कार्यों की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जा रही है। देश में बिजली वितरण और ट्रांसमिशन से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में बीते कुछ वर्षों में तेज़ी आई है।

हाई टेंशन लाइनें बिछाने और टावर खड़े करने का काम तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसके मुकाबले प्रशिक्षित मैनपावर की संख्या बेहद कम है। टावर निर्माण जैसे जोखिम भरे और तकनीकी कार्य के लिए विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो फिलहाल सीमित लोगों के पास ही उपलब्ध है। जानकारों के अनुसार इस काम में देशभर में अभी लगभग 18 से 20 हजार लोग लगे हुए हैं, जो करीब 600 से 650 'गैंग' में काम करते हैं। जबकि मौजूदा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए इसकी लगभग दोगुनी संख्या की जरूरत है। मैनपावर की कमी के कारण कई पावर प्रोजेक्ट तय समय से पीछे चल रहे हैं। पावर ट्रांसमिशन टावर लगाने का कार्य 'गैंग' सिस्टम पर आधारित होता है। एक गैंग में आमतौर पर 30 से 35 लोग शामिल होते हैं। ये गैंग एक प्रोजेक्ट से दूसरे प्रोजेक्ट तक लगातार काम करते रहते हैं। टावर निर्माण का काम खेतों, जंगलों, नदियों, नालों, पहाड़ी इलाकों और राजमार्गों से होकर गुजरता है, जहां ऊंचाई पर काम करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। इस कार्य में लगे करीब 90 प्रतिशत से अधिक श्रमिक पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड से आते हैं। अब तक यह काम पारंपरिक तरीके से वरिष्ठ कारीगरों के साथ काम करते हुए सीखा जाता रहा है, इसी कारण अक्सर एक ही गांव या परिवार के कई लोग एक साथ एक गैंग में काम करते हैं।

लाइट इंडिया प्रोजेक्ट के तहत युवाओं को तीन महीने की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। इस दौरान उन्हें 40 से 70 मीटर, और कई बार इससे भी अधिक ऊंचाई पर टावर असेंबल और डिसअसेंबल करने की पूरी जानकारी दी जाती है।

# पिता की बीमारी से टूटे युवक ने किया आत्मघाती प्रयास, हालत नाजुक

**लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारने के बाद हायर सेंटर रेफर, दुर्गापुर में चल रहा इलाज**

निज संवाददाता | दुमका




नगर थाना क्षेत्र के जिला रोड निवासी लल्लू सिंह के 18 वर्षीय पुत्र देव सिंह ने बुधवार की अहले सुबह करीब चार बजे आत्मघाती प्रयास किया। देव ने पिता के लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद परिजन और आसपास के लोग घबराकर मौके पर पहुंचे।

गोली लगने से देव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। जांच में उसकी हालत अत्यंत गंभीर पाई गई, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे लेकर दुर्गापुर के हेल्थ वर्ल्ड अस्पताल पहुंचे, जहां वह फिलहाल जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। परिजनों के अनुसार देव के इस कदम के पीछे पिता की लंबे समय से चली आ रही बीमारी कारण बताई जा रही है। लल्लू सिंह पहले ठेकेदारी का काम करते थे, लेकिन काफी समय से बीमार चल रहे हैं। तीन दिन पहले ही वे इलाज कराकर बंगलुरू से लौटे थे।

उनकी तबीयत इतनी खराब है कि वे चलने-फिरने में भी असमर्थ हो गए हैं। दो बहनों के बाद सबसे छोटा बेटा देव पिता की इस हालत से मानसिक रूप से काफी परेशान रहता था। वह इंटर की पढ़ाई पूरी कर चुका था और पिता की बीमारी को लेकर लगातार चिंतित रहता था। घटना के समय गोली की आवाज सुनकर घर के लोग कमरे की ओर दौड़े, जहां देव घायल अवस्था में पड़ा मिला। शोरगुल सुनकर पास-पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल में इलाज के दौरान चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर बताते हुए तत्काल रेफर कर दिया। मामले को लेकर नगर थाना पुलिस जांच में जुटी है। नगर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच का प्रयास किया, लेकिन पिता की हालत ऐसी नहीं है कि वे बयान दे सकें। परिवार के अन्य सदस्य देव के इलाज के लिए दुर्गापुर में हैं।

# नगर पालिका चुनाव 2026: दुमका और बासुकीनाथ में नामांकन की गहमागहमी

## अध्यक्ष पद के लिए दिग्गजों ने भरे पर्चे





निज संवाददाता | दुमका



नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिले के नगर परिषद दुमका और नगर पंचायत बासुकीनाथ में 29 जनवरी से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। नगर परिषद दुमका में आज अध्यक्ष पद के लिए तीन मुख्य उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। इसमें प्रमोद प्रसाद जायसवाल, रवि शंकर मंडल और तड़ित कुमार गोराई शामिल हैं। नामांकन के दौरान प्रशासनिक केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखे गए।

दूसरी ओर, बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में भी चुनावी हलचल बढ़ गई है। यहाँ अध्यक्ष पद के लिए महिला प्रत्याशियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज वनलता देवी और सुषमा देवी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी रण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 29 जनवरी से शुरू हुई यह प्रक्रिया लगातार जारी है, जिससे क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ने की उम्मीद है।

# हॉस्टल से स्कूल निकले चार छात्र लापता जमुई स्टेशन से सुरक्षित बरामद

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के तीन छात्र और किड्स प्ले स्कूल का एक छात्र अचानक लापता हो गए। चारों बच्चे लालदेव यादव द्वारा संचालित एक किराए के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। मंगलवार सुबह सभी छात्र रोज की तरह हॉस्टल से स्कूल जाने के लिए निकले थे,

लेकिन वे न तो स्कूल पहुंचे और न ही शाम तक हॉस्टल लौटे। बच्चों के देर शाम तक वापस नहीं आने पर स्कूल प्रबंधन और हॉस्टल संचालक की चिंता बढ़ गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो पोड़ैयाहाट थाना को इसकी सूचना दी गई।

### लापता बच्चों से मचा हड़कंप, अभिभावक हुए परेशान

छोटे-छोटे बच्चों के अचानक गायब होने की खबर फैलते ही अभिभावकों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। आशंका जताई जाने लगी कि कहीं बच्चे किसी अनहोनी का शिकार न हो गए हों। स्कूल परिसर और हॉस्टल के आसपास लोगों की भीड़ जुट गई।

### जमुई रेलवे स्टेशन से मिले चारों छात्र सुरक्षित

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पोड़ैयाहाट के प्रभारी प्रधानाचार्य नारायण प्रसाद यादव ने बताया कि लापता छात्रों में आलोक कुमार (कक्षा 5), विवेक कुमार (कक्षा 3), आयुष कुमार (कक्षा 2) और किड्स प्ले स्कूल में पढ़ने वाला अनूप कुमार शामिल है। सभी बच्चे रामगढ़ थाना क्षेत्र के छोटी रणबहियार गांव के निवासी हैं। पुलिस जांच के दौरान सूचना मिली कि चारों बच्चों को जमुई रेलवे स्टेशन पर देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जमुई स्टेशन पर संपर्क साधा और बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया। बच्चों के पूरी तरह सुरक्षित मिलने के बाद स्कूल प्रबंधन और परिजनों ने राहत की सांस ली।

### पुलिस, शिक्षक और प्रबंधन की संयुक्त तलाश

थानाध्यक्ष महावीर पंडित ने बताया कि शाम को बच्चों के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई थी। स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक और पुलिसकर्मी मिलकर बच्चों की तलाश में जुटे रहे। आसपास के इलाकों, बस स्टैंड और संभावित स्थानों पर लगातार पूछताछ की गई। इसी क्रम में जमुई रेलवे स्टेशन की सूचना मिली, जो जांच में अहम साबित हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि यह पता लगाया जा रहा है कि बच्चे पोड़ैयाहाट से जमुई तक कैसे पहुंचे और उनका वहां जाने का उद्देश्य क्या था।

# रानीश्वर के परीक्षा केंद्रों पर पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट का औचक निरीक्षण

## मोबाइल मिलने पर वीक्षक पर कार्रवाई



निज संवाददाता | दुमका

प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार को रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमीरदाहा तथा +2 हाई स्कूल रघुनाथपुर में संचालित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमीरदाहा के परीक्षा कक्ष संख्या-01 में गंभीर लापरवाही सामने आई, जहाँ ड्यूटी पर तैनात वीक्षक राजेश रंजन के पास मोबाइल फोन पाया गया। विभागीय निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट ने मोबाइल को तत्काल जब्त कर केन्द्राधीक्षक को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए तथा संबंधित वीक्षक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि उपायुक्त द्वारा पूर्व में ही स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि केन्द्राधीक्षक एवं मजिस्ट्रेट को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा केंद्र पर मोबाइल रखने की अनुमति नहीं है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इसके पश्चात मजिस्ट्रेट ने +2 हाई स्कूल रघुनाथपुर का भी निरीक्षण किया, जहाँ परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संचालित होती पाई गई, हालांकि तीन छात्र अनुपस्थित रहे। रानीश्वर प्रखंड में इस वर्ष वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के लिए कुल तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर प्रशासन की कड़ी निगरानी बनी हुई है।

# शिकारीपाड़ा महाविद्यालय गेट के समीप छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन

■ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिकारीपाड़ा इकाई के नगर मंत्री सूरज कुमार के नेतृत्व में किया धरना प्रदर्शन

निज संवाददाता | दुमका



आज बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिकारीपाड़ा के नगर मंत्री सूरज कुमार के नेतृत्व में शिकारीपाड़ा महाविद्यालय गेट के पास धरना प्रदर्शन किया गया सूरज कुमार ने कहा शिकारीपाड़ा महाविद्यालय परीक्षा केंद्र बदलकर डिग्री कॉलेज शिकारीपाड़ा (सरसाजोल) कर दिया गया है सरसाजोल प्रखंड मुख्यालय से जो लगभग 18 किलोमीटर दूर है जिस कारण छात्र छात्राएं एवं अभिभावक सभी परेशान हो चुके हैं क्योंकि सरसाजोल जाने के लिए नियमित रूप से ऑटो टोटो नहीं चलती है न कॉलेज टाइम में कोई बस चलती है ना उस रुट पे कोई बस उपलब्ध है सरसासोल जाने के लिए निजी ऑटो टोटो को किराए पर लेकर जाना पड़ेगा जो सभी छात्राओं में अभिभावकों को काफी मंगहा पड़ेगा है आर्थिक नुक़सान उठाना पड़ेगा छात्र छात्राओं सुरक्षा का दृष्टिकोण से शिकारीपाड़ा में सेंटर हटाना उचित नहीं है क्योंकि पुलिस सुरक्षा शिकारीपाड़ा में मौजूद हैअगर किसी छात्र की तबीयत खराब होती है मेडिकल इमरजेंसी के लिए डिग्री कॉलेज शिकारीपाड़ा (सरसाजोल) आसपास पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं है दर्जनों की संख्या में में गर्भवती महिला अपनी परीक्षा दे रही है।

केंद्र बदलने से गर्भवती महिलाओं को दिक्कत को सामना करना पड़ सकता है केंद्र बदलने के लिए शिकारीपाड़ा प्रखंड प्रशासन एवं शिकारीपाड़ा महाविद्यालय प्रशासन किसी प्रकार का सलाह मशविरा नहीं लिया गया एग्जाम सेंटर बदल दिया गया जिस कारण छात्र छात्राएं एवं अभिभावक काफी आक्रोश में है छात्र-छात्राओं में अभिभावकों का कहना है हमारा एग्जाम सेंटर वापस किया जाए नहीं तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे शिकारीपाड़ा महाविद्यालय तालाबंदी करने के लिए बाध्य होंगे एग्जाम सेंटर के लिए पुनर्विचार किया जाए इस धरना प्रदर्शन में अनिमेष पाल, भोला रजक, शीतल कुमारी, पूनम पाल, डोना चंद्र, मोनिका टुडू, प्रियंका मरांडी, नाच खातून, प्रियदर्शी कुमार सिंह, अभिजीत बाउरी, अभिषेक बास्की, संतोषी मुर्मू, सुनीता सोरेन, प्रीति कुमारी, रिया गुप्ता, प्रशांत पाल, आशा हंसदा साथी ही छात्र नेता शिवम कुमार भगत, विकास भगत, देवदास नायक, प्रशांत पाल इत्यादि सैकड़ो उपस्थित थे।

# एसडीओ ने बसंतराय प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



निज संवाददाता | गोड्डा

झारखंड अधिविद् परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के सुचारु, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा द्वारा गोड्डा जिले के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केंद्रों यथाः- एमएके आजाद डिग्री कॉलेज बसंतराय, एमएके आजाद इंटर कॉलेज बसंतराय, एमएस बसंतराय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विद्यालयों में स्थापित परीक्षा कक्षों, केंद्राधीक्षकों के कक्ष, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था, उत्तर पुस्तिकाओं के संधारण, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस बल एवं शिक्षकों से परीक्षा संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की।

अनुमंडल पदाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा परिषद द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए और अनुशासित एवं भयमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों से भी संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें।

# एसआरटी कॉलेज धमड़ी में शांतिपूर्ण माहौल में हो रही हैं मैट्रिक इंटर की परीक्षाएं

निज संवाददाता | मेहरमा (गोड्डा)



प्रखंड अंतर्गत एसआरटी कॉलेज धमरी स्थित परीक्षा केंद्र में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं पूरी शांति, अनुशासन और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही हैं। परीक्षा केंद्र का वातावरण पूरी तरह शांत एवं सौहार्दपूर्ण बना हुआ है, जिससे परीक्षार्थी बिना किसी दबाव के एकाग्रता के साथ परीक्षा दे रहे हैं। वहीं परीक्षा केंद्र अधीक्षक संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र पर कुल छह विद्यालयों के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। प्रशासन एवं परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा और सजगता के साथ निर्वहन कर रहे हैं, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि आज आयोजित मैट्रिक परीक्षा में कुल 456 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 453 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जो विद्यार्थियों की गंभीरता और अनुशासन को दर्शाता है।

केवल तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराई गई। हाई स्कूल परीक्षा के लिए केंद्र कोड 45040 निर्धारित किया गया है। इस केंद्र के अंतर्गत तीन विद्यालयों- यूएचएस, मेहरामा कन्या, यूएचएस, इटहरी तथा यूएचएस, सुखारी के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए केंद्र कोड 0652 निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत प्लस टू खरखोदिया, प्लस टू बुद्धासन एवं प्लस टू पहाड़पुर दिग्घी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी गई है। प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा कक्ष तक कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। केंद्र अधीक्षक ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। समग्र रूप से देखा जाए तो एसआरटी कॉलेज, धमरी स्थित परीक्षा केंद्र पर परीक्षाएं शांत, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में संचालित हो रही हैं, जिससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में संतोष और विश्वास का भाव बना हुआ है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विश्व कैंसर दिवस पर सिनी संस्था के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | दुमका



कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोपीकांदर में सिनी संस्था के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना एवं इसके रोकथाम के उपायों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम का संचालन सिनी संस्था के सुपरवाइजर इरशाद अंसारी एवं सीएचसी गोपीकांदर के लैब टेक्नीशियन अबुल बशर अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को विश्व कैंसर दिवस के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, मुख कैंसर एवं रक्त कैंसर आदि के लक्षण, कारण, पहचान एवं रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि समय पर जांच और सही जानकारी से कैंसर से बचाव संभव है। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी गोपीकांदर के लैब टेक्नीशियन अबुल बशर अंसारी ने छात्राओं को एच०पी०वी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीनेशन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एच०पी०वी वायरस विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और समय पर एच०पी०वी वैक्सीन लगवाने से इस जानलेवा बीमारी से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित है और किशोरियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। विद्यालय की वार्डन ज्ञान प्रभा जी ने सिनी संस्था एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के स्वास्थ्य एवं भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक मो० महबूब आलम, सिनी संस्था की मोबिलाइजर सुलेखा परवीन, बालिका हेंब्रम सहित सैकड़ों छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।